सूर्योदय 6:12 सूर्यास्त 6:10

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 14.8 न्यू | 22.4 अधि |
| धर्मशाला | 17.9 न्यू | 28.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 85571.85 |
| निफ्टी | 26178.95 |
| सोना 77,815 | चांदी 96,000 |

# अनंत ज्ञान

www.anantgyaan.in




चोट अब ठीक है, अगला बड़ा लक्ष्य 2025 विश्व चैंपियनशिप: नीरज चोपड़ा

पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | शनिवार, 28 सितंबर 2024 | 13 अश्विन, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 282, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### शिगेरू इशिबा होंगे जापान के नए पीएम



**नई दिल्ली।** जापान में रक्षा मंत्री रह चुके शिगेरू इशिबा अब देश के नए प्रधानमंत्री होंगे। उन्होंने लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) के चुनाव में जीत दर्ज की। वह एक अक्तूबर को संसद सत्र की शुरुआत के साथ पद संभालेंगे।

### केंद्र ने आधार-पैन डाटा दिखा रही वेबसाइट्स कीं ब्लॉक





**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने एक बड़ा फैसला लेते हुए भारतीय नागरिकों के आधार और पैन कार्ड डिटेल समेत संवेदनशील व्यक्तिगत पहचान-योग्य जानकारी को उजागर करने वाली कुछ वेबसाइट को ब्लॉक कर दिया है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तहत संचालित भारतीय कंप्यूटर आपातकालीन प्रतिक्रिया दल (सीईआरटी-इन) ने इन वेबसाइट में सुरक्षा खामियां पाई थीं। उसके बाद सरकार ने इन वेबसाइट को ब्लॉक करने का कदम उठाया है।

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- धर्माणी ने दाड़ी में किया आंगनबाड़ी केंद्र का उद्घाटन पेज 2
- विक्ट्री टनल के साथ पुल के निर्माण कार्य को जल्द मिलेगी स्वीकृति -पेज 3
- तेज बारिश से एक कच्चा मकान और तीन गोशालाएं क्षतिग्रस्त -पेज 6
- 9 महीनों में पंजीकृत हुए 5,239 प्रवासी श्रमिक -पेज 12
- दीपावली-छठ के लिए चलेंगी 10 हजार से ज्यादा स्पेशल ट्रेनें -पेज 13


# नगरोटा बगवां में शिवलिंग उखाड़कर नाले में फेंका, हिंदू संगठनों का प्रदर्शन

## मुस्लिम समुदाय से मकान व दुकान खाली करवाने को अड़े रहे लोग, पुलिस ने किए शांत

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

नगरोटा बगवां के गांधी ग्राउंड के साथ लगते एक मंदिर में स्थापित शिवलिंग को किसी अज्ञात व्यक्ति ने उखाड़कर नाले में फेंक दिया। घटना को शुक्रवार तड़के अंजाम दिया गया। सुबह जब लोग शिवलिंग पर जल चढ़ाने आए तो वे हैरान रह गए। खोजबीन करने पर पता चला कि शिवलिंग नाले में पड़ा था। जैसे ही इस घटना का लोगों को पता चला तो खबर आग की तरह फैल गई। इसके बाद हिंदू संगठनों ने एकत्रित होकर गांधी ग्राउंड में जोरदार प्रदर्शन किया।

हिंदू भावनाओं को ठेस पहुंचने की इस घटना को लेकर लोगों में भारी रोष देखा गया। उन्होंने विरोध स्वरूप नारेबाजी की और मुस्लिम समुदाय के लोगों के मकान व दुकान खाली करवाने पर अड़े रहे। हालांकि, पुलिस ने बड़ी समझदारी से प्रदर्शनकारियों को शांत किया। इस दौरान नगरोटा बाजार भी बंद रहा। डीएसपी कांगड़ा अंकित शर्मा और मौके पर तैनात एसडीएम मुनीश शर्मा की शांतिपूर्वक अपील को मानते हुए लोगों ने नारेबाजी बंद की और लोग श्री हनुमान चालीसा का पाठ करने लगे। इस बीच धर्मशाला से पहुंची एसपी शालिनी अग्निहोत्री ने स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने इस घटना पर कहा कि शीघ्र ही अज्ञात व्यक्ति को पुलिस ढूंढ लेगी।





नगरोटा बगवां में मंदिर से उखाड़ा गया शिवलिंग तथा (दाएं) प्रदर्शनकारियों को शांत करते विधायक आरएस बाली व एसपी।

### बख्शे नहीं जाएंगे दोषी : आरएस बाली

**नगरोटा** बगवां के विधायक एवं पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष आरएस बाली भी घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाओं से समाज को गहरा दुख होता है। उन्होंने पुलिस से इस घटना को अंजाम देने वाले लोगों को जल्द पकड़ने के लिए कहा। उन्होंने कहा बाजार के सीसीटीवी खंगाले जा रहे हैं, जो भी दोषी होंगे, बख्शे नहीं जाएंगे। साथ ही कहा कि लोगों के सहयोग से मंदिर में शिवलिंग पुनः स्थापित किया जाएगा।

### जल्द गिरफ्त में होंगे आरोपी : एसपी

**नगरोटा** बगवां में हिंदू संगठनों द्वारा किए गए शांतिपूर्वक जुलूस को देखते हुए एसपी कांगड़ा शालिनी अग्निहोत्री ने पुलिस बल की 4 बटालियन की तैनाती कर रखी थीं। डीएसपी कांगड़ा अंकित शर्मा ने बताया कि शिवलिंग की मूर्ति तोड़ने वाले अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ 298 धारा के तहत मामला दर्ज कर लिया है और छानबीन जारी है। आरोपी जल्दी पकड़े जाएंगे।

# हिमाचल में जल क्रीड़ा गतिविधियों को दिया जा रहा व्यापक प्रोत्साहन : मुख्यमंत्री

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शुक्रवार को कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में जल क्रीड़ा गतिविधियों को बहुआयामी तरीके से विस्तार प्रदान कर रही है। इस अभिनव पहल का उद्देश्य राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देना और राज्य के जल संसाधनों का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करना है। जल क्रीड़ा आधारित गतिविधियों को प्रोत्साहन प्रदान करने के सरकार के इस प्रयास से हिमाचल प्रदेश देशी-विदेशी पर्यटकों की पहली पसंद बनकर उभरेगा।



उन्होंने कहा कि जिला बिलासपुर में इस वर्ष अक्तूबर के अंत तक पर्यटकों को क्रूज की सुविधा उपलब्ध करवाने के दृष्टिगत गोबिंदसागर झील में क्रूज चलाने का ट्रायल आरंभ कर दिया गया है। सुविधा संपन्न पर्यटकों को बेहतर हवाई सेवाएं सुनिश्चित करने के उद्देश्य से राज्य सरकार बिलासपुर से मनाली या कुल्लू तक हेलि टैक्सी सेवा शुरू करने पर भी विचार कर रही है।

**प्रदेश सरकार पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रयासरत**

जिला ऊना के अंदरौली में गोबिंदसागर झील में जल क्रीड़ा गतिविधियां भी शुरू होने वाली हैं, जिसके लिए निविदाएं आमंत्रित की गई हैं। इस वर्ष के अंत तक जल क्रीड़ा गतिविधियों, पैराग्लाइडिंग और अन्य संबद्ध गतिविधियों सहित साहसिक खेलों को शुरू करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए शीघ्र ही अंदरौली में गोबिंदसागर झील कार्निवाल का आयोजन किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जिला कांगड़ा के पौंग बांध में भी साहसिक खेल गतिविधियां शुरू करने के प्रयास किए जा रहे हैं। इस दिशा में फतेहपुर विधानसभा क्षेत्र के मतियाल और जसवां-परागपुर विधानसभा क्षेत्र के नंगल चौक क्षेत्र में पौंग बांध में जल क्रीड़ा गतिविधियां शुरू करने की अनुमति मिल गई है। पर्यटन विभाग जून, 2025 तक शिकारा, क्रूज फ्लोटिंग रेस्तरां, हाउस बोट तथा अन्य जल आधारित खेल गतिविधियों का संचालन शुरू करने की योजना बना रहा है।

# रियासी बस अटैक मामले में एनआईए ने 7 जगह मारे छापे

**एजेंसी, जम्मू**



जम्मू के रियासी बस अटैक मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) 7 जगहों पर छापेमारी कर रही है। एजेंसी की जांच में हमले में लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) संगठन के पाकिस्तान स्थित संचालकों की भूमिका सामने आई है। आतंकवादियों ने 9 जून को रियासी के शिव-खोड़ी में मंदिर से लौट रहे तीर्थयात्रियों की बस पर हमला कर दिया था। आतंकियों ने पहले बस के ड्राइवर की हत्या की थी। इसके बाद बस खाई में जा गिरी। आतंकियों ने काफी वक्त तक तीर्थयात्रियों पर फायरिंग की थी, जिसमें नौ लोग मारे गए और 44 तीर्थयात्री घायल हो गए थे।

सूत्रों ने बताया था कि स्थानीय निवासी हकीम खान उर्फ हकीम दीन के खिलाफ एनआईए की जांच में पता चला है कि उसने तीन आतंकवादियों की मदद की थी। हकीम खान आतंकवादियों के साथ हमले की जगह पर गया था।

# रैगिंग मामले में बाहरा यूनिवर्सिटी के हॉस्टल वार्डन पर मामला दर्ज

**सोलन।** बाहरा यूनिवर्सिटी रैगिंग मामले में पुलिस ने हॉस्टल वार्डन पूर्ण चंद निवासी घुंधन, जिला सोलन के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। मामले में संलिप्त 5 आरोपी छात्रों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। एसपी सोलन से मिली जानकारी के मुताबिक, इस अभियोग की आगामी जांच के दौरान पाया गया है कि हॉस्टल/कैंपस में अनुशासन बनाए रखने हेतु जो गाइडलाइन है, उनका बाहरा युनिवर्सिटी प्रबंधन द्वारा कड़ाई से पालन नहीं किया जा रहा था, जिसमें हॉस्टल के वार्डन की जिम्मेदारियां शामिल हैं। हॉस्टल वार्डन द्वारा लापरवाही बरतने के परिणामस्वरूप बाहरा यूनिवर्सिटी में उक्त घटना घटित हुई है।

# अनुराग ठाकुर कोयला, खान और इस्पात मामलों की संसदीय समिति के अध्यक्ष बने

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**



पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर से लोकसभा सांसद अनुराग ठाकुर संसद की कोयला, खान और इस्पात मामलों की संसदीय समिति के अध्यक्ष बनाए गए हैं। ठाकुर 31 सांसदों की इस संसदीय समिति की अध्यक्षता करेंगे।

संसद की कोयला, खान और इस्पात मामलों की संसदीय समिति संबंधित मंत्रालयों की नीति बनाने में अपने सुझाव देने, बजटीय प्रावधानों में देश व मंत्रालय हित में अपने मत रखने, मंत्रालयों की नीतियों तथा कामकाज पर संसद सदस्यों एवं केंद्रीय मंत्री के बीच अनौपचारिक चर्चा व संबंधित विषयों पर परामर्श देने का महत्वपूर्ण कार्य करती है। अत्यधिक काम और व्यस्तता के चलते संसद का बहुत-सा काम सभा की समितियों द्वारा निपटाया जाता है, जिन्हें संसदीय समितियां कहते हैं। संसदीय समिति से तात्पर्य उस समिति से है, जो सभा द्वारा नियुक्त या निर्वाचित की जाती है अथवा अध्यक्ष द्वारा नाम-निर्देशित की जाती है और अध्यक्ष के निदेशानुसार कार्य करती है तथा अपना प्रतिवेदन सभा को या अध्यक्ष को प्रस्तुत करती है।


जल्द सम्मानित करने जा रहा है

"अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र उन प्रतिष्ठित व्यक्तियों को सम्मानित करने जा रहा है जिन्होंने कड़ी मेहनत करके कला - सांस्कृतिक, साहित्य समाजसेवी, स्वयं सहायता समूह एनजीओ, प्रसिद्ध उद्यमी एवं खेल प्रतियोगिता के क्षेत्र में सर्वोच्च स्थान हासिल किया है।"

अनंत ज्ञान
दैनिक समाचार पत्र
Presents
WEMBLEY®
SINCE 1961
(An ISO 9001-2008 Certified Co.)
Wembley Paints & Chemicals
अनंत शिखर सम्मान 2024
आपका शिखर आपका सम्मान





अनंत ज्ञान
आपका अख़बार... आपके लिए

संपर्क सूत्र: 88945-21702, 98168-75517

Plot No.8, Phase-II, Ind. Area Nagrota Bagwan, Distt. Kangra (H.P.)
Email: anantgyaanmedia@gmail.com
www.anantgyaan.in

follow us on

BEST CABS – BEST RECOGNITION PVT LTD
लूण® Lunn
DHAKER FOUNDATION
ARNI UNIVERSITY – bringing ambition to life
SSU PALAMPUR – SRI SAI UNIVERSITY – Transforming Dreams into Reality
Yogita AGRO SERVICE CHAMBA – Mob. 7986969842, 9015936779
MOTHERKRAFT HOSPITAL – Crafting Women's Health At Every Step
LAUREATE INSTITUTE OF PHARMACY – V.P.O. KATHOG TEH. JAWALAMUKHI DISTT. KANGRA (H.P.) 176031
BHUSHAN JEWELLERS SOLAN
JEE/NEET/NDA HIM ACADEMY – HAMIRPUR (H.P.) – Ph.: 01972-222648, 9816021400
BHARDWAJ MULTISPECIALITY HOSPITAL – A Diabetes Gastro Centre – 98055-73338, 94184-73338
LAUREL PUBLIC SEN. SEC. SCHOOL Gandhinagar Distt. Kullu
SATYAM COLLEGE OF NURSING – LANJOT SHAHPUR
PANCHSHEEL HOSPITAL – SKIN & ORTHOPAEDIC CENTRE – NAGROTA BAGWAN
SHANTI NIKETAN COLLEGE OF EDUCATION – HAMIRPUR (H.P.)
Shivambu INTERNATIONAL – BDM
INDUS INTERNATIONAL UNIVERSITY
KCS KULLU CONVENT SCHOOL (KULLU)
KAUSHAL ROLLER FLOUR MILL PVT. LTD. – PLOT-3, IND AREA TAHLIWAL, DISTT. UNA
LALIT & Bros. SARKAGHAT – Sale & Service: Mobile, L.E.D. Frez, Watches, Washing Machine & all type of Home appliances
RATTAN JEWELLERS – Bhawarna Lower Bazar – Mob. 9882749027 – राजू (गढ वाले)
J P Acharya – V.P.O. SAGOOR Teh. Baijnath Distt. Kangra (H.P.)
MS. KATNA TRADERS – Opposite Bus Stand, Nadaun – Mob. 8891500003
New GURUKUL – Study & Service
BUDHA MAL & SONS JEWELLERS – PALAMPUR
NEW NANDA JEWELLERS – Grand Plaza, Shop No. 30-31 Palampur, MOB. 91293-51290

# गोबिंदसागर की लहरों पर क्रूज की सवारी मारेगी पर्यटन की फरारी

## मंडी-भराड़ी में लिया गया सफल ट्रायल रन

शुभम राही, बिलासपुर

गोबिंदसागर की लहरों पर अब क्रूज की सवारी रोमांच के साथ पर्यटन की फरारी मारती नजर आएगी। केरल के कोच्चि से बिलासपुर पहुंचे उत्तर भारत के पहले 60 सीटर क्रूज का विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर उपायुक्त बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक की उपस्थिति में मंडी-भराड़ी में सफल ट्रायल रन लिया गया। इस दौरान उन्होंने 'अनंत ज्ञान' से विशेष बातचीत में यहां वाटर स्पोर्ट्स को लेकर कई प्राथमिकताएं बताईं।

**भुंतर तक हेलिकॉप्टर जॉय राइड :** उन्होंने खुलासा किया कि जिला प्रशासन मंडी-भराड़ी पुल से सीधे भुंतर एयरपोर्ट तक हेलिकॉप्टर जॉय राइड शुरू करने की प्लानिंग कर रहा है। इसका संचालन भी गोबिंदसागर झील में क्रूज चलाने वाली कंपनी ही करेगी। अगर यह प्रोजेक्ट सफल हो जाता है तो जिले में पर्यटन की दृष्टि से नए आयाम स्थापित होंगे। साथ ही मनाली जाने वाले पर्यटकों का सफर भी कम होगा।

अनंत ज्ञान विशेष बातचीत

### जिप लाइन और स्काई वॉक ब्रिज बनेगा

अभी क्रूज को पूरी तरह से तैयार होने में समय लगेगा। औपचारिकताएं पूरी करने के बाद ही अक्तूबर में क्रूज की व्यावसायिक गतिविधियां शुरू हो जाएंगी। मंडी-भराड़ी में झील पर जिप लाइन तैयार की जाएगी, जबकि स्काई वॉक ब्रिज निर्मित करने की भी योजना भी है।

इसके साथ ही वे-साइड एम्युनिटीज विकसित कर पर्यटकों के लिए रेस्तरां व अन्य गतिविधियों का संचालन किया जाएगा। इससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा तो वहीं, बिलासपुर की इकोनोमी में भी ग्रोथ आएगी।



पर्यटन की गतिविधियां बढ़ने से जिले के युवाओं को मिलेगा रोजगार

बिलासपुर में पर्यटन की गतिविधियां बढ़ने से जिले के युवाओं को रोजगार उपलब्ध होगा। यहां के दुकानदारों की आमदनी बढ़ेगी और महिला मंडलों और स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की स्थानीय उत्पादों को भी बहुत बड़ा बाजार उपलब्ध होगा। क्षेत्र में बड़े स्तर पर पर्यटन गतिविधियां बढने् से बड़े-बड़े होटल और रेस्टोरेंट विकसित होंगे।

## बिलासपुर बनेगा वाटर स्पोर्ट्स का हब



### सपना साकार होते देख खुश हूं

उपायुक्त आबिद हुसैन सादिक ने कहा कि गोबिंदसागर झील में क्रूज पहुंचाने का उनका सपना आज पूरा हो गया है। यहां पर क्रूज लाना काफी चुनौतीपूर्ण था, लेकिन सरकार के सहयोग और प्रशासन की कड़ी मेहनत के चलते यहां पर सब साकार हुआ है।

### मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू अगले माह करेंगे शुभारंभ



उपायुक्त ने बताया कि बिलासपुर में क्रूज का विधिवत शुभारंभ मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू अगले माह नवरात्र या नवरात्र के बाद करेंगे, तब तक यहां पर सारी औपचारिकताएं प्रशासन पूरी कर लेगा। अगर सब ठीक रहा तो बिलासपुर शीघ्र ही दुनियाभर में पर्यटन की दृष्टि से वाटर स्पोर्ट्स हब बन जाएगा।

### रोमांचक खेलों में सीएम की रुचि

उपायुक्त ने सीएम सुक्खू और पर्यटन विभाग के अधिकारियों का धन्यवाद करते हुए कहा कि गोबिंद सागर झील और कोल डैम में वाटर स्पोर्ट्स एक्टिविटी शुरू करने के लिए मुख्यमंत्री ने इस प्रोजेक्ट को साकार करने के लिए हर संभव सहायता की और इस प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिए दिशा-निर्देश देते रहे। गोबिंदसागर झील में क्रूज, शिकारे व अन्य रोमांचक खेलों को शुरू करवाने के लिए मुख्यमंत्री खुद खास रुचि ले रहे हैं और पूरी नजर बनाए हुए हैं।




## विक्रमादित्य सिंह ने भारतीय रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष से की भेंट

# विक्ट्री टनल के साथ पुल के निर्माण कार्य को जल्द मिलेगी स्वीकृति

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने नई दिल्ली में भारतीय रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी सतीश कुमार से भेंट की। उन्होंने मुख्य कार्यकारी अधिकारी को उत्तर रेलवे से स्वीकृति मिलने में हो रहे विलंब के कारण हिमाचल प्रदेश विधानसभा जंक्शन पर फ्लाईओवर तथा विक्ट्री टनल के साथ पुल के निर्माण कार्य में हो रही देरी से अवगत करवाया।

उन्होंने मुख्य कार्यकारी अधिकारी से इस संबंध में शीघ्र स्वीकृति प्रदान करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि यह शहर के मुख्य सड़क मार्ग हैं और शिमला में यातायात को सुचारु बनाए रखने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। पर्यटकों की बढ़ती आमद को देखते हुए भी इस दिशा में कार्य करना अति आवश्यक है। लोक निर्माण मंत्री ने प्रदेश में रेलवे नेटवर्क के विस्तार, विशेषकर भानुपली-बिलासपुर रेलवे लाइन के बारे में भी चर्चा की।



सतीश कुमार ने लोक निर्माण मंत्री के आग्रह पर संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्य आरंभ करने और संबंधित बाधाओं का समाधान के निर्देश दिए। मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने कहा कि भानुपली-बिलासपुर रेल लाइन का कार्य प्रगति पर है। रेल लाइन का निर्बाध कार्य सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश सरकार से सहयोग अपेक्षित है। विक्रमादित्य सिंह ने अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी का अप्रैल माह से लंबित पड़े कार्य को आरंभ करने के निर्देश देने के लिए आभार व्यक्त किया।

## आलाकमान के दबाव में काम कर रही सुक्खू सरकार : जयराम

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला



नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने सुक्खू सरकार द्वारा स्ट्रीट वेंडर पॉलिसी को लागू करने का आदेश देने और बाद उस पर रोक लगाने की निंदा की है। उन्होंने कहा कि सरकार कांग्रेस आलाकमान के दबाव में झुक गई है। इस नियम का विरोध इसलिए किया जा रहा है क्योंकि यह योगी मॉडल है। विधिसम्मत तरीके से की जा रही कार्रवाई को सुक्खू सरकार द्वारा वापस लेना निंदनीय है।

यह नियम पूर्व सरकार के समय से चल रहा था। स्ट्रीट वेंडर पॉलिसी के तहत सभी दुकानदारों का सत्यापन, पंजीकरण के लिए विभिन्न प्रकार के नियमन के जुड़े प्रावधान किए गए थे, जिसे सत्ता में आते ही सुक्खू सरकार द्वारा रोक दिया गया था। यह रोक क्यों लगी, इस पर भी सरकार को जवाब देना चाहिए। प्रदेश और प्रदेशवासियों के हितों की रक्षा सरकार का काम है लेकिन सुक्खू सरकार कांग्रेस के हितों की रक्षा करने का काम कर रही है। जयराम ठाकुर ने कहा कि सुक्खू सरकार जनभावना और कानून के विपरीत अपने आलाकमान के राजनैतिक मंसूबों को ध्यान में रखकर काम रही है। यह किसी भी तरह से प्रदेश के हित में नहीं है।

क्या प्रदेश में दुकान लगाने वाले, विभिन्न प्रकार के उत्पाद बेचने वाले लोगों के बारे में नियामक संस्थाओं और प्रदेश के लोगों को जानने का हक नहीं हैं। क्या प्रदेश को नियमों के अनुसार चलाए जाने के बजाय दिल्ली आलाकमान के राजनैतिक मंसूबों के हिसाब से चलाया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### खनाग के युवक से 490 ग्राम अफीम बरामद

**अनंत ज्ञान,आनी ।** पुलिस थाना आनी की टीम ने खनाग के एक युवक से 490 ग्राम अफीम बरामद की। मामले की पुष्टि करते हुए डीएसपी आनी चंद्रशेखर कायथ ने बताया कि आनी पुलिस थाना की टीम जब गश्त पर थी तो आनी से करीब 8 किलोमीटर दूर कंडुगाड़ के समीप नाकाबंदी के दौरान एक युवक की तलाशी ली गयी और उससे 490 ग्राम अफीम बरामद की गई। युवक की पहचान रोहित राणा (19 वर्ष),पुत्र भीम सिंह निवासी गांव व डाकघर खनाग तहसील आनी जिला कुल्लू के रूप में हुई है।

### सहारनपुर के दो युवक चिट्टे सहित गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शिमला में चिट्टा का कारोबार लगातार बढ़ता ही जा रहा है। यहां पर आए दिन पुलिस चिट्टा तस्करों को पकड़ रही है। बाहरी राज्यों से आ रहे ड्रग पेडलर शिमला के होटलों और होमस्टे में ठहर कर नशे की तस्करी को अंजाम दे रहे हैं। शिमला के आईएसबीटी बस अड्डे के पास एक होमस्टे में ठहरे दो युवक मादक पदार्थ चिट्टे सहित दबोचे गए हैं। पुलिस ने इनके कब्जे से 44.950 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। ये दोनों उत्तर प्रदेश के सहारनपुर के रहने वाले हैं। पुलिस की प्रारंभिक तफ्तीश में सामने आया है कि दोनों तस्कर स्थानीय युवकों को चिट्टा सप्लाई करते थे। पकड़े गए आरोपितों की पहचान अश्वनी राणा (22) पुत्र ओम पाल और अभिषेक (21) पुत्र मांगे राम के रूप में हुई है।

### जहरीला पदार्थ निगलने से व्यक्ति की मौत

**अनंत ज्ञान, अर्की।** सिविल अस्पताल अर्की ने पुलिस थाना अर्की को सूचित किया कि एक व्यक्ति को जहरखुरानी की अवस्था में सिविल अस्पताल लाया गया। तस्दीक करने पर उक्त व्यक्ति का नाम व पता मनीष कुमार पुत्र सुरेंद्र कुमार निवासी गाव व डा. बातल तह. अर्की जिला सोलन उम्र 42 वर्ष मालूम हुआ। उक्त व्यक्ति की हालत काफी नाजुक थी, जिस पर उसे आगामी उपचार हेतु आईजीएमसी शिमला रेफर किया गया जहां पर 25 सितम्बर को उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। जांच के दौरान मृतक के परिजनों व अन्य गवाहों के ब्यान लेखबद्ध किए गए।

### 1.50 लाख की ठगी का आरोपी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, बीबीएन।** पुलिस थाना नालागढ़ के तहत बीसीए में एडमिशन के नाम पर डेढ़ लाख की धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने चंबा के युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान नरेंद्र शर्मा पुत्र सूरज प्रकाश निवासी गांव डोभ भंजराडू, तहसील चुराह जिला चंबा से हुई है। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर रिमांड हासिल किया है जिससे धोखाधड़ी को लेकर पूछताछ की जाएगी। बता दें कि प्रिंस शर्मा पुत्र तरसेम लाल निवासी गांव रख घनसोत नालागढ़ ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि जिला नरेंद्र शर्मा नाम के व्यक्ति की फेसबुक स्टोरी पर बीसीए एडमिशन एजेंट की स्टोरी से प्रभावित होकर व एडमिशन के नाम पर पैसे मांगने पर कुल डेढ़ लाख रुपए की झूठी स्लिप दी थी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार कर मामला दर्ज कर लिया है। जिला बद्दी पुलिस के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक वर्मा ने पुष्टि करते हुए बताया कि आरोपी को गिरफ्तार किया है।

### नशे की पुड़िया के साथ दो युवक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, गगरेट।** नशा माफिया के विरुद्ध जिला पुलिस द्वारा छेड़े गए विशेष अभियान के तहत गगरेट पुलिस ने होशियारपुर से नशे की पुड़िया लेकर लौट रहे दो युवकों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इस बावत दोनों युवकों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उनका मोटरसाइकिल भी जब्त कर लिया है। शिवबाड़ी के समीप गगरेट पुलिस ने नाका लगाया हुआ था तो दो युवक मोटरसाइकिल संख्या एचपी 55सी 7832 पर आते दिखाई दिए। पुलिस को देखकर दोनों युवक घबरा गए, जिस पर पुलिस ने जब शक के आधार पर उनकी तलाशी ली तो उनके पास से 2.16 ग्राम हेरोइन बरामद हुई।

### बिना फिटनेस सर्टिफिकेट दौड़ रही निजी बस जब्त

**अनंत ज्ञान, गगरेट।** जिले के कई निर्धारित रूटों पर चल रही निजी बसों में यात्रा करना जान जोखिम में डालने जैसा साबित हो सकता है। गगरेट पुलिस ने शुक्रवार को एक निजी बस को बिना फिटनेस सर्टिफिकेट के निर्धारित रूट पर दौड़ते पकड़ा है। पुलिस ने उक्त बस को जब्त कर लिया है। ऐसा में परिवहन विभाग की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लग गया है। आखिर क्या वजह है कि क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी का कार्यालय ऊना में होने के बावजूद यह जांच तक नहीं की जा रही है कि आम जनता के प्रमुख परिवहन के साधन क्या सुरक्षा मानकों पर खरा उतर भी रहे हैं या नहीं। शुक्रवार को गगरेट पुलिस ने यातायात नियमों की अवहेलना कर रही कुछ यात्री बसों की रैंडमली जांच की तो एक निजी बस ऐसी पाई गई, जिसका फिटनेस सर्टिफिकेट ही नहीं था।

### प्रेम कुमार नेगी पार्टी से निष्कासित

**जीता सिंह नेगी, रिकांगपिओ।** कल्पा उपमंडल के शुदारंग पंचायत में उपप्रधान पद के लिए 29 सितंबर को उपचुनाव है, लेकिन कांग्रेस समर्थित घोषित उम्मीदवार उमा सुख नेगी के खिलाफ चुनाव में उतरने व पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने की शिकायत पर प्रेम कुमार नेगी को कांग्रेस जिला अध्यक्ष उमेश नेगी ने पार्टी से निष्कासित किया है।

## सुक्खू सरकार विरोधाभासों के बीच फंसी हुई : बिंदल



अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर की भूमि को टुरिज्म के नाते विकसित करने हेतु कुछ लोगों को देने का विषय हिमाचल प्रदेश की जनता के गले के नीचे नहीं उतर रहा है। भारी विरोध के बावजूद सरकार यह बात मानने के लिए तैयार नहीं है कि जो कृषि विश्वविद्यालय है वो किसानों के भविष्य के लिए और वैज्ञानिक तैयार करने का महत्वपूर्ण कार्य करता है।

इसलिए जब बात आ चुकी है हम टुरिज्म की दृष्टि से अनेक-अनेक स्थान है, जिनको विकसित कर सकते हैं तो हमें इसे छोड़ देना चाहिए। इसमें बड़ी बात यह है कि मंत्रालय के अंदर भी विरोधाभास है। कृषि मंत्री ने खुलकर इस बात का समर्थन किया कि कृषि विश्वविद्यालय की भूमि को टुरिज्म के लिए उपयोग नहीं करना चाहिए। डॉ. बिंदल ने कहा कि यह सुक्खू सरकार विरोधाभासों के बीच फंसी हुई सरकार है। सरकार के एक मंत्री कहते हैं कि हमको रेहड़ी-फड़ी वालों के लिए उत्तर प्रदेश के मॉडल को अपनाना चाहिए।

अगले दिन उनके उपर दबाव आता है और दूसरे दिन मुख्य संसदीय सचिव उसके उपर अलग प्रकार का बयान देते हैं। इसी प्रकार से शिक्षा मंत्री एक बार उत्तर प्रदेश के मॉडल को फॉलो करने की बात करते हैं और थोड़ी देर बात उससे मुकर जाते हैं। यानि हम कहां प्रदेश की जनता को धोखा दे रहे हैं। प्रदेश की जनता लगातार प्रदेश कांग्रेस सरकार के निर्णयों के कारण प्रभावित हो रही है।

## हिंदी हमारी सांस्कृतिक विरासत की पहचान : राज्यपाल शुक्ल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय, बठिंडा द्वारा आयोजित हिंदी पखवाड़ा समारोह की अध्यक्षता करते हुए हिमाचल के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा कि हिंदी हमारी सांस्कृतिक एवं सामाजिक विरासत की पहचान है। उन्होंने कहा कि यह भाषा न केवल अभिव्यक्ति का माध्यम है, बल्कि हमारे विचारों, मूल्यों एवं परंपराओं की वाहक भी है।



उन्होंने राजभवन शिमला से वर्चुअली कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम का विश्लेषण करें तो पाएंगे कि हिंदी एवं स्थानीय बोलियों के माध्यम से ही देश में जागृति आई तथा राष्ट्र ने हिंदी को राजभाषा का सम्मान दिया।

उन्होंने कहा कि हमारी प्राथमिकता हिंदी को बढ़ावा देना तथा इसे आधुनिक विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं शिक्षा से जोड़कर आगे बढ़ाना होना चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि हिंदी हमारी संस्कृति एवं सिद्धांतों के कारण भावी पीढ़ी में नैतिक मूल्यों को बनाए रखने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। उन्होंने कहा कि स्कूलों, कॉलेजों एवं विश्वविद्यालयों में हिंदी शिक्षा को और अधिक प्रभावी एवं समृद्ध बनाने की आवश्यकता है तथा हिंदी के प्रयोग को पूर्ण प्रोत्साहन देने की आवश्यकता है।

उन्होंने देवनागरी लिपि को और अधिक प्रोत्साहित करने पर भी बल दिया, क्योंकि देवनागरी देश की अन्य बोलियों का आधार है। इससे पूर्व, पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय बठिंडा के कुलपति प्रो. राघवेंद्र प्रसाद तिवारी ने राज्यपाल का स्वागत किया और हिंदी पखवाड़े के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

## अनुपम कुमार बेस्ट पुलिस ऑफिसर अवार्ड से सम्मानित




अनंत ज्ञान, सोलन

जिला सोलन पुलिस द्वारा पिछले करीब एक वर्ष की अवधि के दौरान नशा के सौदागरों/तस्करों के विरुद्ध ताबड़तोड़ कार्यवाही की गई है। जिला सोलन पुलिस द्वारा नशे के सौदागरों के विरुद्ध चलाए गए अभियान में डिटेक्शन सेल में तैनात हैड कांस्टेबल अनुपम कुमार द्वारा महत्वपूर्ण योगदान दिया गया है।


अनूप ने पिछले एक वर्ष की अवधि के दौरान नशे के बड़े सप्लायरों को पकड़ने में अहम भूमिका निभाई है। हैड कांस्टेबल अनुपम कुमार के सहयोग से जिला पुलिस द्वारा नशे के कारोबार में संलिप्त करीब 36 से अधिक अंतरराज्यीय नेटवर्कों को डिस्मेंटल किया गया।

नशे के विरुद्ध चलाए गए ऑपरेशन/अभियान में हैड कांस्टेबल अनुपम कुमार के इस सहयोग को मद्देनजर रखते हुए अनुपम को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाला अधिकारी द्वारा दिल्ली में बेस्ट पुलिस ऑफिसर अवार्ड से सम्मानित किया गया है जो जिला सोलन पुलिस/ हिमाचल पुलिस के लिए एक गर्व का विषय है।

## 8 विषयों की टेट परीक्षा का शेड्यूल जारी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला द्वारा आठ विषयों ( टीजीटी आर्ट्स, मेडिकल, नॉन मेडिकल, एलटी, जेबीटी, शास्त्री, पंजाबी तथा उर्दू) की टैट परीक्षाओं का आयोजन किया जा रहा है। उक्त आठ विषयों की टैट परीक्षाओं के लिए दिशा-निर्देश के लिए एक ही प्रोस्पैक्ट बोर्ड की बैवसाइट पर उपलब्ध है। ये जानकारी देते हुए हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के सचिव मेजर विशाल शर्मा ने कहा कि इच्छुक अभ्यर्थी टैट परीक्षाओं के लिए ऑनलाइन आवेदन शेड्यूल के अनुसार कर सकते हैं।
निर्धारित तिथि के उपरांत कोई भी आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।




आवेदन की तिथि 28 सितंबर तथा ऑनलाइन आवेदन अंतिम तिथि 18 अक्तूबर तय की गई है। 600 रुपए के बिलंब शुल्क के साथ 21 अक्तूबर को 12 बजे तक आवेदन किया जा सकता है। जेबीटी टैट परीक्षा 15 नवंबर को सुबह 10 से 12.30 बजे तक होगी जबकि शास्त्री टैट परीक्षा 2 से 4.30 बजे तक होगी। आर्ट्स की परीक्षा 17 नवंबर को सुबह 10 से 12.30 बजे तक होगी जबकि मेडिकल टैट परीक्षा 2 से 4.30 बजे तक होगी।

नॉन मेडिकल टैट परीक्षा 24 नवंबर को सुबह 10 से 12.30 बजे तक होगी जबकि भाषा अध्यापक टैट परीक्षा 2 से 4.30 बजे तक होगी।

पंजाबी विषय की परीक्षा 26 नवंबर को सुबह 10 से 12.30 बजे तक होगी जबकि उर्दू टैट परीक्षा 2 से 4.30 बजे तक होगी। परीक्षाओं हेतु शुल्क का सामान्य वर्ग के लिए 1200 जबकि आरक्षित वर्ग के लिए 700 रुपए निर्धारित किया गया है।

अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन में पेमेंट गेटवे लिंक पर जा कर डेबिट कार्ड /क्रेडिट कार्ड /नेट बैंकिंग के माध्यम से शुल्क जमा करवाना होगा। इसके अतिरिक्त शुल्क किसी अन्य माध्यम से स्वीकृत नहीं होगा। ऑनलाइन शुद्धि करने की अनुमति नहीं है, क्योंकि इससे आवेदन फीस प्रभावित होती है।

अगर किसी अभ्यर्थी को कैटेगरी व सब-कैटेगरी में शुद्धि करवानी हो त्तो वह बोर्ड कार्यालय में कैटेगरी व सब-कैटेगरी में शुद्धि हेतु निर्धारित तिथियों के अंतर्गत ऑफलाइन आवेदन कर सकते है जिन विवरणों में ऑनलाईन शुद्धि के लिए अभ्यर्थियों को अतिरिक्त समय दिया गया है उन विवरणों में किसी भी प्रकार के पत्राचार व ईमेलो पर विचार नहीं किया जाएगा। उपरोक्त के संदर्भ में अधिक जानकारी के लिए दूरभाष नंबर 01892-242192 पर संपर्क कर सकते हैं।



## न्यूज ब्रीफ

### पर्यटन स्थलों का संरक्षण जरूरी : प्रो. जयदेव



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर के एमबीए पर्यटन विभाग के विद्यार्थियों ने विश्व पर्यटन दिवस मनाया। तकनीकी विश्वविद्यालय के पर्यटन विभाग और हमीरपुर पर्यटन विभाग ने संयुक्त रूप से होटल हमीरपुर में कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में जिला पर्यटन अधिकारी रवि धीमान ने कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की, जबकि तकनीकी विवि के अधिष्ठाता शैक्षणिक प्रो. जयदेव विशेष रूप से उपस्थित रहे। अधिष्ठाता शैक्षणिक ने कहा कि इस वर्ष का विश्व पर्यटन दिवस की थीम शांति और पर्यटन पर आधारित है। उन्होंने कहा कि पूरे विश्वभर से लोग शांति पाने के लिए भारत का भ्रमण करने आते हैं।आज ऐसे स्थलों को विकसित करने में अनेक प्रकार के प्रयास चल रहे हैं, ताकि पर्यटन कारोबार को और बढ़ावा मिल सके। युवाओं को पर्यटकों के आकर्षिक करने के लिए नवाचार के साथ परंपरागत स्थलों के संरक्षण के लिए काम करना होगा। वहीं, जिला पर्यटन अधिकारी ने विद्यार्थियों को पर्यटन को कैसे रोजगार के साथ जोड़ा जा सकता है, के बारे में जानकारी दी। एमबीए पर्यटन विभाग के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। इस मौके पर प्राध्यापक डॉ. विनीत कुमार, अजय कुमार, आयुष भी उपस्थित रहे।

### व्यवसाय प्रश्नोत्तरी में हमीरपुर कॉलेज बना विजेता



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय के एमबीए विभाग ने एचपीटीयू एमएएनएजीए उत्सव-24 का आयोजन किया। उत्सव में तकनीकी विश्वविद्यालय सहित संबंधित पांच शिक्षण संस्थानों के लगभग 100 विद्यार्थियों ने विभिन्न गतिविधियों में सहभागिता निभाई। उत्सव के समापन समारोह में तकनीकी विवि के अधिष्ठाता शैक्षणिक प्रो. जयदेव ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया। उत्सव के समन्वयक डॉ. शुभम शर्मा ने कहा कि विद्यार्थियों ने पांच प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा दिखाई। बिजनेस गेम्स के शीघ्र निर्णय स्पर्धा में भौतिकी विज्ञान विभाग के अभय को विजेता व योग विभाग की दीक्षा का उपविजेता चुना गया। अनुसंधान अंतर्दृष्टि प्रतियोगिता में हिमालयन ग्रुप ऑफ कॉलेज की टीम विजेता और हमीरपुर महाविद्यालय की टीम उपविजेता रही। निवेशक शॉ केस में तकनीकी विश्वविद्यालय के बीटेक के विद्यार्थियों प्रथम और एमबीए विभाग की टीम द्वितीय स्थान पर रही। व्यवसाय प्रश्नोत्तरी में हमीरपुर महाविद्यालय की टीम विजेता और तकनीकी विवि के बीटेक की टीम उपविजेता रही। रहस्य की भूलभुलैया स्पर्धा में गौतम कॉलेज हमीरपुर विजेता और हमीरपुर महाविद्यालय की टीम उपविजेता रही। इस मौके पर उपकुलसचिव सुरेंद्र शर्मा सहित सभी प्राध्यापक उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान को किया साफ सुथरा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान हमीरपुर के स्वच्छ भारत अभियान क्लब ने भारत मंत्रालय के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए स्वच्छता पखवाड़ा के तहत कई कार्यक्रम आयोजित किए हैं। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि एनआईटी हमीरपुर के निदेशक प्रोफेसर एचएम सूर्यवंशी ने की। इस दौरान कुलसचिव डॉ. अर्चना नानोटी, डीन छात्र कल्याण डॉ. अशोक कुमार और डीन संकाय कल्याण प्रो. अनूप कुमार उद्घाटन समारोह के दौरान उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने बताया कि परिसर के अंदर और बाहर व्यापक सफाई अभियान के माध्यम से और इस तरह के कार्यक्रमों से छात्रों और प्रतिभागियों में जिम्मेदारी और समुदाय की भावना बढ़ती है। डॉ. अर्चना नानोटी और प्रो. अनूप कुमार ने स्वच्छता पखवाड़ा 2024 के इस आयोजन की बहुत सराहना की जो भारत सरकार द्वारा की गई स्वच्छ भारत प्रतिबद्धता पहल को पूरा करेगा।



### करियर प्वाइंट विवि में मनाया वर्ल्ड टूरिज्म डे



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय के होटल मैनेजमेंट विभाग द्वारा वर्ल्ड टूरिज्म डे मनाया गया। असिस्टेंट प्रोफेसर मोहित अत्री ने बताया कि इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव गुलशन संधू उपस्थित हुए। इस दिन को मनाने का मकसद पर्यटन के विकास को बढ़ावा देना और लोगों में पर्यटन को लेकर जागरूकता लाना है। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न तरह के कंपटीशन करवाए गए, जिनके विजेताओं को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कृत किया गया तथा प्रतिभागियों को आगे भविष्य में इस तरह के अवसरों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। इस कार्यक्रम में विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. विनित ठाकुर व अन्य प्रोफेसर मौजूद रहे।

## प्रेस क्लब की बैठक में सदस्यता शुल्क की अनियमितता पर चर्चा



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

प्रेस क्लब हमीरपुर की बैठक प्रेस रूम में क्लब के अध्यक्ष विक्रम सिंह ढटवालिया की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक में सदस्यता शुल्क का मुद्दा चर्चा का विषय बना रहा। बैठक के दौरान प्रेस क्लब के नाम पर पैसों के दुरुपयोग की बात सामने आने के बाद अध्यक्ष विक्रम सिंह ढटवालिया ने इस पर कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि प्रेस क्लब के नाम का दुरुपयोग करने वालों व फंड का दुरुपयोग करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने प्रेस क्लब के सदस्यता के नाम पर वित्तीय अनियमितता की उनकी सदस्यता पहले ही रद्द की जा चुकी है। इस दौरान प्रेस क्लब के फाउंडर मेंबर पूर्व प्रधान दिनेश कंवर ने कहा कि उनके कार्यकाल में सदस्यता के नाम पर वित्तीय अनियमितता का मामला सामने आया है, उस पर कार्रवाई जारी है। इसी दौरान प्रेस क्लब के पूर्व प्रधान सुरेंद्र कटोच ने कहा उनके कार्यकाल में आजीवन सदस्यता की गई है, इस संदर्भ में प्रेस क्लब के अध्यक्ष विक्रम ढटवालिया ने उनसे रिपोर्ट मांगी है जिसे शीघ्र ही तथ्यों के साथ उन्हें आगामी कार्रवाई के लिए सौंप दिया जाएगा।

बैठक के दौरान प्रेस क्लब के वरिष्ठ सदस्य कपिल बस्सी ने कहा कि प्रेस क्लब के भवन निर्माण का कार्य पहले ही काफी लटक चुका है, अब इसे शीघ्रता से किया जाना चाहिए। बैठक के दौरान पत्रकार मीनाक्षी के पिता के निधन पर प्रेस क्लब के सदस्यों ने मौन रख कर संवेदना व्यक्त की। बैठक के दौरान वासुदेव नंदन, रजनीश शर्मा, संजय शर्मा, अश्विनी वालिया, राजीव चौहान, रजनीश शर्मा, अजय कुमार, अनिल कुमार, रवि ठाकुर, वीरेंद्र कुमार, पवन कुमार, सुनील कुमार, राज कुमार, शिल्पा, नीलम, कंचन, विजय कुमार व वीरेंद्र कुमार सहित कई अन्य मौजूद रहे।

# तेज बारिश से एक कच्चा मकान और तीन गोशालाएं क्षतिग्रस्त

## इस मानसून सीजन में जिले में हुआ करीब 58 करोड़ 15 लाख का नुकसान

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

जिले के विभिन्न क्षेत्रों में तेज बारिश के कारण पिछले तीन दिनों के दौरान एक कच्चा मकान और 3 गोशालाएं क्षतिग्रस्त हुई हैं। इसके अलावा कुछ स्थानों पर डंगे ध्वस्त होने तथा बिजली बोर्ड की लाइनों के नुकसान की भी सूचना है।

जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के जिला इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर में प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार एक कच्चे मकान और 3 गोशालाओं का लगभग 2.10 लाख रुपए का नुकसान हुआ है, जबकि, बिजली बोर्ड की लाइनों की भी लगभग 17 हजार रुपए की क्षति हुई है। इस मानसून सीजन में अगर हमीरपुर जिले में हुए कुल नुकसान के आंकड़ों पर नजर डालें तो अभी तक जिला में 58 करोड़ 15 लाख रुपए से अधिक का नुकसान हो चुका है।

इसमें से लोक निर्माण विभाग को सर्वाधिक 33.31 करोड़ रुपए, जल शक्ति विभाग को 23.53 करोड़ और बिजली बोर्ड को 62.55 लाख रुपए की क्षति हुई है। उपायुक्त एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष अमरजीत सिंह ने सभी विभागों के फील्ड अधिकारियों एवं कर्मचारियों को हर छोटे-बड़े नुकसान की रिपोर्ट तुरंत प्रेषित करने के निर्देश दिए हैं।

### ग्वारडु में पशुशाला गिरी



**टौणी देवी।** ब्लॉक टौणी देवी की ग्वारडु पंचायत के गांव ग्वारडु में बीते दिन हुई भारी बारिश से विजय कुमार पुत्र रोहली राम की पशुशाला ध्वस्त हो गई। इसमें किसी जानमाल का नुकसान नहीं हुआ है। राजस्व अधिकारी ने मौके का मुआइना कर रिपोर्ट आगामी कार्रवाई के लिए भेज दी है।

## कला उत्सव में 25 स्कूलों के छात्रों ने लिया भाग

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पीएम श्री शहीद कैप्टन मृदुल शर्मा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक बाल विद्यालय हमीरपुर में ब्लॉक लेवल समग्र शिक्षा कला उत्सव 2024 प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूलों से आए हुए बच्चों द्वारा अलग-अलग प्रतियोगिताएं करवाई गई, जिसमें रंगोली स्केचिंग और 2डी पेंटिंग रहीं। इन प्रतियोगिताओं में लगभग 25 विद्यालयों के 70 विद्यार्थियों ने भाग लिया और अपनी-आप की प्रतियोगिता में रंगों को उकेरा। इस मौके पर स्कूल के प्रधानाचार्य मुस्ताक मोहम्मद ने बताया कि तरह की प्रतियोगिताओं से बच्चों में छिपी प्रतिभा को निखारने में सहायता मिलती है और बच्चों में स्पर्धा की भावना पैदा होती है। इस मौके पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक कन्या विद्यालय की प्रधानाचार्य पूनम चौहान भी उपस्थित रही।



## एनआईटी की छात्रा का कोर्ट में बयान दर्ज, आरोपी स्टूडेंट से थाने में पूछताछ

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान में दो दिन पहले हुए अभद्रता के मामले को लेकर शुक्रवार को पीड़ित छात्रा के कोर्ट में बयान दर्ज किए गए। इसके अलावा जिस स्टूडेंट को संस्थान से निष्कासित किया है, उससे भी पुलिस कड़ी पूछताछ कर रही है, वहीं अन्य छात्रों से भी पुलिस ने पूछताछ की है। आरोपी छात्र के परिजन भी हमीरपुर आए हुए हैं।

काबिलेगौर है कि संस्थान में पीड़ित छात्रा की कक्षा में पढ़ने वाले छात्र ने नशे में धमकियां देने व अभद्र व्यवहार का वीडियो वायरल होने पर छात्रों ने हॉस्टल के बाहर प्रदर्शन किया था, जिसको लेकर प्रशासन को पुलिस बुलानी पड़ी थी। पुलिस ने रात को मामला शांत तो करवा दिया, लेकिन इस मामले का संज्ञान लेते हुए एनआईटी प्रशासन ने बैठक बुलाई और छात्र के खिलाफ वीरवार को एफआईआर दर्ज करवाई। वहीं, छात्र को एनआईटी से 6 माह के लिए निष्कासित कर दिया है। शुक्रवार को पुलिस ने छात्र को थाने में बुलाया था और उससे पूछताछ की, वहीं छात्रा ने भी कोर्ट में स्टेटमेंट दी है।

गौर रहे कि इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार इंजीनियरिंग विभाग की एक छात्रा के साथ उसी की कक्षा में पढ़ने वाले छात्र पिछले कुछ दिनों से परेशान कर रहा था। बुधवार को छात्र ने अन्य दो छात्रों के साथ शराब का सेवन किया और नशे की हालत में लड़की के खिलाफ वीडियो बनाया। यह वीडियो उसके साथ शराब पीने वाले छात्रों ने दूसरे छात्रों के मोबाइल पर यह वीडियो भेज दिया, जैसे ही यह वीडियो अन्य छात्रों के पास पहुंचा तो छात्राओं ने इसका जोरदार विरोध किया।

वायरल हुए इस वीडियो के बाद छात्राओं ने ऐसे व्यवहार के प्रति अपना रोष जताया और कार्रवाई करने की मांग की। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह ने बताया कि शुक्रवार को लड़की के बयान कोर्ट में दर्ज हुए हैं। उन्होंने बताया कि लड़के को भी थाने में पूछताछ के लिए बुलाया गया था। उन्होंने बताया कि मामला दर्ज है और कार्रवाई की जा रही है। (अनंत ज्ञान)

### हॉस्टल में होगी चेकिंग

संस्थान की रजिस्ट्रार डॉ. अर्चना रनौटी का कहना था कि नशे की हालत को जांचने के लिए अब एक किट और मशीन गेट पर रखी जा रही है। संदिग्ध स्टूडेंट्स की इस मामले में जांच की जाएगी। रेंडम चेकिंग हॉस्टल्स में भी की जाएगी। इस मामले में दोषी छात्र को कॉलेज से फिलहाल निष्कासित कर दिया गया है, जबकि संस्थान के डायरेक्टर डॉक्टर एचएल सूर्यवंशी ने बताया कि प्रशासन ने बीओडी की बैठक के बाद जो डिसीजन लेना था, उसे अमलीजामा पहना दिया गया है, जिन दो छात्रों की बात हो रही है, उस मामले की जांच बीओडी के पास पेंडिंग है।

## चिकित्सा परीक्षण के बाद मादक पदार्थ के सेवन की पुष्टि होने पर मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** चिकित्सा परीक्षण के बाद मादक पदार्थ सेवन करने की पुष्टि होने पर बड़सर थाना में शुभम, दीपांशु और हिमांशु तीन आरोपियों पर एनडीपीएस एक्ट के आधार पर मामला दर्ज किया गया है। गौर रहे कि गत 17 जुलाई को बड़सर क्षेत्र के एक बाथरूम में चार व्यक्तियों का ड्रग्स लेने का वीडियो वायरल हुआ था, जिस पर बड़सर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए वीडियो में वायरल व्यक्तियों की पहचान कर उनके रक्त के सैंपल चिकित्सा परीक्षण के लिए भेजे थे। एसडीपीओ बड़सर सचिन हिरेमठ से मिली जानकारी के अनुसार चिकित्सा परीक्षण में तीन आरोपियों के रक्त की जांच में मादक पदार्थ सेवन की पुष्टि हुई है जिनके विरुद्ध बड़सर थाना में अभियोग दर्ज किया गया है। पुलिस अधीक्षक भगत सिंह ठाकुर ने कहा कि कार्रवाई जारी है।

## 30 तक बिजली के बिल जमा करवाएं उपभोक्ता

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विद्युत उपमंडल धनेटा के उपभोक्ताओं को बिजली के बिल जमा करवाने के लिए 30 सितंबर तक का समय दिया गया है। सहायक अभियंता सुशील कुमार ने कहा कि उपमंडल के जिन बिजली उपभोक्ताओं ने अभी तक अपने बिलों का भुगतान नहीं किया है, वे इनका भुगतान इस माह के अंत तक उपमंडल कार्यालय के काउंटर पर या ऑनलाइन माध्यम से कर दें।

उन्होंने बताया कि इस तिथि तक बिल जमा न करवाने वाले उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन पूर्व सूचना के बगैर ही काट दिए जाएंगे और इसके उपरांत कनेक्शन बहाल करने के लिए 250 रुपए का अतिरिक्त शुल्क जमा करवाना पड़ेगा।

## कोटपा अधिनियम में सजा का प्रावधान : डॉ. सुरेंद्र

**अतुल, सुजानपुर**



सीनियर सेकेंडरी स्कूल जंदडू में अध्यापकों के साथ डॉ. सुरेंद्र सिंह डोगरा।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जंगलबैरी के इंचार्ज व हमीरपुर मेडिकल ऑफिसर एसोसिएशन डॉ. सुरेंद्र सिंह डोगरा ने सीनियर सेकेंडरी स्कूल जंदडू में अध्यापकों को कोटपा अधिनियम 2003 के बारे जानकारी दी। स्कूल पहुंचने पर प्रिंसिपल विजय कुमार और समस्त शिक्षकों ने डॉ. सुरेंद्र सिंह डोगरा का स्वागत किया।

डॉ. सुरेंद्र सिंह डोगरा ने बताया कि सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद (विज्ञापन का निषेध और व्यापार और वाणिज्य, उत्पादन, आपूर्ति और वितरण का विनियमन) अधिनियम, 2003 यानी कोटपा, भारत में तंबाकू से जुड़े कई मामलों पर रोक लगाता है। इस अधिनियम के तहत, तंबाकू से जुड़ी कई गतिविधियों पर रोक है, जैसे कि सार्वजनिक जगहों पर धूम्रपान पर रोक, तंबाकू उत्पादों के विज्ञापन पर रोक, 18 साल से कम उम्र के लोगों को तंबाकू उत्पाद बेचना, शिक्षण संस्थानों के आसपास तंबाकू उत्पादों की बिक्री पर रोक इत्यादि।

डॉ. सुरेंद्र सिंह डोगरा ने कहा कि इस अधिनियम के तहत, तंबाकू से जुड़े कई अपराधों के लिए सजा का प्रावधान है। सार्वजनिक जगहों पर धूम्रपान करने पर 200 रुपए तक का जुर्माना हो सकता है। तंबाकूउत्पादों के प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष विज्ञापन पर 1000 से 5000 रुपए का जुर्माना या 10-5 साल की कैद हो सकती है। इस मौके पर डॉ. सुरेंद्र सिंह डोगरा के साथ हेल्थ सुपरवाइजर रविंद्रा देवी, हेल्थ वर्कर रुचि राणा, आशा वर्कर सुषमा और सौरव ठाकुर उपस्थित थे। (अनंत ज्ञान)

## बड़सर में महिला-पुरुष सिक्योरिटी गार्ड और सुपरवाइजरों के साक्षात्कार 3 को

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** ईवान सिक्योरिटी फंक्शंस प्राइवेट लिमिटेड शिमला सिक्योरिटी गाड्‌र्स और सुपरवाइजरों के 100 पदों पर भर्ती के लिए 3 अक्तूबर को उपरोजगार कार्यालय बड़सर में साक्षात्कार लेगी। जिला रोजगार अधिकारी सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि इन पदों के लिए दसवीं, बारहवीं या स्नातक पास उम्मीदवार पात्र होंगे तथा इनकी आयु 20 से 36 वर्ष के बीच होनी चाहिए। पुरुष अभ्यर्थी की न्यूनतम लंबाई 5 फुट 7 इंच तथा वजन 60 किलोग्राम हो, जबकि, महिला अभ्यर्थी की न्यूनतम लंबाई 5 फुट 4 इंच तथा वजन 48 किलोग्राम होना चाहिए। कंपनी द्वारा चयनित उम्मीदवारों को 12 हजार से 25 हजार रुपए तक मासिक वेतन मिलेगा तथा उन्हें मौके पर ही ऑफर लेटर दिए जाएंगे। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि किसी भी रोजगार कार्यालय में पंजीकृत युवक-युवतियां हिमाचल निवासी प्रमाण पत्र और अपने अन्य सभी दस्तावेजों के साथ साक्षात्कार में भाग ले सकता है।

## भुक्कड़ गांव में तेंदुए का आतंक, बकरे का किया शिकार, पिंजरा लगाने की मांग

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** भोरंज के अंतर्गत ग्राम पंचायत भुक्कड़ में शुक्रवार शाम को तेंदुए ने भुक्कड़ गांव में गोशाला के बाहर बंधे 6 माह के बकरे को घात लगाकर मार दिया है। मिली जानकारी के अनुसार ग्रामीण सुनीता देवी पत्नी नरेश कुमार के बकरे पर घात लगाकर हमला बोल दिया व उसे मार दिया। बताते चलें कि इससे पूर्व भी बीते वर्षों में तेंदुआ जोल गांव के 2 व्यक्ति को घायल कर चुका है और पिछले जोल गांव में सप्ताह ही एक बकरी को मार गिराया था। ग्राम पंचायत प्रधान भुक्कड़ किशोर चंद ने विभाग से तेंदुए को पकड़ने के लिए क्षेत्र में पिंजरे लगाने की मांग की है। उधर, इस बारे वनरक्षक के दीपक कुमार ने बताया कि आवश्यक हुआ तो पिंजरा लगवा दिया जाएगा।

## हिमाचल प्रदेश यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स के प्रदेशाध्यक्ष के पिता के निधन पर शोक व्यक्त

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स के प्रदेश अध्यक्ष रणेश राणा के पिता हंसराज का पीजीआई चंडीगढ़ में देहांत हो गया है। उनका पिछले दो दिनों से पीजीआई चंडीगढ़ में उपचार चल रहा था। उनके निधन पर प्रेस क्लब हमीरपुर के अध्यक्ष विक्रम ढटवालिया व महासचिव वासु देव नंदन के साथ ही वरिष्ठ पत्रकार दिनेश कंवर, कपिल बस्सी, सुरिंद्र कटोच, रणवीर ठाकुर, संजय शर्मा, राजीव चौहान, अश्वनी वालिया, अनिल कुमार, रवि कुमार व रविंद्र ठाकुर सहित क्लब के सभी सदस्यों ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

## चुहाग में धूमधाम से बेटी जन्मोत्सव मनाया



**टौणी देवी।** बाल बिकास परियोजना वृत्त टोणी देवी के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र चुहाग में 3 बेटियों का जन्मोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। सुपरवाइजर राजेश राणा ने बेटियों की माताओं को इनाम भेंट किए। इस अवसर पर वार्ड सदस्य पूनम कुमारी, कार्यकर्ता सुमन कुमारी सहित अनेक महिलाएं उपस्थित रहीं।

## महारल स्कूल को कृष्ण चंद ने दिया वाटर कूलर



**अनंत ज्ञान, बड़सर।** कृष्ण चंद ग्राम पंचायत महारल निवासी ने अपने माता-पिता की याद में राजकीय प्राथमिक पाठशाला महारल को वाटर कूलर दान दिया। इसके लिए स्कूल स्टाफ व बच्चों ने समाजसेवी कृष्ण चंद का धन्यवाद किया। गौरतलब है इस पाकशाला में लगभग 120 बच्चे पढ़ाई कर रहे हैं।

## स्कूल के पास दुकानदार से सिगरेट बरामद

**नादौन।** पुलिस ने एसएचओ नादौन बाबू राम शर्मा के नेतृत्व में गर्वनमेंट कॉलेज नादौन स्थित गगाल के समीप एक दुकान का निरीक्षण किया। इस दौरान दुकान से 7 किस्म के सिगरेट पैकेट खुले पाए गए जिनमें से विभिन्न सिगरेट ब्रांडा पैकेट्स में 36 सिगरेट बरामद की। इसके अलावा नेताजी बीड़ी के 2 पैकेट, किसान बीड़ी के 7 वंडल, कूल लिप का एक पैकेट बरामद किया। एसएचओ बाबू राम शर्मा ने बताया कि पुलिस ने आरोपी दुकानदान वीरेंद्र सिंह गांव टिल्लू खास के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

यह कैसी व्यवस्था शाम 5 बजे के बाद कर्मचारियों के छुटटी करने के बाद नहीं होती बिजली बहाल

## बार-बार अंधेरे में रहने का मजबूर बुनहाणीवासी

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** बड़सर उपमंडल के गांव बुनहाणी में बिजली का 14 घंटे कट के चलते लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। इसका मुख्य कारण यह रहा कि वीरवार शाम 4.30 बजे बिजली चली गई और 5 बजे के कर्मचारी छुटटी करके चले गए। इसके कारण बिजली की आपूर्ति बहाल नहीं हुई। बताते चलें कि विद्युत उपमंडल कोटला बिझड़ी के अंतर्गत आने वाले इस गांव की दूरी भी मात्र 3 किलोमीटर के करीब है। फिर भी बिजली को बहाली करने के लिए विभाग ने 14 घंटे का समय लगा दिया। कारण चाहे कुछ भी हो परंतु विभाग का दायित्व बनता है कि बिजली उपभोक्ताओं को क्षेत्र में लग रहे अन चाहे कट से निजात मिलने का समय कब आएगा। हालांकि विद्युत उपमंडल कोटला में अब 27 करोड़ रुपए की लागत से 132 केवी का ट्रांसमिशन यार्ड भी कोटला में स्थापित किया गया है, परंतु विभाग की लाचारी के चलते क्षेत्र के गांव अभी भी अंधेरे में ही बसर कर रहे हैं। सहायक अभियंता राजेश कुमार बंधन से बातचीत हुई तो उनका कहना है अधिकतर कर्मचारी 5 बजे छुट्टी करने के बाद घर चले जाते हैं। एबीसी चौक के पास विद्युत लाइन में तकनीकी खराबी के चलते समस्या पैदा हुई है। शुक्रवार 11 बजे तक बत्ती बहाल कर दी गई है। (अनंत ज्ञान)

## नालियां बंद होने से तालाब बना बिझड़ी बाजार

**एसके ठाकुर, बड़सर**



बिझड़ी बाजार में ठहरा पानी।

बिझड़ी बाजार की स्थिति पेवर टाइल बिछाने के बाद भी ज्यों कि त्यों बनी हुई है। जरा सी बारिश होने से बाजार में पानी भर जाता है। यह समस्या काफी समय से चली हुई है, जिसे हल भी किया गया, लेकिन पानी की सही निकासी की फिर से वही समस्या बन गई है।

बिझड़ी बाजार में पानी भर जाने से दुकानदार तो परेशान होते हैं, यहां खरीददार भी परेशान होते हैं। बिझड़ी बाजार से होकर यह सड़क मार्ग उत्तरी भारत के विश्व प्रसिद्ध सिद्ध पीठ मंदिर दियोटसिद्ध को जाती है। बाजार में से गुजरने वाली सड़क में निकासी नालियां पूर्णता बंद हो चुकी है। यहां तक की लोगों ने निकासी नालियों पर भी अतिक्रमण कर रखा है, परंतु विभाग मोनी बाबा बना रहता है। अगर बाजार में भारी जलभराव के चलते कोई हादसा हो जाता है तो इसका कौन जिम्मेदार होगा।

हालांकि पीडब्ल्यूडी ने बाजार में सड़क के बीच बारिश का पानी ना रुके, इसके लिए लाखों रुपए खर्च करके पेवर ब्लॉक लगवाए हैं, परंतु फिर भी बारिश का पानी सड़क के बीच में ही रुकता है। (अनंत ज्ञान)

### क्या कहते हैं बिझड़ी पंचायत के प्रधान?

बिझड़ी के प्रधान संजय कुमार ने कहा कि बिझड़ी बाजार की बंद पड़ी नालियों की दशा सुधारने के लिए विभाग को अवगत करवा दिया है। इसका रखरखाव पंचायत के पास नहीं है।

### क्या बोले अधिकारी

पीडब्ल्यूडी विभाग के जेई प्रदीप कुमार ने कहा कि मामला विभाग के ध्यानार्थ में है। विभागीय लेबर ने कई बार निकासी नालियों को साफ-सुथरा किया है परंतु कुछ लोगों ने नालिया के ऊपर जालियां लगा रखी हैं, जिसके चलते समस्या आ रही है, उन्हें नोटिस भेजा जाएगा।

## प्रतिभाशाली छात्र सम्मान समारोह कल

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के मार्गदर्शन में समाजसेवी संस्था प्रयास की दीन हित मंडल लंबलू इकाई 29 सितंबर को सुबह 11 बजे गोशाला धाम वल्यूट में प्रतिभाशाली छात्र सम्मान समारोह का आयोजन करेगी। इस समारोह में क्षेत्र की आसपास की पाठशालाओं से मार्च 2024 में मेट्रिक और जमा दो की सभी संकायों की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया जाएगा। समारोह के मुख्य अतिथि रिटायर्ड प्रधानाचार्य बलदेव धीमान संजीवनी चेरिटेबल ट्रस्ट के चेयरमैन होंगे, जबकि विशिष्ट अतिथि द्रोणाचार्य अवार्ड से सम्मानित भारतीय हॉकी टीम के पूर्व कोच रमेश चंद पठानियां उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर, प्रयास संस्था द्वारा अति निर्धन लोगों को दी जाने वाली मासिक सहायता का वितरण भी किया जाएगा। यह जानकारी संस्था प्रमुख पुरुषोत्तम ठाकुर ने दी।

## भगत सिंह की जयंती पर नादौन में आज लगेगा रक्तदान शिविर

**नादौन।** नशे से आजादी अभियान के तहत 28 सितंबर को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर इंकलाब संस्था रंगस द्वारा मिनी सचिवालय नादौन में लगाया जाएगा। यह जानकारी देते हुए इंकलाब संस्था रंगस के सचिव अजय शर्मा ने बताया कि शहीद भगत सिंह जी की जयंती पर इस शिविर का आयोजन नादौन प्रशासन व रेड क्रोस सोसाइटी के सहयोग से किया जाएगा।उन्होंने रक्तदाताओं से अपील करी कि वह इस शिविर में रक्तदान कर शहीद-ए-आजम भगत सिंह को श्रद्धांजलि जरूर दें

## गतिशील राज्य को सुक्खू सरकार ने गर्त में धकेला : राजेंद्र राणा




**हमीरपुर।** पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने कहा है कि देश के पहाड़ी राज्यों में आदर्श बन रहे प्रगतिशील राज्य हिमाचल प्रदेश को सुक्खू सरकार ने सत्ता में आने के बाद से बैक गियर में डालकर गर्त में धकेल दिया है। सुक्खू सरकार की गलत नीतियों से हिमाचल हर क्षेत्र में पिछड़ रहा है और विकास तथा जनकल्याण को पूरी तरह जंग लग गया है। अपनी अदूरदर्शी नीतियों और मित्रों पर खजाना लुटाने की सुक्खू सरकार की प्रवृत्ति ने हिमाचल को आर्थिक बदहाली के दलदल में धकेल दिया है और आज स्थिति यह है कि मित्रों की फौज तो सरकारी खजाने पर मौज उड़ा रही है, लेकिन सरकारी कर्मचारी और पेंशनरों को न तो महंगाई भत्ते की किस्त मिल पा रही है और न ही एरियर का भुगतान हो पा रहा है। न बेरोजगारों को नौकरी मिल रही है और न ही कांग्रेस के वादे के मुताबिक हर महिला के खाते में हर महीने 1500 रुपए की राशि सुक्खू सरकार डाल पा रही है। सुख सरकार की एक ही नीति है कि झूठे सब्जबाग दिखाओ, जनता को ठगो और मित्रों में खजाना लुटा दो। सुक्खू सरकार की झूठी गारंटियां ही आज कांग्रेस के गले की फांस बन गई हैं, इसलिए मुख्यमंत्री सुक्खू को कांग्रेस आलाकमान कहीं भी चुनाव प्रचार पर नहीं भेज रही।

**निर्देश** फोटो युक्त आईडी बनाने के आदेशों पर दुकानदारों ने जाहिर की खुशी, बोले-

# पहचान और नेम प्लेट लगाना है बहुत जरूरी

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**



व्यापार मंडल के प्रधान व अन्य दुकानदार।

जिला हमीरपुर में भी दुकानदारों के फोटो युक्त आईडी बनाने के लिए सरकार के आदेशों पर दुकानदारों ने खुशी जाहिर की है। हिमाचल प्रदेश में सभी भोजनालयों, रेहड़ी-फड़ी और फास्ट फूड काउंटरों पर अब तहबाजारियों व काउंटर ऑनर की फोटो आईडी पहचान पत्र यानी नेम प्लेट होनी चाहिए। इस दौरान हमीरपुर बाजार के लोगों के साथ बातचीत की गई और इसमें इस फैसले को हमीरपुर बाजार के लोगों ने कहा है कि यह फैसला दुकानदार के हितों में है।

बातचीत के दौरान व्यापार मंडल के महासचिव अश्विनी जगोता ने बताया कि हर दुकानदार को अपनी पहचान और नेम प्लेट लगाना जरूरी है। इससे हमारा कोई भी नुकसान नहीं है और हमें अपनी पहचान जरूर बतानी चाहिए। हमें अपनी दुकानों के बाहर अपने नाम के प्लेट लगना जरूरी है। इससे किसी का भी कोई भी नुकसान नहीं होने वाला है।

वहीं, स्थानीय दुकानदार विजय वर्मा का कहना है कि या बहुत ही अच्छी बात है कि अपनी नेम प्लेट चाहे दुकानदार हो या फिर रेहड़ी वाले, एक अच्छी पहल है। उन्होंने कहा कि अब यह हिमाचल में भी लागू होगा या एक अच्छी बात है और अपनी दुकानों के बाहर अपनी नेम प्लेट जरूर लगाएं।

दुकानदार सुशील शर्मा का कहना है कि मैं भी एक दुकानदार हूं। मैंने अपनी पहचान भी बताई है और इसमें कोई भी बुरी बात नहीं है। अगर कोई अपनी पहचान छुपाता है तो वह बुरी बात है, इसलिए रेहड़ी वाले या दुकानदार पहचान को ना छुपाएं, जो कि बुरी बात है।

अश्विनी का कहना है कि हर दुकानदार को अपनी पहचान और नेम प्लेट लगाना जरूरी है। इससे हमारा कोई भी नुकसान नहीं है और हमें अपनी पहचान जरूर बतानी चाहिए। हमें अपनी दुकानों के बाहर अपने नाम के प्लेट लगना जरूरी है। इससे किसी का भी कोई भी नुकसान नहीं होने वाला है। विजय वर्मा का कहना है कि या बहुत ही अच्छी बात है कि अपनी नेम प्लेट चाहे दुकानदार हो या फिर रेहड़ी वाले, यह एक अच्छी पहल है। उन्होंने कहा कि अब यह हिमाचल में भी लागू होगा या एक अच्छी बात है और अपनी दुकानों के बाहर अपनी नेम प्लेट जरूर लगाएं।

मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने पिछले कल इस संबंध में शहरी विकास विभाग व नगर निगम शिमला के अधिकारियों को उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिएहैं। फोटो युक्त आईडी बनाने के लिए निगम जल्द ही अपने स्तर पर प्रक्रिया शुरू करे, ताकि जल्द ही यह व्यवस्था शिमला सहित अन्य जिलों में शुरू हो सके। इससे बाहरी राज्यों से अवैध तरीके से आने वाले तहबाजारियों पर रोक लग सकेगी। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### तीन लाख के चेक बाउंस में आरोपी बरी

**सुनील शर्मा, गोहर।** गांव सलाहर डॉ. देवधार तहसील चच्योट जिला मंडी हिप्र के स्थानीय निवासी नरेंद्र प्रकाश पुत्र बख्शी राम ने तीन लाख रुपए का चेक पीएनबी शाखा चैलचौक बैंक में लगाया था, जो स्थानीय वासी प्रेम सिंह पुत्र नारायण दास गांव बैहरी डॉ. कोट तहसील चच्योट जिला मंडी के विरूद्ध शिकायत माननीय न्यायालय गोहर में दर्ज कराई थी और शिकायत में बताया था कि आरोपी प्रेम सिंह ने शिकायतकर्ता से तीन लाख रुपए उधार लिए और एक जनवरी 2022 को इस बारे चेक दिया था। उस शिकायत पर माननीय अदालत गोहर ने आरोपी को अदालत में तलब करके इस बारे अपना पक्ष रखने के लिए कहा, तो आरोपी प्रेम सिंह ने अपना पक्ष स्थानीय वकील नरेश कुमार शर्मा के द्वारा अपना पक्ष प्रस्तुत किया था इस बारे शिकायतकर्ता व आरोपी को माननीय न्यायालय ने अपने अपने गवाह पेश करने के लिए उचित समय दिया तथा कानूनी प्रक्रिया के तहत आरोपी प्रेम सिंह पुत्र नारायण के अधिवक्ता नरेश कुमार शर्मा ने विभिन्न धाराओं के तहत आरोपी की पैरवी की तथा शिकायत पत्र की कार्रवाई पूर्ण होने के पश्चात कानूनी दलीलें माननीय न्यायाधीश गोहर प्रतीक गुप्ता के समक्ष रखी तथा माननीय न्यायाधीश ने दोनों तरफ की कार्रवाई को मद्देनजर रखते हुए और गवाहों के ब्यानात अनुसार शिकायतकर्ता की शिकायत को कानूनी प्रक्रिया के तहत उचित नहीं माना तथा चैक बाउंस के मामले में आरोपी को बरी कर दिया। उपरोक्त शिकायत पत्र की पुष्टि स्थानीय अधिवक्ता नरेश कुमार शर्मा ने मौजूदा फैसले के आधार पर की है।

### सुन्नी कॉलेज में दो दिवसीय प्रवेश शिविर का शुभारंभ



**अनंत ज्ञान, सुन्नी।** अटल बिहारी राजकीय महाविद्यालय सुन्नी में रोवर्स एवं रेंजर इकाई के द्वारा के दो दिवसीय प्रवेश शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य नए छात्रों को रोवर्स और रेंजर्स की गतिविधियों से अवगत कराना था। शिविर में महाविद्यालय के लगभग 40 रोवर्स एवं रेंजर्स ने भाग लिया और उत्साहपूर्वक विभिन्न गतिविधियों में हिस्सा लिया। इस अवसर पर इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर सुनील आचार्य ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि रोवर्स और रेंजर्स इकाई का सदस्य बनकर युवाओं में सेवा, अनुशासन और नेतृत्व जैसे गुणों का विकास होता है, उन्हें एक अच्छे नागरिक बनने में मदद करता है।

### सरस्वती कॉलेज में मनाया विश्व पर्यटन दिवस



**दक्षमी रावत, जुब्बल।** सरस्वती नगर कॉलेज में विश्व पर्यटन दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर कॉलेज के प्रानाचार्य डॉ. पी पी चौहान मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। यह कार्यक्रम कॉलेज के वोकेशनल विभाग द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर पर्यटन विषय पर परिचय अभिभाषण पर्यटन विभाग के प्राध्यापक द्वारा दिया गया। साथ ही पर्यटन विभाग के द्वारा रोचक क्विज का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने हिस्सा लिया।

### स्वच्छता ग्रीन लीफ रेटिंग सिस्टम पर बैठक आयोजित

**चौपाल/ नेरवा।** स्वच्छता ही सेवा पर्व के अंतर्गत एसडीएम चौपाल हेमचंद वर्मा के कार्यालय में ग्रीन लीफ रेटिंग सिस्टम बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक उप मंडल स्तरीय कमेटी द्वारा की गई जिसका उद्देश्य किन्हीं 5 रेस्ट हाउस, होटल इत्यादि का निरीक्षण करना है। कमेटी द्वारा पी डब्लयू डी रेस्ट हाउस चौपाल तथा नेरवा, कंवर कॉम्पलेक्स नेरवा, फॉरेस्ट रेस्ट हाउस चौपाल, राजस्व सदन चौपाल का चयन इस कार्य के लिए किया गया है। इसी कड़ी में इन 5 स्थानों की रेटिंग कुछ मानकों अनुसार कमेटी द्वारा की जायेगी जिसमें ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, मल कीचड़ प्रबंधन और ग्रे वॉटर मैनेजमेंट इत्यादि मानक शामिल हैं।

# तेलका स्कूल के भवन को दो करोड़ 16 लाख की सौगात

**ओपी शर्मा, चंबा**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल तेलका के भवन के निर्माण कार्य को शुरू करवाने हेतु प्रदेश सरकार व शिक्षा विभाग ने 2 करोड़ 16 लाख से अधिक की राशि स्वीकृत की गई है।

पूर्व शिक्षा मंत्री आशा कुमारी ने तेलका स्कूल में अंडर 14 जिला स्तरीय छात्रा वर्ग की खेलकूद प्रतियोगिता के शुभारंभ के मौके पर कही। उन्होंने बताया कि तेलका स्कूल के भवन का निर्माण कार्य पिछले छः वर्षों से शुरु नहीं हो पाया था, परंतु जैसे ही प्रदेश में ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुखु की सरकार बनी तो इस भवन निर्माण की प्रक्रिया जोर शोर से शुरु हुई।

गौरतलब है पिछले माह जब शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर चम्बा के दौरे पर आए थे तो स्कूल प्रबंधन समिती सदस्य व कांग्रेस कार्यकर्ताओं का एक प्रतिनिधिमंडल चंबा में मिला था और उन्हे तेलका स्कूल के भवन का निर्माण कार्य शुरू करने के बारे में मांग पत्र भी दिया था।



संबोधित करती हुई आशा कुमारी।

**सिमनी गांव की सड़क को पक्का करने के लिए 43 लाख रुपए की राशि स्वीकृत**

जिसपर शिक्षा मंत्री ने तेलका स्कूल के भवन निर्माण का कार्य जल्द से जल्द शुरू करवाने का आश्वासन दिया था।

इसके अलावा आशा कुमारी ने बताया कि राजकिय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल भलेई के साइंस लैब के भवन निर्माण कार्य हेतु 1 करोड़ 70 लाख रुपए की राशि स्वीकृत हो गई है।

इन दोनों कार्यों की निविदा प्रक्रिया बुला ली गई है, जल्द ही इस का निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। उसके अलावा सिमनी गांव के लिए बनाई गई सड़क को पक्का करने हेतु 43 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई है, जिसका कार्य जल्द ही शुरू हो जाएगा।

इस मौके पर स्कूल प्रबंधन समिती अध्यक्ष चमारू राम ठाकुर,जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कमल ठाकुर , द्रेकड़ी पंचायत प्रधान आशा देवी , सेरी की प्रधान ज्योति ठाकुर, मांझली के प्रधान हंस राज, मौड़ा के पूर्व प्रधान धर्म सिंह ठाकुर, कर्म सिंह, राजेंद्र कुमार व विजय कुमार सहित लोग उपस्थित रहे।

## आवारा पशुओं एवं कुत्तों से बनीखेतवासी परेशान

**अनंत ज्ञान, डलहौजी।** बनीखेत में इन दिनों कुत्तों एवं पशुओं का आतंक बना हुआ है बनीखेत बस अड्डा, मुख्य बाजार एवं पद्दर बाजार में इन दिनों कुत्तों की संख्या में अत्यधिक इजाफा हो जाने के कारण लोगों में एक खौफ का माहौल बना हुआ है सुबह छोटे-छोटे बच्चों का स्कूल जाते टाइम समय डर बना रहता है कि कहीं कुत्ते बच्चों को अपना शिकार ना बना ले शाम के समय या रात के समय यह कुत्ते झुंडों में हर किसी पर हमला कर देते हैं जिससे बीते कुछ समय से कुत्तों के हमलों से कईयों के घायल होने के मामले प्रकाश में आए हैं।

हालांकि इस संबंध में लोगों ने पंचायत स्तर पर अपनी के शिकायतें भी दर्ज करवाई किंतु अभी तक उन पर कोई खास कार्रवाई देखने को नहीं मिली है तो वहीं दूसरी तरफ आवारा पशुओं का भी आतंक व्याप्त है जगह जगह आवारा पशु आते जाते की आम ग्राम वासियों को अपना शिकार बन चुके हैं। इस संबंध में लोगों ने ग्राम पंचायत बनीखेत को शिकायत की है। ग्राम पंचायत प्रधान अरुण राणा ने बताया कि लोगों की हमें शिकायतें मिली है और इस पर हमने प्रशासन को अवगत करवा दिया है।

## दो दशकों से पलानी पुल का शुरू नहीं हो पाया निर्माण कार्य

**अनंत ज्ञान, चंबा**



दो दशकों से पलानी पुल का निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया। पुल का निर्माण कार्य शुरू न होने के चलते यहां के ग्रामीणों में काफी रोष पनप रहा है। शीघ्र पुल का काम शुरू न होने पर यहां के लोगों ने नया आंदोलन छेड़ने की चेतावनी प्रशासन व विभाग को दे दी। स्थानीय निवासी एवं सामाजिक कार्यकर्ता रामपाल वर्मा ने कहा की जल्द से जल्द पलानी नाला पुल का निर्माण कार्य शुरू नही किया जाता तो आने वाले समय में एक बड़ा आंदोलन छेड़ा जाएगा जिसके लिए भरमौर शासन और प्रशासन खुद जिम्मेदार होगा। रामपाल वर्मा ने कहा की पीडब्ल्यूडी मिनिस्टर ने उन्हें आश्वाशन दिया था लेकिन उसके बाबजूद भी निर्माण कार्य शुरू नही हो रहा है। जिसके लिए रामपाल वर्मा ने मुख्यमंत्री सेवा संकल्प में अपनी शिकायत भी दर्ज करवाई है।

पलानी नाले पर पुल न होने के कारण अब तक दर्जनों लोग हादसे में अपनी जान दे चुके हैं। पुल के निर्माण को लेकर पिछले कई सालों से पूरी पंचायत के लोग पूरी तरह से लामबंद है लेकिन बावजूद इसके अभी तक भी इस पुल का निर्माण शुरू नहीं हो पाया है।

लोकसभा चुनाव के दौरान स्थानीय विधायक द्वार भी बड़ग्राम आके यह आश्वासन दिया था की आपके पुल का निर्माण कार्य जल्द शुरू किया जाएगा, इसके अलावा पीडब्ल्यूडी अधिकारी जब भरमौर दौरे पर आए थे तो उस दिन भी मंत्री को मांग पत्र सौंपा गया था, इसके अलावा स्थानीय प्रशाशन को भी कई बार मांग पत्र दिए गए लेकिन जनता को आश्वाशन के सिवा कुछ नहीं मिला और आज भी इसका कार्य ठप पड़ा हुआ है।

## चौगान नंबर 4 चिल्ड्रन पार्क के रूप में होगा विकसित

**अनंत ज्ञान, चंबा**



बैठम के दौरान मौजूद अध्यक्ष व अन्य।

नगर परिषद कार्यालय चंबा में जनरल हाउस का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता नगर परिषद चंबा की अध्यक्ष नीलम नैय्यर ने की।

चंबा शहर के विभिन्न विकासात्मक कार्यों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई, सभी पार्षदों ने अपने-अपने वार्ड की समस्याओं को सदन में सांझा किया। अध्यक्ष नीलम नैय्यर ने बताया कि बैठक के दौरान चौगान नंबर-चार को चिल्ड्रन पार्क के रूप में विकसित करने की सहमति बनी है। उन्होंने बताया कि नगर परिषद द्वारा लाखों रुपए खर्च करके झूले लगाए गए थे, लेकिन अंतर्राष्ट्रीय मिंजर मेले के दौरान इन झूलों को बार-बार उखाड़ने से काफी नुकसान पहुंचा है। लिहाजा अब नए सिरे से चिल्ड्रन पार्क को विकसित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त नगर परिषद चम्बा के दायरे में आने वाले क्षेत्रों में अवैध रूप से लगाए गए होर्डिंग्स को भी उखाड़ा जाएगा।

बैठक में नगर परिषद के रेस्ट हाउस भवन के निर्माण को लेकर भी चर्चा की गई है। बैठक में नगर परिषद उपाध्यक्ष सीमा कश्यप, पार्षद तीर्थ सिंह सहित कई अन्य मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

# नशे की रोकथाम के लिए आवश्यक कदम उठाने के आदेश

**अनंत ज्ञान, चंबा**

जिला परिषद अध्यक्ष डॉ. नीलम कुमारी की अध्यक्षता में जिला परिषद की त्रैमासिक बैठक आज बचत भवन चंबा में आयोजित की गई। बैठक में सड़क, स्वास्थ्य, पेयजल शिक्षा तथा विद्युत विभाग इत्यादि से संबंधित कुल 56 विभिन्न मदों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में अध्यक्ष डॉ. नीलम कुमारी ने सभी विभागों के अधिकारियों से जनहित के विभिन्न कार्यों को तय सीमा के भीतर पूर्ण करने के लिए विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला के विभिन्न स्थानों में नशे की रोकथाम के लिए आवश्यक कदम उठाने वाले भी अधिकारियों को निर्देश दिए गए।

इसके अतिरिक्त उन्होंने कुछ मदों से संबंधित अधूरे कार्यों को संबंधित विभाग द्वारा उचित कार्रवाई कर शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए ।





बैठक के दौरान मौजूद अधिकारी।

बैठक में अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद अमित मेहरा ने सभी विभागीय अधिकारियों को को निर्देश दिए कि वे विकासात्मक कार्यों तथा जन समस्याओं से संबंधित सभी लंबित मदों को पूरा करने के लिए सार्थक प्रयास करें तथा उन्हें न्यूनतम समय अवधि में पूर्ण करना सुनिश्चित करें। बैठक की कार्रवाई का संचालन सचिव एवं जिला पंचायत अधिकारी मनीष कुमार ने किया।

बैठक में खंड विकास अधिकारी मैहला रमनबीर सिंह चौहान, महाप्रबंधक उद्योग चंद्र भूषण, उपनिदेशक कृषि डॉ कुलदीप धीमान, उप निदेशक पशुपालन डॉ प्रमोद शाह, मुख्य चकित्सा अधिकारी डॉ विपन ठाकुर, जिला रोजगार अधिकारी अरविंद सिंह चौहान, ज़िला भाषा अधिकारी तुकेश शर्मा, अधिशासी अभियंता विद्युत प्रवेश ठाकुर, सहायक अभियंता दिनेश कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और जिला परिषद सदस्य मौजूद रहे।

# रेबीज जानलेवा संक्रमण : डॉ. ऋषि

**अनंत ज्ञान, चुराह**

चुराह विस क्षेत्र सिविल अस्पताल तीसा में जिला सतरीय वर्ल्ड रबीज दिवस का आयोजन डॉ. ऋषि पुरी की अध्यक्षता में मनाया गया ।

उन्होंने बताया कि रेबीज एक जानलेवा वायरल संक्रमण है जो इंसानों और जानवरों में मस्तिष्क और स्पाइनल कॉर्ड में सूजन का कारण बनता है। उन्होंने बताया कि यह दिन लूईस पासचर जन्मदिन पर हर साल मनाया जाता है जिसने इस वायरस की खोज की थी।

रेबीज से संक्रमित होने का सबसे आम तरीका किसी संक्रमित जानवर (चमगादड़, लोमड़ी, कुत्ता, बिल्ली) द्वारा काटा जाना है, यदि व्यक्ति को काटे जाने के तुरंत बाद रेबीज का टीका लग जाता है, तो





कैंप में जागरूक करते डॉक्टर व निचे मौजूद महिलाएं।

उसे लगभग कभी भी रेबीज नहीं होता है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय से जन शिक्षा एवं सूचना अधिकारी छांगा राम ठाकुर ने रेबीज के लक्षणों के बारे बताया।

## फॉरेस्ट नर्सरी बनीखेत का गार्ड क्वार्टर खंडर में हुआ तब्दील

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

वनमंडल डलहौजी के अंतर्गत बनीखेत की नर्सरी में फॉरेस्ट गार्ड क्वार्टर जो बीते कई सालों से अपनी बदहाली के आंसू रो रहा है जो आज मौजूदा समय में खंडार में तब्दील हो चुका है। जिसको लेकर वन विभाग बीते कई सालों से लेकर आज तक खंडर में तब्दील हो चुके इस भवन के निर्माण को लेकर गंभीर नहीं हुआ है।

इस बारे में जब रेंज ऑफिसर राहुल ठाकुर ने बताया कि फॉरेस्ट नर्सरी बनी खेत में जो पुराना गार्ड क्वार्टर जो आज गिर चुका है इस बारे में उचित दस्तावेज तैयार कर कर आगे प्रेषित किए जा चुके हैं ताकि इसे पूरी तरह से नए रूप से तैयार किया जा सके ताकि नर्सरी में उपयोग लाया जाने वाला सामान माली के



लिए रहने योग्य जगह निरीक्षण हेतु बाहरी लोगों के लिए बैठने का उचित प्रावधान इत्यादि इस भवन को लेकर किया गया है।

बता दें कि मौजूदा समय में फॉरेस्ट माली नर्सरी के साथ निजी कमरा किराए पर लेकर अपने कार्य को अंजाम दे रहा है अगर विभाग नए कमरे तैयार कर लेता है तो माली को 24 घंटे नर्सरी के बीचो-बीच रहकर अपनी सेवाएं दे सकेगा।

# एनएसएस बच्चों में करती है मानसिक व शारीरिक विकास

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

आज राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बनीखेत में सात दिवसीय एनएसएस कैंप का शुभारम्भ किया गया जिसकी अध्यक्षता प्रधानाचार्य प्रीतम सिंह ठाकुर द्वारा की गई।

प्रधानाचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि एनएसएस न केवल बच्चों में मानसिक शारीरिक विकास करती है, बल्कि समाजसेवा एवं समाजिक दायित्व की भावना पैदा करती है।

प्रधानाचार्य ने बच्चों से आह्वान भी किया कि विद्यार्थी जीवन में अवश्य एनएसएस स्वयंसेवक बने।



कैंप के दौरान मौजूद बच्चे व (इनसेट में) संबोधित करते हुए गणमन्य।

एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी नीरज शर्मा व अन्जना ठाकुर ने सात दिन तक चलने वाली गतिविधियों का ब्यौरा रखा तथा सुबह प्रभात फेरी निकालने के बारे में बताया। समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।(अनंत ज्ञान)

| सूडोकु 0070 (कठिन) | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | 1 | 9 | | |
| | | | | | | 8 | 5 | |
| | | | 7 | 3 | | | | |
| | | | 3 | | | | 4 | 7 |
| 9 | | | | | | | | 2 |
| 8 | 5 | | | | 6 | | | |
| | | | | 5 | 8 | | | |
| | 7 | 4 | | | | | | |
| | | 6 | 2 | | | | | 5 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

**सूडोकु 0069 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 4 | 3 | 5 | 8 | 2 | 9 |
| 3 | 8 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 6 | 2 | 4 | 8 | 5 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 9 | 1 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 6 | 2 | 4 | 8 |
| 8 | 9 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 9 | 1 |

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

## आज का पंचांग

28 सितंबर, 2024, शनिवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** भाद्रपद, **तिथि** एकादशी : (2:52): **नक्षत्र** अश्लेषा (03:38), **पक्ष :** कृष्ण **योग:** सिद्ध (11:49) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:47-12:35), **राहुकाल** (09:12 -10:41)।

**विशेष दिन**

- 28 सितंबर : इंदिरा एकादशी का व्रत आज।
- 29 सितंबर : विश्व हृदय दिवस कल।

**मेष:** मनचाहा जीवनसाथी मिलने से मन प्रसन्न रहेगा। कारोबार में बार-बार हो रहे नुकसान से चिंतित रहेंगे। विवाद से हानि संभव है। जोखिम-जमानत के कार्य टालें।

**वृषभ:** नए लोगों से संपर्क आगे बढ़ने में मददगार साबित होगा। वाहन सुख मिलेगा। घर, परिवार की चिंता रहेगी। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**मिथुन:** परिवार के लोगों की नासमझी की वजह से क्रोधित होंगे। राजनीति में नाम कमाने के लिए अधिक मेहनत करना होगी। संपत्ति के कार्य लाभ देंगे।

**कर्क:** मन में प्रसन्नता रहेगी। समय पर कार्य होने से आत्मविश्वास बढ़ेगा। पार्टी-पिकनिक का आनंद मिलेगा। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। विद्यार्थी वर्ग सफल रहेगा।

**सिंह:** आजीविका के साधनों में वृद्धि होगी। नए वस्त्रों की प्राप्ति संभव है। मेहनत का फल न मिलने से क्रोध व दुख होगा। कलह व हानि संभव है।

**कन्या:** जीवनसाथी के साथ मतभेद होगा। आय के नए स्रोत हाथ आएंगे। संतों का सान्निध्य प्राप्त होगा। शरीर कष्ट रह सकता है। आज मन में क्लेश रहेगा।

**तुला:** कार्य की अधिकता रहेगी। संतान की उन्नति से खुश होंगे। राजकीय कोप का सामना कर पड़ सकता है, सावधान रहें। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**वृश्चिक :** आपकी भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। धन प्राप्ति सुगम होगी। धर्म से जुड़ी यात्रा सफल रहेगी। विवेक से कार्य करें।

**धनु :** परिवार में किसी समारोह की रूपरेखा बनेगी। बड़े खर्च सामने आएंगे। लाभ के अवसर हाथ से निकलेंगे। चिंता, भय व तनाव का वातावरण रहेगा।

**मकर:** व्यावसायिक बकाया वसूली होगी। अस्वस्थता रहेगी। संतान के विवाह कि चिंता बढ़ सकती है। यात्रा सफल रहेगी। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। प्रेम-प्रसंग में टकराव संभव है।

**कुंभ:** व्यापार में नई योजनाएं बनेंगी। जो लाभान्वित करेंगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। शत्रु आप के कार्यों में अवरोध पैदा करने की कोशिश करेंगे।

**मीन:** आज आप की धार्मिक आस्था बढ़ेगी। भवन के निर्माण में आ रही प्रशासनिक बाधा दूर होगी। निवेश-नौकरी मनोनुकूल रहेंगे। जीवनसाथी की चिंता रहेगी।

# लोगों ने 63 केवी क्षमता वाला ट्रांसफार्मर लगाने की उठाई मांग

**अजाम डार, चुराह**

चुराह विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत गुवाड़ी मुहाल पुखतला के गांव पिछले तीन सप्ताह से अंधेरे से जूझ रहे हैं जिस वजह से आसपास के गांव के लोगों को काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। स्कूल में पढ़ रहे विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई करने में काफी दिकतें पेश आ रही है। सुबह शाम माता और बहनों को खाना बनाने में काफ़ी समस्या झेलनी पड़ रही है।

लोगों को अपना मोबइल फोन



चार्ज करने पांच से सात किलोमीटर दूर जाना पड़ रहा है , जिसके बारे में बार बार विभाग को अवगत करवाया गया लेकिन कोई कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई।

स्थानीय निवासी महबूब खान, बेंसु राम, आलम राम, बजीर मोहम्मद, अयूब खान, जाकिर हुसैन, नूर मोहम्मद, शेर मोहम्मद, हेम राज, भाग देई इन ग्रामीणों का कहना है कि ये ट्रांसफार्मर 6 बार जल चूका है जिसकी क्षमता 25 केवी की है। इन ग्रामीणों ने विभाग मांग की है की 63 केवी क्षमता वला ट्रांसफार्मर लगवाया जाए। लोगों ने विभाग को चेताया है की उनकी मांग को पूरा नहीं किया गया तो सड़कों पर उतरने से भी परहेज नहीं करेंगे।

अभिशाषि अभियंता परवेश ठाकुर का कहना है की ट्रांसफार्मर से संबंधित जानकारी उनके पास पंहुची है 63 केवी ट्रांसफार्मर गुवाड़ी के लिए बजट में डाल दिया है।

## क्षतिग्रस्त होर्डिंग की मरम्मत करें संबंधित विभाग : उपायुक्त

**अनंत ज्ञान, शिमला**

जिला में सरकारी जन सूचनाओं से जुड़े होर्डिंग की मरम्मत को लेकर उपायुक्त ने सभी विभागों को निर्देश जारी कर दिए है। उपायुक्त अनुपम कश्यप ने कहा कि जिला भर में विभागों ने अपने अपने विभाग की योजनाओं एवं जन सूचनाओं से जुड़े होर्डिंग विभिन्न स्थानों पर लगाए है। लेकिन कई जगह होर्डिंग काफी पुराने है। कुछ होर्डिंग मौसम के कारण क्षतिग्रस्त भी हो चुके है । ऐसे में इस प्रकार के सभी होर्डिंग की मरम्मत करने के निर्देश संबधित विभागों को जारी कर दिए है। उपायुक्त ने कहा कि आम जनता को सही सूचना मुहैया करवाने के लिए हर विभाग प्रयासरत है। ऐसे में होर्डिंग को लेकर समय समय पर निरंतर मरम्मत करने के निर्देश दिए है। जिला के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों के लिए सरकारी विभागों की ओर से लगाए गए होर्डिंग काफी मददगार साबित होते है। आला अधिकारियों को निर्देश दिए है कि मरम्मत कार्यों को शीघ्र पूरा करें।

## राष्ट्रीय योजना आवासीय शिविर का आगाज

**अनंत ज्ञान, सुन्नी ।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तत्तापानी में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय आवासीय शिविर का शुभारम्भ किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन क्षेत्र के समाज-सेवी,हिमाचल प्रदेश सरकार से सेवानिवृत उप-निमन्त्रक वित्त एवं लेखा तथा कांग्रेस पार्टी के जिला उपाध्यक्ष भगत राम व्यास द्वारा किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या नीलम कुमारी कार्यक्रम अधिकारी हेमराज वर्मा, तथा उपस्थित स्वयंसेवियों ने मुख्य अतिथि का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया । इस अवसर पर मुख्य अतिथि के साथ मण्डल किसान कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष भीम सिंह वर्मा नै भी मौजूद रहे ।

# सड़क किनारे फेंका कूड़ा, निगम की टीम ने मौके पर धर दबोचा

**अनिल शर्मा, मंडी**

नगर निगम मंडी में नदी नालों व जंगलों में कूड़ा फेंकने वालों के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। इस कारण मंडी को साफ सुथरा रखना मुश्किल हो गया है। शुक्रवार को भी ऐसा ही एक मामला सामने आया जब बिजनी रोड़ पर कूड़ा डंप करते हुए एक व्यक्ति को देखा गया। इस दौरान किसी इसकी सूचना नगर निगम आयुक्त एचएस राणा को दी।

सूचना मिलते ही नगर निगम आयुक्त ने एक टीम घटनास्थल पर भेजी और सीसीटीवी की सहायता से गाड़ी का पीछा किया। पीछा करते हुए नगर निगम की टीम कूड़ा फेंकने वाले के निवास पर पहुंच गए। प्राप्त तथ्यों के आधार पर टीम

**चालान काट दी हिदायत, दोबारा न हो ऐसा**

**सोशल मीडिया में वीडियो वायरल होने पर निगम ने की कार्रवाई**

ने चालान काट कर दोबारा ऐसा न करने की हिदायत दी।

गौर हो कि दो व्यक्तियों द्वारा गाड़ी में कूड़े के आधा दर्जन से अधिक बोरे भरकर बिजनी रोड के साथ सड़क किनारे पहाड़ी एरिया में फेंके जा रहे थे कि घटना वीडियो में कैद हो गई। सोशल मीडिया में वीडियो वायरल होने पर इसकी शिकायत नगर निगम आयुक्त को की गई, जिसके उपरांत कार्रवाई अमल में लाई गई। (अनंत ज्ञान)



सड़क किनारे फेंका जा रहा कूड़ा।

> मंडी को साफ सुथरा रखने के लिए सभी का सहयोग बहुत जरूरी है। यदि कुछ लोग नहीं मानते हैं तो कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।
> **-एचएस राणा, नगर निगम आयुक्त मंडी।**

> सभी लोगों से मंडी शहर और उसके आसपास इलाकों को साफ सुथरा रखने के लिए सहयोग की अपील करते हैं। प्रतिदिन कूड़ा हर घर से लिया जा रहा है। कूड़ा इधर उधर न फैंकें।
> **-वीरेंद्र भट्ट, महापौर, नगर निगम।**

सैनिक जो हमेशा अपने देश के प्रति वफादार रहते हैं, जो हमेशा अपने जीवन बलिदान के लिए तैयार होते हैं, वो अजेय हैं। –सुभाष चंद्र बोस

## संपादकीय

# मजदूरों को सौगात

किसी भी राष्ट्र के निर्माण में मजदूरों का अहम योगदान होता है। देश की समृद्धि और खुशहाली में खेत–खलिहान से लेकर कारखानों तक मजदूर अमूल्य योगदान देते हैं, मगर कई बार सरकारें उनके कार्यों को नजरअंदाज करती रहती हैं। दरअसल, मजदूरों के हितों का संरक्षण और संवर्धन करना सरकार का ही दायित्व होता है। इसी बात को मद्देनजर रखकर मोदी सरकार ने मजदूरों की दिहाड़ी बढ़ाकर नेक काम किया है। दिहाड़ी बढ़ाते वक्त सरकार ने महंगाई भत्ते में संशोधन करके श्रमिकों की न्यूनतम मजदूरी दर में इजाफे की सौगात दी है। न्यूनतम मजदूरी दरों को कौशल स्तर–अकुशल, अर्ध–कुशल, कुशल और उच्च कुशल–के साथ–साथ भौगोलिक क्षेत्र–ए, बी और सी के आधार पर वर्गीकृत किया गया है। केंद्र सरकार के संशोधन के बाद, 'ए' क्षेत्र में निर्माण, झाड़ू लगाने, सफाई, लोडिंग एवं अनलोडिंग जैसे अकुशल कार्यों में लगे श्रमिकों के लिए न्यूनतम मजदूरी दर 783 रुपए प्रतिदिन होगी।

अर्ध–कुशल श्रमिकों के लिए 868 और कुशल, लिपिक तथा बिना हथियार वाले चौकीदारों के लिए 954 रुपए प्रतिदिन होगी। उच्च कुशल और हथियार रखने वाले कर्मियों के लिए न्यूनतम मजदूरी दर 1,035 रुपए प्रतिदिन होगी। सरकार का नई मजदूरी दरें बढ़ाने का आदेश 1 अक्तूबर 2024 से लागू होगा। पिछला संशोधन अप्रैल 2024 में किया गया था। मजदूरों का श्रम आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, जिससे देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होती है। मजदूरों के श्रम से उद्योगों की प्रगति होती है, जिससे देश में रोजगार के अवसर बढ़ते हैं। बुनियादी ढांचे का निर्माण होता है, जैसे कि सड़कें, पुल, भवन आदि। मजदूरों के श्रम से कृषि विकास होता है, जिससे देश में खाद्य सुरक्षा बढ़ती है। वहीं, मजदूरों के अधिकारों की रक्षा करने से सामाजिक न्याय की स्थापना होती है। मजदूरों की एकता से राष्ट्रीय एकता बढ़ती है और देश की अखंडता की रक्षा होती है। मजदूरों के श्रम से उत्पादकता में वृद्धि होती है, जिससे देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होती है। नवाचार और अनुसंधान को बढ़ावा मिलता है, जिससे देश में वैज्ञानिक और तकनीकी प्रगति होती है।

मजदूरों के योगदान को पहचानने और सम्मान करने के लिए हर साल मजदूर दिवस मनाया जाता है, ताकि उनके अधिकारों की रक्षा हो सके। मजदूरों के लिए सरकार ने कई सामाजिक सुरक्षा योजनाएं चलाई हुई हैं। मजदूरों के लिए शिक्षा और प्रशिक्षण कार्यक्रम तथा स्वास्थ्य सेवाएं भी जरूरी होती हैं। इन उपायों से मजदूरों का योगदान और भी बढ़ सकता है और देश की प्रगति में उनकी भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो सकती है। निश्चित रूप से सरकार के इस फैसले से मजदूरों की दिहाड़ी बढ़ने से उनकी आय में वृद्धि होगी, जिससे वे अपने परिवार का भरण–पोषण बेहतर ढंग से कर सकेंगे। मजदूरों की आय में वृद्धि से उनकी आर्थिक स्थिरता में सुधार होगा, जिससे वे अपने भविष्य के लिए बचत कर सकेंगे। मजदूरों की आय में वृद्धि से उनका उपभोग बढ़ेगा, जिससे अर्थव्यवस्था में वृद्धि होगी। मजदूरों की दिहाड़ी बढ़ने से रोजगार के अवसरों में वृद्धि होगी, क्योंकि उद्योगों को अधिक श्रमिकों की आवश्यकता होगी।

मजदूरों की दिहाड़ी बढ़ने से सामाजिक न्याय की स्थापना होगी, क्योंकि मजदूरों को उनके श्रम का उचित मुआवजा मिलेगा। मजदूरों की दिहाड़ी बढ़ने से उनकी उत्पादकता में वृद्धि होगी, क्योंकि वे अपने काम में अधिक प्रेरित होंगे। मजदूरों की आय में वृद्धि से वे अपने स्वास्थ्य और शिक्षा पर अधिक खर्च कर सकेंगे। मजदूरों की दिहाड़ी बढ़ने से अर्थव्यवस्था में वृद्धि होगी, क्योंकि मजदूरों की आय में वृद्धि से उपभोग में वृद्धि होगी। मजदूरों की दिहाड़ी बढ़ाने के लिए न्यूनतम मजदूरी अधिनियम का पालन बेहद जरूरी होता है। इन उपायों से मजदूरों के जीवन में सुधार हो सकता है। मजदूरों के श्रम से राष्ट्र निर्माण का मतलब है राज्य की ताकत का इस्तेमाल करके राष्ट्रीय पहचान को बनाना या उसे संरक्षित करना। इसका मकसद देश के अंदर लोगों को एकजुट करना है ताकि देश लंबे समय तक राजनीतिक रूप से स्थिर और मजबूत बना रहे। हमें मजदूरों के योगदान को कदापि नहीं भूलना चाहिए। उन्हें और अच्छा काम करने के लिए प्रेरित करते रहना चाहिए। सरकारों को भी चाहिए कि वह उनके कल्याण के लिए समय के साथ योजनाओं में बदलाव कर उन्हें मूर्त रूप देती रही, ताकि देश की तरक्की का मार्ग निर्विघ्न प्रशस्त होता रहे। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### देश के महान स्वतंत्रता सेनानी

अमर बलिदानी सरदार भगतसिंह का नाम विश्व में 20वीं शताब्दी के अमर बलिदानियों में बहुत ऊंचा है। भगत सिंह ने देश की आजादी के लिए जिस साहस के साथ शक्तिशाली ब्रिटिश सरकार का मुकाबला किया, वह आज के युवकों के लिए एक बहुत बड़ा आदर्श है। भगत सिंह अपने देश के लिए ही जीए और उसी के लिए बलिदान भी दे गए। भगत सिंह का जन्म पंजाब के जिला लायलपुर में बंगा गांव (पाकिस्तान) में हुआ था, एक देशभक्त सिक्ख परिवार में हुआ था, जिसका अनुकूल प्रभाव उन पर पड़ा था। भगत सिंह के पिता 'सरदार किशन सिंह' एवं उनके दो चाचा 'अजीत सिंह' तथा 'स्वर्ण सिंह' अंग्रेजों के खिलाफ होने के कारण जेल में बंद थे। जिस दिन भगत सिंह पैदा हुए, उनके पिता एवं चाचा को जेल से रिहा किया गया। इस शुभ घड़ी के अवसर पर भगत सिंह के घर में खुशी और भी बढ़ गई थी। भगत सिंह की दादी ने बच्चे का नाम 'भागां वाला' (अच्छे भाग्य वाला) रखा। बाद में उन्हें 'भगत सिंह' कहा जाने लगा। वे 14 वर्ष की आयु से ही पंजाब की क्रांतिकारी संस्थाओं में कार्य करने लगे थे। डीएवी स्कूल से उन्होंने नवीं की परीक्षा उत्तीर्ण की। 1923 में इंटरमीडिएट की परीक्षा पास करने के बाद उन्हें विवाह बंधन में बांधने की तैयारियां होने लगीं तो वे लाहौर से भागकर कानपुर आ गए। वे 'चंद्रशेखर आजाद' जैसे महान क्रांतिकारी के संपर्क में आए और बाद में उनके प्रगाढ़ मित्र बन गए। 1928 में 'सांडर्स हत्याकांड' के वे प्रमुख नायक थे। 8 अप्रैल, 1929 को ऐतिहासिक 'असेंबली बमकांड' के भी वे प्रमुख अभियुक्त माने गए थे। ■



**सरदार भगत सिंह**
**जन्म :** 28 सितंबर, 1907
**मृत्यु :** 23 मार्च, 1931

## अपनी बात

स्वतंत्रता सेनानियों ने अपने प्रियजनों के लिए जो बलिदान दिया, उसके बारे में कोई सोच भी नहीं सकता, देश के लिए तो छोड़ ही दीजिए। उन्होंने जो दर्द, कष्ट और विपरीत परिस्थितियां झेलीं, उन्हें शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। उनके बाद की पीढ़ियां उनके निस्वार्थ बलिदान और कड़ी मेहनत के लिए हमेशा उनकी ऋणी रहेंगी। स्वतंत्रता सेनानियों के महत्व पर जितना भी जोर दिया जाए, कम है। आखिरकार, वे ही हैं जिनकी वजह से हम स्वतंत्रता दिवस मनाते हैं। चाहे उन्होंने कितनी भी छोटी भूमिका क्यों न निभाई हो, वे आज भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं जितने उस समय थे। इसके अलावा, उन्होंने देश और उसके लोगों के लिए खड़े होने के लिए उपनिवेशवादियों के खिलाफ विद्रोह किया। इसके अलावा, अधिकांश स्वतंत्रता सेनानी अपने लोगों की स्वतंत्रता की रक्षा के लिए युद्ध में भी गए। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि उनके पास कोई प्रशिक्षण नहीं था, उन्होंने अपने देश को स्वतंत्र कराने के शुद्ध इरादे से ऐसा किया। अधिकांश स्वतंत्रता सेनानियों ने स्वतंत्रता के लिए युद्ध में अपने प्राणों की आहुति दी। मैं शहीद भगत सिंह का पूरी तरह से आदर करता हूं कि उन्होंने हस्ते–हस्ते देश की आजादी के लिए फांसी पर चढ़कर अपने प्राणों की बलि दे दी। **शिवानी,सदरपुर**

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 पर भेज सकते हैं।**

# विचारशील और दार्शनिक विचारधारा के मालिक थे भगत सिंह

आम देखा गया है कि कमजोर पर हर कोई शेर बन जाता है और उसे दबाने का प्रयास करता है। प्रकृति का भी यही नियम है कि वही जीवित रह सकता हैं, जो परिस्थितियों का मुकाबला कर सकता हो, अर्थात कमजोर का कहीं भी अस्तित्व नहीं रहता, फिर वह इंसान हो या कोई अन्य जीव जंतु। 1857 के पश्चात तो फिर लगातार अंग्रेजों के विरुद्ध प्रदर्शन होने शुरू हो गए थे। पंजाब के कूका विद्रोह ने भी स्वतंत्रता संग्राम में अपनी विशेष भूमिका निभाई थी। वर्ष 1915 में रास बिहारी बोस व शाचिंद्रा नाथ संयाल ने बंगाल के साथ–साथ बिहार ,दिल्ली,राजपूताना व पंजाब से ले कर पेशावर तक कई एक छावनियां बना रखी थीं और नेता जी सुभाष चंद्र बोस द्वारा तो आजाद हिंद फौज का ही गठन कर दिया गया था। देखते ही देखते देश के कोने–कोने से नौजवान क्रांतिकारी, क्रांतिकारी गतिविधियों में शामिल होने लगे थे। इन्हीं में से पंजाब के एक किसान सिख परिवार के, सरदार भगत सिंह भी आ जाते हैं। पंजाब के गांव बंगा(अब पाकिस्तान) में माता विद्यावती व पिता किशन सिंह के यहां बालक भगत सिंह का जन्म 28 सितंबर 1907 को हुआ था (कहीं 27 सितंबर भी बताया जाता है)। कहते हैं कि वर्ष 1906 में जन्म के पूर्व भगत सिंह के पिता किशन सिंह व चाचा जेल में ही ( उपनिवेशीकरण विधेयक के विरुद्ध प्रदर्शन करने के कारण)थे।

इसीलिए इन दोनों के छूटने व भगत सिंह के जन्म की खुशी में भगत सिंह की दादी ने बच्चे को भागा वाला कहते हुए उसका नाम भी भगत सिंह रख दिया था। सरदार भगत सिंह की प्रारंभिक शिक्षा डीएवी पाठशाला व लाहौर कॉलेज में हुई थी। वर्ष 1919 में जब उसकी उम्र 12 साल की ही थी, तो उस समय घटित जालियां वाला बाग की घटना ने उसको पूरी तरह से झकझोर कर रख दिया और वह अपने स्कूल से पैदल (12 मील की दूरी)ही चल कर वहां(जालियां वाला बाग)पहुंच गए थे।

आगे वर्ष 1922 में चौरी चौरा हत्याकांड की घटना के बाद जब वह महात्मा गांधी से मिला और उसे किसी प्रकार की तसल्ली न मिली, तो उसका विश्वास अहिंसा से हट गया और वह( भगत सिंह) समझ गए कि आजादी बिना लड़ाई व हथियारों के प्राप्त नहीं की जा सकती और वह शीघ्र ही चंद्र शेखर आजाद से मिल कर गदर पार्टी में शामिल हो गया। इसी तरह जिस समय काकोरी कांड में राम प्रसाद बिस्मिल सहित 4 क्रांतिकारियों को फांसी व 16 को कारावास की सजा सुनाई गई, तो भी भगत सिंह को बड़ी निराशा हुई और फिर वह चंद्र शेखर आजाद से मिल कर हिंदुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन से जुड़ गए। वर्ष 1928 को जब साइमन कमीशन के विरोध में लाला लाजपत राय प्रदर्शन कर रहे थे, तो उन पर पुलिस लाठियों का ऐसा प्रहार हुआ, जिसे लाला जी सहन नहीं कर पाए और वह वीर गति को प्राप्त हो गए थे। इसका भी भगत सिंह को भारी आघात पहुंचा था, जिसका बदला लेने की सोच कर भगत सिंह अपने साथी राजगुरु से मिलकर 17 सितंबर 1928 को सहायक पुलिस अधीक्षक जेपी सांडर्स को गोली से उड़ने में सफल हो गए, वैसे योजना के अनुसार मरना तो पुलिस अधीक्षक स्टॉक को था, पर उन्होंने लाला जी का बदला ले लिया था। इसके पश्चात अपनी पहचान को छुपाने के लिए भगत सिंह ने अपने बाल कटवा कर हुलिया ही बदल लिया। 8 अप्रैल 1929 के दिन भगत सिंह अपने साथियों बटुकेश्वर दत्त और चंद्र शेखर आजाद के साथ अगले कार्यक्रम में ब्रिटिश भारतीय असेंबली सभागार के संसद भवन में बम व पर्चे फेंकने में सफल हो गए और वहां से भागे नहीं, बल्कि वहीं खड़े रहे, चाहते तो भाग सकते थे। बाद में पकड़े जाने पर उन्हें 2 वर्ष की सजा सुनाई गई। जेल में रहते हुए, इन्होंने 64 दिनों तक भूख हड़ताल भी की, जिसके फलस्वरूप यतिंदरनाथ की मृत्यु भी हो गई। जेल में रहते हुए भगत सिंह ने बहुत कुछ लिखा और पढ़ा भी। भगत सिंह अपने आप में एक उच्च विचारशील व दार्शनिक विचारधारा के मालिक थे, वो अक्सर कहते थे कि मुझे आप मार सकते हो, लेकिन मेरे विचारों को नहीं।



**लेखक : डॉ. कमल के प्यासा**
लोअर समखेतर, मंडी

मेरा शरीर कुचला जा सकता है, लेकिन मेरी आत्मा को नहीं। क्रांति मानव जाति का अविभाज्य अधिकार होता है, वैसे ही स्वतंत्रता हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है। दर्शन मानवीय दुर्बलता या ज्ञान की सीमाओं का परिणाम होता है। निर्दयी आलोचना और स्वतंत्र सोच, क्रांतिकारी सोच के दो जरूरी लक्षण हैं।

मैं एक मनुष्य हूं और मानव जाति को प्रभावित करने वाली हर वस्तु मुझे चकित करती है। बहरों को सुनने के लिए आवाज ऊंची करनी पड़ती है। (इसीलिए तो उन्होंने असेंबली हाल में बम के धमाके किए थे) विद्रोह क्रांति नहीं, यह तो हमें अपने लक्ष्य तक पहुंचाने का मार्ग है और प्रगति चाहने वाले हमेशा पुराने विचारों की आलोचना ही करते हैं और उन पर अविश्वास करके उन्हें चुनौती देते हैं। सरदार भगत सिंह जो कि गरीब मजदूर किसानों के विरुद्ध (शोषण करने वाले अंग्रेजों व पूंजीपतियों के विरुद्ध थे) होने वाले अत्याचारों के बारे में अक्सर लिखते रहते थे, को 29 अगस्त,1930 को भारतीय दंड संहिता की धारा 129 व 302 तथा विस्फोटक नियम की धारा 4 और 6 एफ के साथ आईपीसी की धारा 120 के अंतर्गत अपराधी घोषित कर दिया गया था। फिर 68 पृष्ठों की एक लंबी रिपोर्ट के साथ 7 अक्तूबर 1930 को उन्हें( सरदार भगत सिंह),सुखदेव व राजगुरु को फांसी की सजा सुना दी गई और साथ ही लाहौर में धारा 144 लगा दी गई। इसके पश्चात फांसी की सजा को रद्द करने के लिए प्रिवी परिषद में याचना भी की गई ,जो कि 10 जनवरी 1931 को रद्द कर दी गई।

कांग्रेस के अध्यक्ष पंडित मदन मोहन मालवीय द्वारा 14 फरवरी 1931 को व महात्मा गांधी द्वारा 17 फरवरी 1931 को, वॉइस राय से इस संबंध में बात भी की गई, लेकिन कुछ नहीं बना, तो फिर आम जनसमूह द्वारा याचना दाखिल की गई, लेकिन सरदार भगत सिंह किसी भी प्रकार से अंग्रेजों के आगे झुकने के खिलाफ थे। फलस्वरूप 23 मार्च,1931 को तीनों क्रांतिकारियों (भगत सिंह, सुखदेव व राजगुरु) को फांसी पर लटका दिया गया। कहते हैं कि सरदार भगत सिंह उस समय लेनिन की जीवनी पढ़ रहे थे और उन्होंने तब अपने दूसरे साथी क्रांतिकारियों से मिलने की इच्छा जताई थी ,,,,,और फिर उन्होंने किताब को उछाल कर ऊपर फेंक कर कहा था,* अब चलो *।

कहते हैं कि फांसी की ओर जाते हुए, तीनों के इक्कठे स्वर से ये गीत सुनाई दे रहा था,
*मेरा रंग दे बसंती चोला मां
माए रंग दे बसंती चोला ,,,,,, *ऐसा भी बताया जाता है कि अंग्रेज लोग उस समय इतना डर गए थे कि वे आम जनता तक उस फांसी की सूचना को नहीं पहुंचाना चाहते थे ।,,,,,,बड़े ही दुख के साथ यहां बताना पड़ रहा है कि उन जालिमों ने शहीदों की मृत देह के टुकड़े करके बोरी में डाल कर मिट्टी के तेल से जलाने का प्रयास भी किया था, ताकि लोगों को भनक न मिल सके, लेकिन कुछ गांव वालों को उसकी जानकारी मिल गई और फिर उन्होंने अपने शहीदों की विधिवत रूप से मान–सम्मान के साथ दाह संस्कार की रस्म अदा कर दी। आज हम अपने आजाद देश में रहकर आजादी के सुख भोग रहे हैं, जिसके लिए न जाने कितने ही क्रांतिकारियों और देश भक्तों ने अपनी जान की परवाह न करते हुए हंसते हंसते अपने प्राणों की आहुति दे डाली,,,,!
मेरा उन सभी शहीदों को शत शत नमन,,,!

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# जीवन शिक्षा और नैतिक मूल्य

आज से तीस पैंतीस साल पहले अगर कोई आपसे कहता कि आने वाले समय में प्राइवेट स्कूलों में 8वीं से 10वीं कक्षा तक बच्चों की फीस दस, बीस हजार से लेकर चालीस, पचास हजार तक महीना भी आम फीस होगी और लोग इतना सारा पैसा देकर आराम से अपने बच्चे को पढ़ाएंगे, तो आप शायद हंसते? हम जिन सरकारी स्कूलों में पढ़ते थे, उसकी फीस तो नाम मात्र हुआ करती थी। जिसका कोई बोझ घरवालों पर नहीं पड़ता था और प्राइवेट स्कूलों में भी कक्षा आठ दस तक की फीस दो, तीन या चार सौ से ज्यादा नहीं होती थी। हम लोगों ने जो पढ़ा, वही सब आज भी पढ़ाया जाता है और उस पढ़ाई का जीवन में जो इस्तेमाल हमने किया, वही आज के बच्चे भी करते हैं, लगभग लगभग यानी शून्य ! वो पढ़ाई सिर्फ एक क्लास से दूसरे क्लास में आगे जाने के लिए होती थी और वो आज भी है।

इसके अलावा उसका इस्तेमाल आपके निजी जीवन में न के बराबर है। हम उसे कहते तो शिक्षा हैं मगर वो शिक्षा नहीं होती। क्योंकि हमारे जीवन की निजी समस्या का कोई हल उसमें नहीं पढ़ाया जाता। मगर जिस बच्चे को उच्च कोटि की शिक्षा प्राप्त होती है, वह आगे जा कर अपने जीवन में आने वाली हर परिस्थिति को बेहतर ढंग से सुलझा सकता है। मगर वर्तमान शिक्षा प्रणाली बच्चों को यह सिखाती है कि आपको एक हल्का सा जुकाम भी हो जाए, तो शिक्षा आपको यह बताती है कि आप तुरंत डॉक्टर के पास जाएं और अगर आप घर पर भूखे रहे हैं, तो वो तथा कथित शिक्षा आपको फोन इस्तेमाल करके जोमेटो से खाना ऑर्डर करने तक के काबिल बनाती है। बस और कुछ नहीं, जिसके लिए अभिभावक कई हजारों रुपए फीस आंख मूंद कर दे रहे होते हैं और हम उसे उच्च शिक्षा बोलते हैं। आज के दौर में स्कूल–कॉलेज केवल व्यापार का माध्यम बन गया हैं।



**लेखिका : बिषना गाजटा**
शिमला, हिप्र

वहां केवल पैसे कमाने और व्यापार करने की शिक्षा दी जाती है, जीवन मूल्य और नैतिकता अब कहीं दूर–दूर तक नजर नहीं आते। यदि स्कूल और कॉलेजों में उच्च कोटि के गुरु हो, जिन्हें शिक्षा और ज्ञान का वास्तविक महत्व व सार्थकता पता हो, वो बच्चों के मन में नैतिक बीज बोते हैं और जीवन मूल्य और उद्देश्य का भी बच्चों को समय–समय पर ज्ञान देते हैं, ताकि आगे चलकर वो अपने साथ–साथ दूसरों के लिए भी एक स्वस्थ और उद्देश्यपूर्ण जीवन का निर्माण कर सकें। हमें सरकारी स्कूलों और कॉलेजों को अधिक महत्व देना चाहिए और सरकार को भी चाहिए कि शिक्षा के स्तर को और बेहतर करे ताकि लोग अपने बच्चों को सरकारी स्कूलों में भेज सकें। इससे अभिभावक पर आर्थिक बोझ नहीं पड़ेगा और बच्चे का भविष्य भी प्रकाशमय होगा।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

## कविता



### भगत सिंह कभी नहीं मरते

**भीम बसेडू राजपूत**

*भगत सिंह कभी नहीं मरते*
*दीवाने आजादी; सिंह साहब,*
*शहीद–ए–आजम भगत सिंह,*
*शेर की दहाड़ था वह बम बर्षक,*
*दिल दहला मचाई थी खलबली जिसने,*
*ईस्ट इंडिया कंपनी में,*
*फिरंगियों का दमघोंटू,*
*क्रांति की तेजाबी नदी का था वह उफान,*
*सिंह गुरुओं के शुभाशीर्वाद,*
*कर्मयोगी वह सिक्ख ललकार,*
*बढ़ता ही रहा आगे और आगे, महान देशभक्त*
*करता रहा जो;*
*दो–दो हाथ;*
*अंग्रेजों की गुलामी से; किया नाक में दम*
*लाटसाहबों को पटका;*
*लड़खड़ाई अंग्रेजी हुकूमत; विलायत का फिर*
*सर चकराया,*
*सबसे बड़ी की मुहब्बत जिसने,*
*राष्ट्र प्यारे ने मातृभूमि से,*
*सबसे बड़ी मिसाल भी तो है;*
*वह क्रांतिकारी हिंद भक्त,*
*बलिदान की स्वर्ण आभा इतिहास,*
*वह तो था दमखमी मर्द पंजप्यारा;*
*जवान शहीद हमारा ,*
*गुरिल्ला युद्ध योद्धा था वह पराक्रमी;*
*पगड़ीधारी सरदार शिरोमणि,*
*चित करता रहा अंग्रेज सैनिक और अल्लाह को*
*प्यारे भी,*
*हंसते–हंसते चूम लिया था भगत ने ;*
*सजा फांसी का फंदा,*
*लालिमा फिर वह बन चमके अमर जवान*
*ज्योति के; रुलाए मौके के कार कारिंदे और*
*रुलाया भारत देश,*
*भगत सिंह नहीं नाम भर,*
*यह तो है विचारधारा,*
*और नहीं मरती कभी विचारधारा,*
*नहीं मरते कभी भगत सिंह,*
*बसंती रंग बहादुर;*
*भगत सिंह कभी नहीं मरते;*
*भगत सिंह कभी नहीं मरते।*

# चाइल्ड पोर्नोग्राफी देखना, डाउनलोड करना या डाउनलोड करके डिलीट करना भी अपराध के दायरे में

गत 23 सितंबर 2024 को माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने चाइल्ड पोर्नोग्राफी के तहत एक अहम फैसला सुनाया। यह फैसला मद्रास उच्च न्यायालय द्वारा सुनाए गए फैसले के बिलकुल उलट था। माननीय सर्वोच्च न्यायालय की बेंच ने एक अहम फैसला सुनाते हुए कहा कि चाइल्ड पोर्नोग्राफी को देखना, उसे अपने मोबाइल पर डाउनलोड करना या डाउनलोड करके डिलीट करना भी अपराध के दायरे में आता है। सर्वोच्च न्यायालय की इस बेंच में स्वयं माननीय सीजेआई डॉ धनंजय यशवंत चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा ने केस की सुनवाई करते हुए, यह ऐतिहासिक फैसला सुनाया। दरअसल, सर्वोच्च न्यायालय ने मद्रास उच्च न्यायालय के उस फैसले को खारिज किया, जिसमें कहा गया था कि चाइल्ड पोर्नोग्राफी को अकेले में देखना या उसे डाउनलोड करना पॉक्सो अधिनियम व आईटी अधिनियम के तहत अपराध के दायरे में नहीं आता।

हालांकि सर्वोच्च न्यायालय ने अब इसे आपराधिक करार देते हुए, इस पर कड़ा संज्ञान लिया है। सर्वोच्च न्यायालय ने साफ कहा कि चाइल्ड पोर्नोग्राफी एक गंभीर मुद्दा है और इस शब्द के स्थान पर 'बाल यौन शोषण और दुर्व्यवहार सामग्री' शब्द का इस्तेमाल किया जाना चाहिए। इसके लिए संसद को पॉक्सो अधिनियम में संशोधन लाने की अति आवश्यकता है। आइए जानते हैं पॉक्सो अधिनियम आखिर है क्या? पॉक्सो अधिनियम यानी बाल यौन अपराध संरक्षण अधिनियम 2012 में लागू किया गया था। इसका मुख्य उद्देश्य बच्चों को यौन शोषण अथवा यौन उत्पीड़न के अपराधों से बचाना है।

इस अधिनियम के तहत कठोर से अत्यधिक कठोर दंड का प्रावधान रखा गया है। यह अधिनियम लड़के और लड़कियां दोनों को, किसी भी तरह के दुर्व्यवहार से समान रूप से सुरक्षा प्रदान करवाता है। पॉक्सो अधिनियम के तहत सेक्शन 14 (1) में बताया गया है कि जो कोई, अश्लील प्रयोजनों के लिए किसी बालक या बालकों का उपयोग करेगा, वह कम से कम पांच साल के कारावास और जुर्माने के तौर पर दंडित किया जाएगा और पुनः दोष सिद्ध होने पर कम से कम सात साल का कारावास और जुर्माने से भी दंडित किया जाएगा। इसी संदर्भ में यदि आईटी अधिनियम की बात करें, तो आईटी अधिनियम 67 (बी) बच्चों की अश्लील सामग्री को प्रकाशित या प्रसारित करने पर दंड के प्रावधान से संबंधित है। यदि कोई इसका उल्लंघन करता पाया जाता है, तो उसे कम से कम पांच साल के कारावास और दस लाख रुपए जुर्माने के तौर पर दंडित किया जाएगा। और पुनः दोष सिद्ध होने पर कम से कम सात साल का कारावास और दस लाख रुपए जुर्माने से दंडित किया जाएगा।



**लेखक : शिवालिक अवस्थी,**
शिला चौक, सिद्धपुर

यह तो हुई अधिनियमों की बात। अब पुनः यदि हम बाल यौन उत्पीड़न या बाल शोषण जैसे जघन्य अपराधों की बात करें, तो कठोर प्रावधान होने के बावजूद, इस तरह के कुकृत्य समाज को कलंकित करते नजर आ रहे हैं। अक्सर देखा जाता है कि बच्चों में हो रहे उनके यौन शोषण के मामलों में ज्यादातर रिश्तेदार या कोई करीबी ही संलिप्त रहते हैं। इसलिए बच्चों के किसी भी तरह के संकेत को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। जिसके साथ बच्चे असहज महसूस करें, उनके साथ कभी भी बच्चों को न रहने दें। यहां मामलों की बात करें तो एनसीआरबी की रिपोर्ट अनुसार पॉक्सो अधिनियम के तहत 2022 में धारा 4 और 6 के अंतर्गत 38444 केस पंजीकृत किए गए, जिनमें 38030 लड़कियां व 414 लड़के थे।

यह आंकड़ा बेहद चौकाने वाला है और सतर्कता ही इसका एकमात्र बचाव है। इसके लिए छोटी उम्र से ही बच्चों को गुड टच बैड टच के बारे में सिखाएं। बच्चों के साथ खुलकर बातचीत करें। खैर, हम यदि वापस इस प्रकरण पर आएं, तो इस सारे केस की शुरुआत होती है मद्रास उच्च न्यायालय से। दरअसल, मद्रास उच्च न्यायालय ने 28 साल के आरोपी व्यक्ति पर चल रहे केस को यह कहते हुए रद्द कर दिया कि चाइल्ड पोर्नोग्राफी को सिर्फ देखना या डाउनलोड करना पॉक्सो अधिनियम के तहत अपराध नहीं माना जाएगा। इसलिए पॉक्सो और आईटी अधिनियम के अंतर्गत किसी भी श्रेणी के तहत आरोपी को सजा नहीं सुनाई जा सकती। इसी कड़ी में कई संस्थाओं ने मिलकर सर्वोच्च न्यायालय से गुहार लगाई जिसपर सर्वोच्च न्यायालय ने मद्रास उच्च न्यायालय के निर्णय को पूरी तरह पलटते हुए, पुनः उस केस की सुनवाई करने को कहा। अब यह सुनवाई सत्र न्यायालय के अधीन निर्धारित की गई है। इसके लिए युवाओं को तुरंत प्रभाव से आत्मचिंतन करने की सख्त जरूरत है जिससे गलत को गलत कह सकने के लिए वे सदैव तैयार रहें। पोर्नोग्राफी के कुप्रभाव इतने घातक हैं जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। इसकी लत इंसान को खोखला बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ती।

इसके लिए यदि इंटरनेट का इस्तेमाल करते समय कोई भी वर्जित अथवा बाधित सामग्री दिखे, तो पुलिस को इसकी जानकारी दें, ताकि तुरंत प्रभाव से पोर्नोग्राफी फैलाए जाने वालों पर शिकंजा कसा जा सके। हमें हर तरह की पनप रही पोर्नोग्राफी के बढ़ते दायरे को रोकने के प्रयास करने होंगे, ताकि बच्चों के सुरक्षित व मजबूत भविष्य का निर्माण किया जा सके।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# माता–पिता की सेवा से बढ़कर कुछ भी नहीं

माता–पिता बच्चों की छोटी– छोटी बातों का ध्यान रखते हैं कि हमारे बच्चे बड़े हो रहे हैं उन्हें भी निजता चाहिए, अपने आप थोड़ी सी जगह में रहकर, अभाव सहकर बच्चों की हर जरूरत को पूरा करते हैं, लेकिन वही बच्चे बड़े होकर अपने माता–पिता को बोझ समझते हैं, उन्हें अपने से दूर रखने की कोशिश करते हैं, उनकी खांसी की आवाज, कराहने की आवाज बुरी लगती है। जो माता–पिता सारी–सारी रात जागकर बच्चों की देखभाल करते हैं, वही बच्चे बाद में उन्हें नजर अंदाज करते हैं। माता–पिता को यदि हम साथ नहीं ले जा पाते हैं, तो कोई बात नहीं, लेकिन यदि हम उनसे इतना ही कह दें कि हमें अमुक जगह जाना है, उसी में वह खुश हो जाते हैं, उन्हें लगता है कि मेरे बच्चे हमारी कितनी परवाह करते हैं। पूछने और बताने में अंतर होता है।

यह शब्दों का हेर–फेर है, लेकिन बुजुर्ग माता–पिता की आवश्यकताएं क्या हैं, हम लोगों का साथ और थोड़ा सा भोजन, यदि हम उनसे पूछ कर बनाएं, तो उन्हें भी लगेगा कि हमारी घर में सबको परवाह है। हमें अपने बुजुर्गों के अनुभवों से लाभ प्राप्त करना चाहिए अर्थात् सलाह लेनी चाहिए, आज की पीढ़ी छोटी सी समस्या आ जाने पर घबरा जाती है या आवेश में अजाती है, लेकिन यदि हम अपने बुजुर्गों से सलाह लेंगे, तो वह शांत चित्त से अपने अनुभव के आधार पर अच्छा मार्ग दर्शन देंगे। किसी एक दिन को मदर्स डे या फादर्स डे मनाने से कुछ नहीं होगा। माता–पिता हमारे लिए भगवान का दूसरा रूप है, हमारी सृजनकर्ता है, हमारा जो वजूद है, वह उन्हीं के कारण है। उनकी महत्ता को किसी विशेष दिन से बांधने की जरूरत नहीं है। यही छोटी–छोटी बातें हैं, जिनका अगर हम ध्यान दे, तो यह जीवन में ऊर्जा प्रदान करती है। जरूरत है बस इस अहसास को जगाने की है।



**लेखक : संजय गोस्वामी**
स्वतंत्र टिप्पणीकार

हमें अपने परिवार के साथ–साथ अपने बुजुर्ग माता पिता की देखरेख भी उतनी ही शिद्दत से करनी है, क्योंकि यह अनमोल है आज जो हमारा वजूद है वह इन्हीं की बदौलत है। अगर हमारे पास समय है, तो अपने बुजुर्ग यदि हमारे साथ नहीं है, तो हमारे आसपास भी बहुत से वृद्ध होंगे, जिन्हें हमारे साथ की आवश्यकता है यदि हम अपने व्यस्त समय में से कुछ समय निकाल कर तो हमें अपने परिवार अपने समाज को यह समय देना चाहिए, इससे हमें कितना संतोष मिलता है, क्योंकि परिवार से समाज, समाज से देश बनता है।

एक अच्छे नागरिक होने का यह हमारा कर्तव्य है कि हम अपने आसपास की बातों को भी नजरअंदाज न करें, बल्कि एक सभ्य/जागरूक नागरिक होने के नाते उन्हें भी पूरा करें। हमारे इस प्रयास को हमारे बच्चे भी देखते हैं, उन पर भी एक अच्छा संदेश जाएगा। क्योंकि जैसा हम बोते हैं वैसा ही काटेंगे। यह मेरी प्रार्थना है वैसे तो आज के समय में सब समझदार लोग हैं। मैं यह किसी पर कटाक्ष नहीं कर रहा हूं जो भी लोग अगर इन बातों का अमल करते हैं, उन्हें हमारी शुभकामनाएं। सदैव यही न सोचें कि उसने हमारे के लिए क्या किया, बल्कि यह सोचें कि हमने क्या किया। कई बार बुजुर्गों से भी गलती हो जाती है, वह जिद कर लेते हैं बच्चों की तरह, तो हमें यह बाते नजरअंदाज कर देनी चाहिए, क्योंकि कहते हैं न बच्चा बूढ़ा एक समान। किसी भी अच्छी बात की शुरुआत हमें अपने से करनी चाहिए, हमेशा दूसरे से ही अपेक्षा ने करें, स्वयं से शुरुआत करें। कहते हैं न जहां जागो, वही सवेरा है। मेरी बस एक विनती है, प्रार्थना है कि केवल अधिकारों को नही कर्तव्यों को भी याद रखें। मां–बाप की सेवा करो, कामयाब हो जाओगे, वरना सारी दुनिया जीत कर भी, हार जाओगे।

मनुष्य में जीने की इच्छा मृत्यु की लालसा से अधिक बलवती होती है। जीवन एक उल्लास है। तूफानी खुशी का दूसरा नाम जिंदगी है। जीवन का गहरा, सच्चा और स्थायी सुख कब मिलता है? मां–बाप के सुख के लिए जीने से। मां–बाप को सुख देने वाला व्यक्ति कभी दुःखी नहीं हो सकता है। मां–बाप के सुख के लिए जीने वाल व्यक्ति कभी दुःखी नहीं होता है। अपना अपमान अथवा अपनी हानि करने वालों के भी दुःख में सुख ढूंढने वाला कभी सुखी नहीं हो सकता। जीवन का सत्कार करने वाला सबसे प्रेम करता है, सबको यथाशक्ति, यथासंभव सुख देने का प्रयत्न करता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# एक दशक बाद डडोर वार्ड को मिलेगा पार्षद

## भावना व गीता के मध्य होगा सीधा मुकाबला, कई नेताओं की प्रतिष्ठा दांव पर

**आदर्श यादव, नेरचौक**

नेरचौक नगर परिषद के 9 नंबर वार्ड डडोर को एक दशक उपरांत पहली बार रविवार को पार्षद मिल जाएगा। इस वार्ड के लिए 29 सितंबर रविवार को मतदान होने जा रहा है।

9 नंबर वार्ड के लिए हो रहे इस चुनाव में भावना कुमारी व गीता देवी के मध्य सीधा मुकाबला होने जा रहा है। पार्षद के इस चुनाव में 1126 मतदाता अपने मत का प्रयोग कर अपनी पसंद का पार्षद चुनेंगे। यह चुनाव मिडिल स्कूल डडोर में होगा जहां पूरे वार्ड के मतदाताओं के लिए बूथ स्थापित किया गया है।




### नगर परिषद का ग्रामीण कर रहे थे विरोध

जब से नगर परिषद नेर चौक का गठन हुआ है तब से अब तक डडोर वार्ड नंबर 9 के मतदाता नगर परिषद का विरोध करते आ रहे थे। यहां के मतदाता इस वार्ड को नगर परिषद से बाहर कर पंचायत स्थापित करने के लिए कई वर्षों से संघर्ष करते आ रहे थे जिसके लिए यहां के मतदाताओं ने चुनाव का कई बार विरोध कर अपनी एकता का प्रदर्शन भी किया तथा यहां से किसी को भी नामांकन पत्र दाखिल नहीं करने दिया मगर इस बार परिस्थितियां विपरीत है। इस बार ग्रामीणों के विरोध को दरकिनार कर भावना कुमारी ने नामांकन पत्र दाखिल कर दिया जिससे विरोध पर उतरे ग्रामीण को गीता देवी से नामांकन करवाना पड़ा। और अब दोनों प्रत्याशी आमने-सामने है।

### वोटर लिस्ट से बहुत से नाम हैं गायब

नगर परिषद नेरचौक के डडोर वार्ड नंबर 9 के मतदान के लिए जारी मतदाता सूची में कई नाम ऐसे हैं जो स्वर्ग सिधार चुके हैं वहीं इस सूची से बहुत से मतदाताओं के नाम गायब है सूची से नाम गायब होने के कारण वार्ड के कई मतदाता अपने मत का प्रयोग नहीं कर पाएंगे।

### पार्षद चुनाव का राजनीतिक गलियारों में है विशेष महत्व

भले ही वार्ड नंबर 9 डडोर का चुनाव थोड़े समय के लिए होगा मगर राजनीतिक गलियारों में इस चुनाव की खासी चर्चा है। डडोर वार्ड बल्ह विधानसभा क्षेत्र की राजनीति का गढ़ माना जाता है। पूर्व मंत्री प्रकाश चौधरी इसी वार्ड से ताल्लुक रखते हैं वहीं पूर्व मंत्री स्व. चौधरी पीरु राम का परिवार भी इसी वार्ड में आता है। इस परिवार का अपना राजनीतिक महत्व है। चौधरी पीरु राम के पुत्र महंत राम चौधरी दो बार निर्दलीय चुनाव लड़कर भाजपा व कांग्रेस के समीकरण बिगाड़ चुके हैं जबकि इनके पोते गंगवीर चौधरी ने पूर्व में कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में यहां से चुनाव लड़ा है वहीं इनकी पौत्र बहू भाजपा नेत्री सुमन चौधरी की कांग्रेस व भाजपा में यहां से टिकट के लिए प्रबल दावेदारी रही है। पूर्व मंत्री प्रकाश चौधरी व पूर्व मंत्री स्वर्गीय पीरु राम चौधरी के परिवार का वर्तमान समय राजनीतिक तौर पर 36 का आंकड़ा है। ऐसे में निश्चित तौर पर दोनों परिवारों की प्रतिष्ठा नगर परिषद के इस चुनाव में भी दाव पर लगी हुई है। हालांकि यह चुनाव पार्टी चिन्ह पर नहीं है मगर राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता के कारण दोनों परिवार किस किस उम्मीदवार का समर्थन करते हैं इस पर सब की निगाहें टिकी हुई है।

### बल्ह के विधायक की अहम भूमिका

नगर परिषद नेरचौक के वार्ड नंबर 9 डडोर के इस चुनाव पर बल्ह के भाजपा विधायक इंद्र सिंह गांधी कि अपरोक्ष रूप से अहम भूमिका रहेगी। कारण यह वार्ड उनके राजनीतिक प्रतिद्वंदी पूर्व मंत्री प्रकाश चौधरी का गृह वार्ड है इसलिए यहां से प्रकाश चौधरी समर्पित उम्मीदवार को हराने में इंद्र सिंह गांधी अंदर खाते पुरजोर कोशिश करेंगे। अपरोक्ष रूप से भावना कुमारी को पूर्व मंत्री प्रकाश चौधरी की उम्मीदवार माना जा रहा है वहीं गीता देवी को पूर्व मंत्री स्वर्गीय चौधरी पीरु राम के परिवार तथा बल्ह के विधायक इंद्र सिंह गांधी का समर्थन है ऐसी राजनीति की गलियारों में चर्चा है।

"चुनाव के लिए तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। वार्ड नंबर 9 के लिए राजकीय मिडिल स्कूल डडौर में सुबह 8 बजे से लेकर शाम 4 बजे तक मतदान होगा। सभी मतदाताओं से आग्रह है कि समय पर पहुंचकर लोकतंत्र के इस पर्व में अपना योगदान सुनिश्चित करें।

**-विशाल शर्मा, एसडीएम बल्ह।**

# कुकलाह खड्ड के पास बन रही उठाऊ पेयजल योजना बारिश से हो सकती है तबाह

**अनंत ज्ञान, पंडोह**


पहाड़ी के साथ पंप हाउस।

सिराज विधानसभा क्षेत्र में जल शक्ति विभाग की लापरवाही का एक और उदाहरण सामने आया है, जिसमें विभाग कुकलाह खड्ड से मात्र 100 मीटर ऊपर दशाली नाले में दोबारा करोड़ों रुपए की लागत के साथ 7 सिंचाई व उठाऊ पेयजल योजनाओं के लिए पंप हाउस का निर्माण कर रहा, जिसका 80 फीसदी निर्माण कार्य पूरा हो चुका है।

इस पंप हाउस के लिए 14 इंच पानी खड्ड से उठाया जाना प्रस्तावित है, जबकि गर्मियों में खड्ड सूख जाती है। पानी का स्तर बहुत नीचे चला जाता है। यहां से उठाया जाने वाला पानी 6 पंचायतों के हजारों लोगों की प्यास के साथ सैकड़ों एकड़ भूमि को भी सिंचित करेगा। यह स्थान खड्ड से भी ज्यादा भयंकर है, क्योंकि यहां नाले के पानी के साथ पहाड़ी से भी पत्थर गिरने का खतरा सूखे में भी बना रहता है।

स्थानीय लोगों राम सिंह, गोरखनाथ, लाल चंद शर्मा व किशन चंद का कहना है कि हल्की सी बरसात भी इस योजना को तबाह कर सकती है। लोगों ने सवाल करते हुए कहा कि आखिर जल शक्ति विभाग में ऐसे कौन से फनेखां इंजीनियर है जिन्होंने इस स्थान पर इतनी बड़ी योजना के निर्माण को मंजूरी दी है। जबकि एनजीटी व प्रदेश सरकार ने नदी नालों से घर आदि के निर्माण पर पाबंदी लगा रखी है। ऐसे में जल शक्ति विभाग सरकारी धनराशि को बर्बाद करने पर क्यों आमादा है। इस निर्माण के कारण पंडोह कुकलाह –सराची सड़क मार्ग का कलवर्ट बंद हो गया है, जिस कारण बरसात का सारा पानी सड़क में फैल कर 100 मीटर सड़क को क्षतिग्रस्त कर चुका है। इस संबंध में जल शक्ति विभाग के सहायक अभियंता देवेंद्र शर्मा का कहना है कि वे नाले का रुख ही बदल देंगे। लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता प्रवीन तलवार ने स्वीकार करते हुए कहा कि इस निर्माण के कारण हमारी सड़क क्षतिग्रस्त हुई है, कलवर्ट बंद पड़ा है। हमने सड़क की मरम्मत और कलवर्ट सुचारू करने के लिए जल शक्ति विभाग को पत्र लिख रखा है।

## न्यूज ब्रीफ

### खेलकूद प्रतियोगिता में छाई भांबला स्कूल की छात्राएं



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला हटगढ़ में संपन्न हुई जिला स्तरीय अंडर 19 छात्रा खेलकूद प्रतियोगिता में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भांबला की छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया तथा वेटलिफ्टिंग में स्नेहा तथा सोमाक्षिया ने रजत पदक तथा उपविजेता की ट्रॉफी प्राप्त कर पाठशाला का नाम रोशन किया। हैंडबॉल में कनिका तथा स्नेहा का चयन राज्य स्तर के लिए हुआ है। विद्यालय प्रधानाचार्य दिनेश ठाकुर तथा समस्त स्कूल स्टाफ सदस्यों ने छात्राओं की इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया।

### सलापड़ कॉलोनी में बेसहारा पशुओं से लोग परेशान

**भीम बसेड़ू, महादेव।** सलापड़ ग्राम पंचायत व साथ ही संपर्क मार्ग से जुड़ी बीबीएमबी सलापड़ कॉलोनी के लोग बेसहारा पशुओं से लोग परेशानी से जूझ रहे हैं। कई वर्षों से जी का जंजाल बने बेसहारा पशु एक और जहां खेतीबाड़ी उजाड़कर किसानों की रोजी रोटी का नुकसान कर रहे है, वहीं सड़क मार्ग पर झुंडों में बेखौफ घूमते हुए जाम की स्थिति पैदा करने सहित भयंकर दुर्घटनाओं को हरदम न्योता देते रहते हैं। समाजसेवी नरेंद्र कुमार व कमलेश कुमार ने बताया कि दिनों दिन बढ़ते बेसहारा पशुओं की समस्या गंभीर होती जा रही है, क्योंकि पहले भी कई बार यह उपेक्षित हालत में दर दर घूमते पशु कई छोटे बड़े हादसे करते हुए लोगों को सींग मारकर बुरी तरह घायल कर चुके हैं। पूर्व सरकारों ने इस दिशा में कुछ नहीं किया।

### राजेश धर्माणी 28 सितंबर को मंडी में



**अनंत ज्ञान, मंडी।** नगर एवं ग्राम नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक और औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी 28 सितम्बर को एक दिवसीय दौरे पर मंडी आ रहे हैं। राजेश धर्माणी 28 सितंबर को प्रातः 11 बजे बड़सु (बगला) पहुंचेंगे। वे यहां पर विजय मैमोरियल कॉलेज ऑफ एजुकेशन बड़सु (बगला) में 19वें स्थापना दिवस समारोह 'नवरंग' में बतौर मुख्य अतिथि भाग लेंगे। इसके उपरांत दोपहर 2 बजे टीसीपी मंत्री सेरी मंच पर परिवहन विभाग, राजयोग एजुकेशन एंड रिसर्च फाउंडेशन व प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय मंडी द्वारा मेरा भारत सुरक्षित भारत अभियान के अर्न्तगत आयोजित सुरक्षित हिमाचल सड़क सुरक्षा जागृति बाईक रैली के समापन कार्यक्रम में भाग लेंगे।

### चुरढ़ में महिला मंडल ने चलाया सफाई अभियान



**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** विकास खंड सुंदरनगर की ग्राम पंचायत चुरढ़ में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक मनाया जा रहे स्वच्छता पखवाड़े के तहत महिला मंडल की महिलाओं द्वारा सफाई अभियान चलाया गया। इसमें क्षेत्र के रास्तों और बावड़ियों की सफाई की गई। महिलाओं ने बताया कि महिला मंडल समय समय पर सफाई अभियान चलाता रहता है।

### शिविर के अनुभवों को जीवन में लाएं स्वयंसेवी : अजय



**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** बीएसएल परियोजना सुंदरनगर के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक आदर्श पाठशाला में बीते सात दिनों से चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का समापन हो गया है। इस अवसर पर आयोजित समारोह में बीएसएल परियोजना सुंदरनगर के अधीक्षण अभियंता परिमंडल -1 अजय पाल सिंह ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने स्वयंसेवियों, छात्र-छात्राओं व उपस्थित स्टाफ सदस्यों को संबोधित करते हुए शिविर के आयोजन और प्रयोजन की सराहना करते हुए कहा कि शिविर के अनुभव विद्यार्थी जीवन में धरोहर के रूप में रहने चाहिए। कार्यक्रम में डी घोष, दिनेश, विवेक, रजनी, तपस्या, वंदना सहित सहायक कार्यक्रम अधिकारी, विद्या देवी और तिलक नायक उपस्थित रहे।

### स्वयंसेवकों ने 'स्वच्छता ही सेवा' पर निकाली रैली




**अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर में शुक्रवार को राजीव गांधी स्मारक राजकीय महाविद्यालय जोगिंद्रनगर में एनएसएस इकाई और नेहरू युवा केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में 'स्वच्छता ही सेवा' कार्यक्रम के तहत एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली का नेतृत्व एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. श्रवण डोगरा और प्रोफेसर मोहिनी ने किया। स्वच्छता जागरूकता रैली में 50 स्वयंसेवकों ने भाग लिया, जो महाविद्यालय परिसर से शुरू होकर सिविल अस्पताल मार्ग, स्थानीय बाजार और गांधी वाटिका तक पहुंची।

### पोषण माह के तहत लगाया जागरूकता शिविर



**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर उपमंडल के वृत ढेलू में शुक्रवार को वृत स्तरीय राष्ट्रीय पोषण माह के तहत एक विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें पोषण और स्वास्थ्य से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस आयोजन की प्रमुख वक्ता वृत पर्यवेक्षिका सन्तोष कुमारी जी थीं, जिन्होंने महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य पर विशेष जोर देते हुए पोषण के महत्व को रेखांकित किया।

### मंडी में शल्य चिकित्सक की सेवाएं उपलब्ध

**अनंत ज्ञान, मंडी।** आयुष विभाग के अंतर्गत संचालित जिला आयुर्वेदिक चिकित्सालय मंडी की प्रभारी बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. मनुबाला गौतम ने बताया कि संस्थान में आजकल विभिन्न विधियों द्वारा रोगियों की चिकित्सा की जा रही है। उन्होंने बताया कि जिला आयुर्वेदिक चिकित्सालय मंडी में सुबह योग की क्रियाओं द्वारा दिन की शुरुआत करवाई जाती है। प्रातः 8:45 से 9:45 तक प्रतिदिन योगाभ्यास की विभिन्न क्रियाएं निःशुल्क करवाई जाती हैं, जिससे बहुत से रोगी अथवा स्वस्थ व्यक्ति भी अपने स्वास्थ्य को बरकरार रख रहे हैं तथा रोग का निवारण भी पा रहे हैं। उन्होंने बताया कि यहाँ पर प्रतिदिन तीन चिकित्सक अपनी सेवाएं दे रहे है जिसमें कपिंग विधि, अग्निकर्म विधि, पंचकर्मा इत्यादि सुविधाएं उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त निदेशक के निर्देशों पर सप्ताह के प्रत्येक शुक्रवार व शनिवार को शल्य चिकित्सक की उपलब्धता भी करवा दी गई है। इन दो दिनों में पाइल्स (बवासीर), भगन्दर तथा अन्य शल्य संबंधी रोगों का क्षारसूत्र विधि द्वारा ऑपरेशन भी किए जाते हैं।

### बसें न चलने से एक दर्जन पंचायतों के लोग परेशान


पंचायत प्रधान।

**रितेश चौहान, सरकाघाट।** उपमंडल सरकाघाट के अंतर्गत चलने वाली तीन निजी बसे पिछले लगभग दो माह से अधिक समय से अपने रूट पर नहीं चल रही है। ग्राम पंचायत कश्मेला की प्रधान लता ठाकुर ने बताया कि उनकी पंचायत से चलने वाली प्रिंस बस सर्विस जो सरकाघाट से बल्हड़ा, शीतला बस सर्विस सुंदरनगर से जाहू व कृष्णा बस सर्विस जो सुंदरनगर से जाहू की तरफ चलती है। यह बसें पिछले लगभग दो माह से अपने रुट पर नहीं चल रही हैं, जिसके कारण दर्जनों पंचायतों के हजारों लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। इन बसों के न चलने के कारण कोट, जैहमत, कशमैला, धनालग, बैरकोट, लेढ़ा, कठयाहुं, कपाही के लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है व अपने गंतव्य के लिए निजी गाड़ियों को भारी भरकम किराया देकर अपने गंतव्य तक पहुंच रहे हैं। कश्मेला की प्रधान लता ठाकुर ने मांग की है कि जल्द से जल्द इन निजी बसों को रोजना पूर्ववत चलाया जाए अन्यथा हम बलद्वाड़ा चौक पर धरना प्रदर्शन करने से भी गुरेज नहीं करंगे। इस बारे में आरटीओ मंडी नरेंद्र सिंह से बात करने पर उन्होंने बताया कि मामला ध्यान में आया है तीनों बसों संचालकों को बोल दिया गया है जल्द ही यह बस सेवा रूट पर चलेगी।

# लंबित डीपीसी करने की उठाई मांग

**अनंत ज्ञान, मंडी**


मंडी में हुई बैठक में भाग लेते हुए पदाधिकारी व प्रतिनिधि।

हिमाचल प्रदेश जल शक्ति विभाग अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ ने पदोन्नति के लिए लंबित डीपीसी जल्द करने की मांग उठाई है। हिमाचल प्रदेश जलशक्ति विभाग अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के जिला मंडी की एक बैठक विश्राम गृह बिजनी में आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष व जलशक्ति विभाग कर्मचारी महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष एलडी चौहान ने की अध्यक्षता में हुई बैठक में अन्य मांगों को भी उठाया गया तथा इसका प्रस्ताव सरकार को भेजा गया। बैठक में जलशक्ति विभाग एनजीओ के राज्य वरिष्ठ उपाध्यक्ष गुरदेव सिंह, राज्य संयुक्त सचिव श्याम वर्मा एवं मंडी कार्यकारिणी के पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। बैठक में प्रमुखतः लंबित पदोन्नति के लिए जल्द डीपीसी करवाना, पैरा स्टाफ के लिए सशक्त नियमितीकरण की पॉलिसी लागू करवाना आदि मांगे है।

## पुष्पांजलि के साथ सरकाघाट लाइब्रेरी का निरीक्षण किया

**सरकाघाट।** राजकीय तहसील लाइब्रेरी सरकाघाट की ग्रेडिंग व रेटिंग निर्धारित करने के लिए शिक्षा निदेशालय की टीम द्वारा निरीक्षण किया गया। टीम के लाइब्रेरी में पहुंचते ही सबसे पहले पुस्तकालय विज्ञान के जनक डॉ. एसआर रंगनाथन की पुण्यतिथि के चलते उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर निरीक्षण टीम में शामिल डॉ. रिखी राम कौंडल, डॉ. विजय कुमार कौंडल और लाइब्रेरियन प्यार चंद द्वारा उन्हें तहसील लाइब्रेरियन नीलम शर्मा द्वारा उपलब्ध करवाए गए। टीम ने स्व मूल्यांकन प्रपत्र में प्रस्तुत दावे को लगभग सही पाया।

# विभाग ने सड़क पर बिछाई मिट्टी

**अनंत ज्ञान, मंडी**


सड़क पर मिट्टी बिछाते हुए।

सदर ब्लॉक कांग्रेस के प्रवक्ता एन के पंडित ने लोक निर्माण विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल जड़े हैं।

उन्होंने तुरंत लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य से इस में दखल देने की अपील की है। उन्होंने कहा कि नेशनल हाई वे गुटकर में लोक निर्माण विभाग द्वारा मिट्टी बिछाई गई। उन्होंने आरोप लगाया कि जब इस पर ग्रामीणों ने लोक निर्माण विभाग के एसडीओ से बात की तो गोल मोल उतर मिला। ग्रामीणों का तर्क था कि नेशनल हाई वे पर मिट्टी न डाली जाए। मौके पर कई ग्रामीण इकठे हो गए। जितेंद्र जीतू, प्रदीप शर्मा, गोलू, रजनीश, राजीव आदि ने हैरानी व्यक्त की कि लोक निर्माण विभाग ने लोगों के विरोध करने पर भी अपना काम जारी रखा।

## रंगड़ों ने महिला पर किया हमला

**जोगिंद्रनगर।** ग्राम पंचायत ऊटपुर के गांव कुटला में एक 56 वर्षीय महिला भागा देवी पर रंगड़ों के झुंड ने हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना शुक्रवार की है, जब भागा देवी अपने घर के पास स्थित अमरूद के पेड़ से फल तोड़ने गई थीं और रंगड़ों ने हमला कर दिया।

घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग इकट्ठा हो गए और उन्होंने घायल महिला को तुरंत मदद की। भागा देवी को स्थानीय निवासियों ने एक निजी वाहन के माध्यम से सिविल अस्पताल लडभड़ोल पहुंचाया। डॉक्टर निखिल ने उनकी स्थिति की जांच की ।

## जिला परिषद मंडी की बैठक 7 अक्तूबर को

**मंडी।** जिला परिषद की त्रैमासिक बैठक अगले माह 7 अक्तूबर को आयोजित की जाएगी। सचिव जिला परिषद मंडी अंचित डोगरा ने बताया कि त्रैमासिक बैठक अध्यक्ष जिला परिषद पाल वर्मा की अध्यक्षता में 7 अक्तूबर को जिला परिषद के सम्मेलन कक्ष भ्यूली मंडी में प्रातः 11 बजे होगी।

बैठक में पिछली बैठक की पुष्टि, त्रैमासिक आय–व्यय का अनुमोदन, जिला परिषद गेस्ट हाउस तथा जिला परिषद की गत बैठक की कार्रवाई का अनुमोदन किया जाएगा। उन्होंने सभी सम्मानित जिला परिषद सदस्यों से और विभागीय अधिकारियों से इस बैठक में भाग लेने का अनुरोध किया है।

## एफपीओ कोदरे की मिठाइयों संग मनाएगा दीपावली: सत्तपाल

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**


एफपीओ के सदस्य सामूहिक चित्र में।

एफपीओ ने आज अपना दूसरा स्थापना दिवस सज्याओपीपलु में मनाया, जिसकी अध्यक्षता सुरेश पठानिया और सत्तपाल चौहान ने की और कार्य समिति के चार दर्जन सदस्यों ने भाग लिया। इस मौके पर आयोजित बैठक में निर्णय लिया गया कि अगले महीने आ रहे दीपावली पर्व को इस बार कोदरे की मिठाइयों संग मनाया जाएगा, जिसके लिए मिलेट्स व फ्रुट्स से बनने वाली विभिन्न प्रकार की मिठाइयां तैयार की जाएंगी।

दीपावली से दो दिन पहले 28–29 अक्तूबर को धर्मपुर में दीपावली उत्सव मनाया जाएगा।

एफपीओ के अध्यक्ष सत्तपाल और सचिव भूपेंद्र सिंह ने बताया कि इस उत्सव के आयोजन के लिए राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम और जिला प्रशासन विशेषतौर पर आजीविक मिशन के तहत गठित स्वयं सहायता समूहों नाबार्ड व अन्य विभागों के समूहों को भी इस उत्सव में शामिल करने बारे उपायुक्त मंडी को प्रस्ताव भेजा है।

## जोनल अस्पताल मंडी में मनाया विश्व फार्मेसी दिवस

**मंडी।** फार्मेसी अधिकारी संघ जिला मंडी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी सभागार मंडी में विश्व फार्मेसी दिवस का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नरेंद्र भारद्वाज को स्मृतिचिन्ह भेंट किया तथा वरिष्ठ चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर डीएस वर्मा व जिला क्षय रोग अधिकारी डॉक्टर अरिंदमरॉय को शॉल टोपी भेंट कर सम्मानित किया गया।

जिला अध्यक्ष तथा महासचिव मंडी ने इस आयोजन पर फार्मेसी अधिकारियों को विश्व फार्मेसी दिवस की बधाई दी साथ ही फार्मासिस्टों के कार्यों के बारे में प्रकाश डाला।

# कुलदीप और कार्तिक की टीम ने जीती क्विज प्रतियोगिता


प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागी व मुख्यातिथि।

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

रविंद्र नाथ टैगोर राजकीय महाविद्यालय सरकाघाट में विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. आरआर कौंडल रहे। इसके साथ ही प्राचार्य विजय कौंडल राजकीय महाविद्यालय बलद्वाड़ा भी इसमें विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में आयुषी, मोनिका, साक्षी, रंगोली प्रतियोगिता में आयुषी की टीम, मेहंदी प्रतियोगिता में अनिता, क्विज प्रतियोगिता में कुलदीप और कार्तिक की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किए।

## जोर पकड़ने लगी धनोटू में वर्षाशालिका बनाने की मांग

**भीम बसेड़ू, महादेव**

नाचन क्षेत्र के जंक्शन प्वाइंट कहलाने वाले महादेव पंचायत के धनोटू में आर –पार वर्षाशालिकाएं न होने से राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

मंडी, कुल्लू, बग्गी, चैलचौक, करसोग, रामपुर आदि जाने वाले यात्रियों को वर्षाशालिका की सुविधा न मिलने से भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है, क्योंकि वर्षा व चिलचिलाती धूप की स्थिति में पिछले कई –कई वर्षों से सर पर छत की यह सरकारी सुविधा न मिलने की सूरत में लोग दुकानों में धक्के खाते फिरते हैं या फिर खुले में मारे गर्मी के हाल बेहाल होते हैं। जबकि इस संबंध में संबंधित विभाग सहित पुरानी एवं नई हिमाचल प्रदेश सरकार को इस बारे कई बार अवगत करवाया गया है।

इस सुख–सुविधापूर्ण मांग के मद्देनजर क्षेत्र के बुद्धिजीवी लोगों ने प्रदेश की सुखविंद्र सिंह सुक्खू सरकार से पुरजोर मांग की है कि शीघ्र ही भीड़ भाड़ वाले धनोटू राष्ट्रीय उच्च मार्ग नं 21 और धनोटू से महादेव –करसोग आदि को जाते मार्ग के उचित स्थान पर यात्री विश्राम कक्ष की तर्ज पर सुविधा संपन्न वर्षाशालिकाएं निर्मित की जाएं। (अनंत ज्ञान)

# नेरचौक के विकास कार्यों को देंगे गति : श्याम लाल

**आदर्श यादव, नेरचौक**


श्याम लाल कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी के साथ चित्र में।

नगर परिषद नेरचौक के मनोनीत पार्षद बनाए जाने पर सरकार की आशाओं पर खरा उतरने की भरपूर कोशिश करूंगा। यह बात मनोनीत पार्षद श्यामलाल ने जारी अपने बयान में कही। उन्होंने कहा कि नगर परिषद नेरचौक में रुके हुए विकास कार्यों को पूरा करवाने में जो सहयोग मैं कर सकता हूं पूरी निष्ठा से करूंगा।

जो जिम्मेदारी उन्हे सरकार द्वारा सौंपी गई है उसे सही तरीके से निभा कर मुख्यमंत्री व जनता की आशाओं पर खरा उतरने का प्रयास किया जाएगा। श्याम लाल ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू प्रदेश का समानांतर विकास करने के लिए आगे बढ़ रहे हैं। युवाओं का ध्यान रख नई जिम्मेदारियां सौंपी जा रही हैं ताकि युवा शक्ति नई ऊर्जा के साथ काम कर सके।

मनोनीत पार्षद बनाए जाने के लिए श्याम लाल ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का आभार व्यक्त किया हैं साथ ही उन्होंने कहा कि पूर्व मंत्री एवं जिलाध्यक्ष कांग्रेस कमेटी मंडी प्रकाश चौधरी, एपीएमसी अध्यक्ष संजीव गुलेरिया, पूर्व जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा, असंगठित कामगार बोर्ड के अध्यक्ष राजीव राणा सहित समस्त पार्टी पदाधिकारियों के प्रयास से ही यह संभव हो सका है। नवीन राणा अध्यक्ष युवा कांग्रेस बल्ह, जिला सचिव अश्वनी सैनी, पूर्व अध्यक्ष सतीश ठाकुर, पंचायत समिति सदस्य ललित ठाकुर व नवीन वालिया उपस्थित रहे। श्याम लाल मनोनीत पार्षद बनने से पहले कांग्रेस पार्टी के लिए जिला सचिव, प्रदेश सचिव असंगठित कामगार बोर्ड आदि पदों पर कार्य का चुके है।(अनंत ज्ञान)

## गांधी जयंती पर निकलेगी प्रभात फेरी

**मंडी।** एसी टू डीसी मंडी कुलदीप पटयाल ने बताया कि 2 अक्तूबर को गांधी जयंती के अवसर पर मंडी शहर में प्रातः छह बजे से प्रभात फेरी निकाली जाएगी। प्रभात फेरी में गणमान्य व्यक्ति, अधिकारीगण, स्वतंत्रता सेनानियों के परिवारिक सदस्य, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, धार्मिक संस्थाओं से जुड़े लोग, कॉलेज और स्कूलों के बच्चों सहित स्थानीय नागरिक भाग लेंगे। प्रभात फेरी सेरी मंच से आरंभ होगी और संकन गार्डन कॉम्पलैक्स की परिक्रमा करते हुए गांधी चौक पर समाप्त होगी। महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्प मालाएं अर्पित की जाएंगी।

**हिदायत** युवाओं व बच्चों को जागरूक बनाने की दिशा में करें विशेष प्रयास

# नशे का कारोबार करने वालों की पुलिस को दें सूचना: मनीश

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**


बैठक की अध्यक्षता करते हुए एसडीएम जोगिंद्रनगर।

एसडीएम जोगिंद्रनगर मनीश चौधरी ने कहा कि नशीले पदार्थों का अवैध कारोबार करने वाले लोगों की सूचना तुरंत पुलिस व स्थानीय प्रशासन को देना सुनिश्चित बनाएं, ताकि ऐसे लोगों के खिलाफ कानूनन कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जा सके।

उन्होंने बताया कि ऐसी सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान गुप्त रखी जाएगी। एसडीएम आज नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत गठित उपमंडल स्तरीय समिति बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने समिति से जुड़े सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि अपने अपने स्तर पर नशीले पदार्थों के प्रति आम जनमानस के साथ–साथ युवाओं व बच्चों को जागरूक बनाने की दिशा में विशेष प्रयास करें।

उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी शैक्षणिक संस्थान के 100 मीटर के दायरे में सिगरेट बिक्री प्रतिबंध का कार्यान्वयन सुनिश्चित बनाएं। साथ ही समय–समय पर नशीले पदार्थों की बिक्री में संलिप्त व्यक्तियों की कड़ी निगरानी करने के अतिरिक्त ऐसे स्थानों का निरीक्षण करना व ऐसे पदार्थों को जब्त करने की दिशा में भी ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए।

एसडीएम ने ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि ग्रामीण स्तर पर पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधियों के माध्यम से नशीले पदार्थों का सेवन करने वाले एवं इस अवैध कारोबार से जुड़े लोगों पर भी कड़ी निगरानी सुनिश्चित बनाएं।

# माहौल बिगाड़ने के लिए आग में घी डाल रहे मंत्री : भूपेंद्र सिंह

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

अवैध मस्जिद निर्माण के बहाने कुछ सांप्रदायिक ताकतों व असामाजिक तत्वों द्वारा एक धर्म विशेष के खिलाफ शुरू की गई मुहिम अब रेहड़ी–फहड़ी वालों को अपने नाम की पटिका लगाने और व दूसरे राज्यों से काम करने वाले कारीगरों, दर्जियों, कवाड़ वालों पर पहुंच गई है।

इन तत्वों के साथ कड़ाई से निपटने और साम्प्रदायिक सद्भाव बनाए रखने के बजाए सुक्खू सरकार के कुछ मंत्री आग में घी डालने की भूमिका निभा रहे हैं। ये आरोप मार्कसवादी कम्युनिस्ट पार्टी के नेता व पूर्व जिला परिषद सदस्य भूपेंद्र सिंह ने लगाया है। उन्होंने कहा कि पहले शिमला में ग्रामीण विकास व पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध ठाकुर ने रेहड़ी वालों को निशाना बनाया और उसके बाद मुख्यमंत्री ने सर्वदलीय बैठक बुलाकर सांप्रदायिक सद्भाव बनाए रखने के लिए सबसे सहयोग जरूर मंगा लेकिन उसके परिणामस्वरूप श्रम मंत्री की अध्यक्षता में स्ट्रीट वेंडर्ज के लिए मंत्रिमंडलीय कमेटी बना कर औपचारिकता निभा दी।

कमेटी के सदस्य और लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य ने रेहड़ियों पर नाम पट्टीकाएं लगाना अनिवार्य होगा का बयान देकर उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विचार को समर्थन कर दिया है।

# माता श्री चिंतपूर्णी महोत्सव को मिला राज्य स्तरीय दर्जा

## उपमुख्यमंत्री मुकेश ने की घोषणा, बोले-250 करोड़ रुपए से होगा माता श्री चिंतपूर्णी मंदिर का सौंदर्यीकरण





उपमुख्यमंत्री को सम्मानित करते महोत्सव आयोजन समिति के सदस्य। (दाएं) माता श्री चिंतपूर्णी महोत्सव की पहली सांस्कृतिक संध्या में उमड़ी दर्शकों की भीड़।

**अनंत ज्ञान, अंब ( ऊना )**

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने माता श्री चिंतपूर्णी महोत्सव की प्रथम सांस्कृतिक संध्या में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए माता श्री चिंतपूर्णी महोत्सव को राज्य स्तरीय दर्जा प्रदान करने की घोषणा की।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि यह महोत्सव हर वर्ष धूमधाम से मनाया जाएगा, समय के साथ इसका स्वरूप और भव्य होगा। आने वाले समय में महोत्सव में देश-विदेश के जाने-माने कलाकारों की प्रस्तुतियां भी देखने को मिलेंगी। उन्होंने कहा कि माता श्री चिंतपूर्णी जी के मंदिर के भंडार धन संपत्ति से भरे हैं, लेकिन महोत्सव में सांस्कृतिक संध्याओं पर माता के मंदिर का एक भी पैसा इस्तेमाल नहीं करके प्रशासन ने एक अच्छा उदाहरण प्रस्तुत किया है।

उन्होंने प्रशासन को अगले साल महोत्सव की एक रात पूरी तरह स्थानीय कलाकारों के नाम रखने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि आगे से महोत्सव में कलाकारों की कुल अदायगी का 50 प्रतिशत पैसा हिमाचली कलाकारों के हिस्से आए।

अग्निहोत्री ने कहा कि 250 करोड़ रुपए से माता श्री चिंतपूर्णी मंदिर का भव्य मंदिर बनाया जाएगा। यह राशि तीन किस्तों में खर्च होगी, पहली किस्त में 70 करोड़, दूसरी में 80 करोड़ और तीसरी किस्त में 100 करोड़ रुपए से माता रानी के मंदिर का सौंदर्यीकरण किया जाएगा।

उन्होंने अंब में लोगों की सुविधा के लिए नया बस अड्डा और जल शक्ति विभाग का विश्रामगृह बनाने की घोषणा भी की। इसके अलावा चिंतपूर्णी विधानसभ क्षेत्र में जल शक्ति विभाग की परियोजनाओं को मूर्त रूप देने के लिए 4 करोड़ रुपए प्रदान करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि इस परियोजना के लिए दो करोड़ रुपए की पहली किस्त कल ही जारी कर दी जाएगी। दूसरी किस्त कुछ दिनों के बाद जारी की जाएगी।

**ये रहे उपस्थित :** इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री की पुत्री डॉ. आस्था अग्निहोत्री, पूर्व विधायक सतपाल रायजादा, जिला कांग्रेस के अध्यक्ष रणजीत सिंह, प्रदेश कांग्रेस सचिव अशोक ठाकुर, डीसी जतिन लाल, पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह अन्य अधिकरी तथा गणमान्य व बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

### निषाद का किया सम्मान

इस मौके उपमुख्यमंत्री ने अंब के रहने वाले स्टार पैरा एथलीट निषाद कुमार को भी सम्मानित किया। उन्होंने लगातार दो पैरालंपिक्स में रजत पदक जीतने की बेमिसाल उपलब्धि के लिए उनकी सराहनी की। उन्होंने कहा कि निषाद ने न केवल देश और प्रदेश का मान बढ़ाया है बल्कि उनकी उपलब्धि यह साबित करती है कि बुलंद हौसले के आगे कोई भी बाधा नहीं ठहरती।

### विधायक ने जताया आभार

वहीं, चिंतपूर्णी विधानसभा के विधायक सुदर्शन बबलू ने विकास की तमाम सौगातों के लिए उपमुख्यमंत्री का आभार जताया। उन्होंने माता श्री चिंतपूर्णी महोत्सव को राज्य स्तरीय दर्जा देने के लिए चिंतपूर्णी की सारी जनता की ओर से मुकेश अग्निहोत्री का धन्यवाद किया। यह महोत्सव हर साल पूरे उत्साह के साथ मनाया जाएगा।



माता श्री चिंतपूर्णी महोत्सव की सांस्कृतिक संध्या में स्टार कलाकार का जोरदार स्वागत किया गया।



माता श्री चिंतपूर्णी महोत्सव में सांस्कृतिक संध्या पर आरती में शामिल उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री।

## न्यूज ब्रीफ

### हनीश बांगड़ को जन्मदिवस पर याद किया



**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** भीम आर्मी एकता मिशन द्वारा व स्वर्गीय हनीश कुमार बांगड़ के जन्मदिन पर उसके निवास स्थान संतोषगढ़ में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमे करीब 300 लोगों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में श्री सुखमणि साहिब का पाठ करवाया गया, के उपरांत सभा स्थल पर विशेष रूप से पहुंचे भीम आर्मी हिमाचल प्रदेश प्रभारी गिन्नी माही और समाजसेवी कुंवर जगदीप सिंह सिद्धू द्वारा हनीश बांगड़ के चित्र पर फूल अर्पित किए। गिन्नी माही ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में भीम आर्मी हनीश बांगड़ द्वारा स्थापित की गई थी और हर समय समाज के लिए चिंतन करते रहते थे। उन्होंने कहा कि हनीश बांगड़ बाबा साहिब अंबेडकर के बताए हुए आदर्शों पर चलते थे। समाज सेवी कुंवर जगदीप सिंह सिद्धू ने कहा कि समाज हनीश बांगड़ की कुर्बानी को कभी नहीं भूल सकता है। इस अवसर पर हनीश बांगड़ की माता अंजू कुमारी, प्रियंका, जरनेल सिंह, रिंकू सहगल सहित गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### स्वच्छता अभियान में एंजेल ठाकुर प्रथम



**अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक।** नंगल जरियालां स्कूल में स्वच्छता अभियान के तहत पोस्टर मेकिंग कंपटीशन का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्यातिथि के रूप कार्यकारी प्रधानाचार्य विजय ठाकुर रहे। विधार्थियों ने मुख्यतः स्वच्छता विषय पर आयोजित एक कार्यक्रम में पोस्टर प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा दर्शाई। कार्यक्रम में एंजेल ठाकुर ने स्वच्छता के प्रतीक व राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र को खूबसूरती से उकेरा, जिन्हें खूब वाहवाही मिली और प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया। सक्षम द्वितीय और ईशिका ने तृतीय स्थान हासिल किया। कार्यकारी प्रधानाचार्य विजय ठाकुर ने बताया कि विधार्थी और एनएसएस स्वयंसेवी स्वच्छता अभियान में बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं, जो कि एक हर्ष का विषय है। संदीप लट्ठ, धीरज दत्त शर्मा और सतनाम परमार ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। इस दौरान स्थानीय स्कूल से अशोक राणा, राजीव ठाकुर, सुशील जरियाल, रणजोध परमार, सागर सिंह, सतीश कुमार, रीमा देवी, कमलेश कुमारी, प्रेम लता उपस्थित रहे।

### जैम पोर्टल पर सामान खरीदने की दी जानकारी



**अनंत ज्ञान, ऊना।** राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय ऊना में जैम पोर्टल संबंधी एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के पांच महाविद्यालयों के प्रधानाचार्य तथा जिले के सभी सीनियर सेकेंडरी स्कूलों के प्रिंसिपलों समेत कल 377 प्रशिक्षुओं ने भाग लिया। भारत सरकार की तरफ से इस कार्यशाला में पधारे प्रशिक्षक धीरज राय तथा रवि शर्मा ने सभी को जैम पोर्टल से सामान खरीदने तथा खरीदते समय रखी जाने वाली सावधानियां के बारे में जानकारी दी। उन्होंने जैम पोर्टल से सामान खरीदने समय आने वाली समस्याओं का निदान कैसे करना है, इस संबंध में भी प्रकाश डाला। शिक्षा उपनिदेशक हायर की तरफ से अनुभाग अधिकारी रीटा शर्मा ने इस सेमिनार में हिस्सा लिया। शिक्षा उपनिदेशक राजेंद्र कौशल ने बताया कि कार्यशाला का आयोजन डिप्टी डायरेक्टर ऑफ हायर और एलिमेंट्री एजुकेशन राजेंद्र कौशल और सोमालाल धीमान तथा प्रधानाचार्य राजकीय महाविद्यालय ऊना डॉ. मीता शर्मा की तरफ से किया गया। इस कार्यक्रम को सफल आयोजन के लिए डॉ. मीता शर्मा ने सभी का धन्यवाद किया। इस अवसर पर पुष्पा रानी जिला नोडल अधिकारी ( इंस्पायर ), वरुण पाठक, प्रेरणा विज, दिनेश कुमार, अवतार सिंह, केशवानंद आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### बाथू पंचायत को टीबी मुक्त बनाने पर चर्चा

**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** हरोली के तहत पड़ती ग्राम पंचायत बाथू में शुक्रवार को टीबी- मुक्त पंचायत की मीटिंग एमएचएस मोहन लाल ने पंचायत प्रधान, सचिव और पंचायत सदस्यों के साथ की। इस मीटिंग में बताया गया कि टीबी मुक्त पंचायत घोषित करने के लिए स्वस्थ गांव की अवधारणा से टीबी मुक्त होगी। शिविर में मोहन लाल ने बताया कि टीबी (ट्यूबरकुलोसिस) एक संक्रामक रोग है, जो माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस बैक्टीरिया के कारण होता है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि पंचायत को टीबी-मुक्त घोषित करने के लिए गांव के सभी नागरिकों को इस बीमारी के बारे में जागरूक करना और समय पर जांच और इलाज सुनिश्चित करना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ गांव की अवधारणा को अपनाकर ही हम टीबी को समाप्त कर सकते हैं। पंचायत प्रधान सुरेखा राणा ने भी इस अवसर पर सभी उपस्थित लोगों से अपील की कि वे इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लें और गांव को टीबी मुक्त बनाने के इस प्रयास को सफल बनाएं। टीबी मुक्त पंचायत मीटिंग में ग्राम पंचायत प्रधान सुरेखा राणा वार्ड सदस्य और पंचायत सैक्टरी धर्मपाल आशा वर्कर, आगनबाड़ी वर्कर मौजूद रहे।

### स्कॉलरशिप के लिए चयनित दिवांश का होगा सम्मान



**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भंजाल के छात्र दिवांश राणा का चयन नेशनल इंस्पायर स्कॉलरशिप के लिए हुआ है, जिन्हें 80 हजार रुपए प्रति वर्ष छात्रवृत्ति मिलेगी। भंजाल स्कूल के कार्यकारी प्रिंसिपल राजन शर्मा ने दिवांश राणा को पाठशाला का नाम रोशन करने व इस उपलब्धि के लिए बधाई दी है। उन्होंने बताया कि सभी शिक्षकों की प्रेरणा बच्चे की मेहनत और माता-पिता के आशीर्वाद से सफलता मिलती है। उन्होंने बताया कि दिवांश राणा को समस्त स्कूल स्टाफ सम्मानित करेगा। दिवांश राणा वर्तमान समय में एचपी सेंट्रल यूनिवर्सिटी शाहपुर से फिजिक्स में बीएससी ऑनर्स कर रहे हैं। दिवांश राणा के पिता कुलदीप सिंह निजी क्षेत्र में कार्यरत है, जबकि माता भारती देवी गगरेट ब्लॉक में कार्यरत हैं। शतरंज के शौकीन दिवांश राणा आगे चलकर भौतिक विज्ञान में स्नात्तकोत्तर एवं पीएचडी की पढ़ाई करना चाहता है। दिवांश राणा ने अपनी सफलता का श्रेय अपनी माता पिता एवं गुरुजनों को दिया है।

### मिडास केयर वर्कर्स यूनियन की कमेटी गठित



**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** ऊना जिले के औद्योगिक क्षेत्र बाथू कामगार यूनियन मिडास केयर वर्कर्स यूनियन इंटक की नई कमेटी का गठन किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से कुशाल सिंह मोंटू को यूनियन का अध्यक्ष और विजय राणा को वरिष्ठ महासचिव, परमजीत को उपप्रधान, जसपाल को कोषाध्यक्ष चुना गया। यह निर्णय जिला ऊना इंटक अध्यक्ष नरेश ठाकुर और उद्योग में काम करने वाले सभी कामगारों की उपस्थिति में उद्योग के मुख्यद्वार पर हुआ। इसके साथ ही कमेटी का विस्तार करते हुए कुल 15 सदस्यीय टीम का गठन किया गया, जो यूनियन के भविष्य की दिशा तय करेगी। इस अवसर पर नरेश ठाकुर ने कामगारों की एकजुटता की सराहना करते हुए कहा कि यूनियन की शक्ति उसकी एकता में होती है। उन्होंने उद्योग प्रबंधन और यूनियन के बीच संतुलन और सहयोग को बनाए रखने की जरूरत पर भी बल दिया। नवनिर्वाचित प्रधान कुशाल सिंह मोंटू ने कामगारों का आभार व्यक्त किया। इस मौके उद्योग कार्यरत सभी कामगारों ने मुख्य द्वार पर एकत्र होकर नए पदाधिकारियों का गर्मजोशी से स्वागत किया। सभी 15 सदस्यों को फूलों की माला पहनाई गई और लड्डू बांटकर खुशी का इजहार किया गया।

## बसपा नेता की आपत्तिजनक टिप्पणी पर स्वर्ण समाज ने की कार्रवाई की मांग

**अनंत ज्ञान, गगरेट।** पुलिस थाना गगरेट में अशोक मिक्की के साथ पहुंचे लोगों ने आरोप लगाया कि बसपा नेता ने जिला मुख्यालय के एमसी पार्क में भड़काऊ भाषण देकर आपसी सद्‌भाव बिगाड़ने का प्रयास किया। यही नहीं बल्कि उक्त नेता ने न सिर्फ स्वर्ण समाज के प्रति आपत्तिजनक शब्द कहे, बल्कि प्रशासनिक अधिकारियों के लिए अपशब्द कहे हैं।

उक्त नेता ने अपने वक्तव्य को सोशल मीडिया पर भी प्रसारित किया है। इससे पहले भी उक्त नेता सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट शेयर करता है। स्वर्ण समाज से आए लोगों ने कहा कि उक्त नेता के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाए, ताकि शांतिप्रिय प्रदेश में शांति का माहौल कायम रह सके।

## सदस्यता अभियान में प्रदेशभर में द्वितीय स्थान पर रहने पर भाजपा मंडल गगरेट सम्मानित

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

भाजपा द्वारा छेड़े गए सदस्यता अभियान में भाजपा मंडल गगरेट ने प्रदेशभर में दूसरे स्थान पर सबसे ज्यादा सदस्य बनाकर भाजपा के शीर्ष नेतृत्व का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया है। 26 सितंबर तक भाजपा मंडल गगरेट ने 28,382 सदस्य बनाए हैं। पहले स्थान पर प्रदेश भर में सुलह भाजपा मंडल ने बाजी मारी है।

शुक्रवार को शिमला में आयोजित एक कार्यक्रम में भाजपा मंडल गगरेट को भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं उत्तरी क्षेत्र सदस्यता अभियान प्रभारी रेखा वर्मा ने सम्मानित किया है। हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के सदस्यता अभियान प्रभारी एवं पूर्व विधायक



राजेश ठाकुर ने इसे भाजपा मंडल गगरेट की उपलब्धि बताया है। भाजपा द्वारा व्यापक स्तर पर छेड़े गए सदस्यता अभियान में भाजपा मंडल गगरेट ने पार्टी के भीतर ऐसा प्रशंसनीय कार्य किया कि वह जिले में तो अव्वल स्थान पर रहा ही बल्कि प्रदेश भर में सबसे ज्यादा सदस्य बनाने में वह द्वितीय स्थान पर पहुंच गया। प्रदेश भर में सबसे ज्यादा सदस्य बनाने का श्रेय सुलह भाजपा मंडल को गया है।

## भंजाल स्कूल में नशा निवारण पर लगी कार्यशाला



**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भंजाल में आज नशा निवारण नशे से बचने के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की टीम प्रकाश चंद हेल्थ एजूकेटर निर्मल सिंह एमएचएस और आशा वर्कर शिवानी ने पाठशाला के छात्रों को नशे से दूर रहने और नशे के दुष्प्रभावों के बारे व्यापक जानकारी दी। इस अवसर स्कूल के कार्यकारी प्रिंसिपल राजन शर्मा, लेक्चरर अनु शर्मा, सीमा सोहल, सुरेश ठाकुर, विनोद ठाकुर, नरेश कंवर, सुनीता कुमारी, मुकेश कुमार, राजन कुमार एवं अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित थे। स्कूल के कार्यकारी प्रिंसिपल राजन शर्मा ने स्वास्थ्य विभाग का बच्चों को नशे से बचने बारे जागरूक करने के लिए आभार व्यक्त किया। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बच्चों को लेखन सामग्री भी भेंट की।

## ड्रग तस्करी कार्रवाई में उत्कृष्ट कार्य के लिए कांस्टेबल ऋषभ शर्मा सम्मानित

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

ऊना जिले के सबसे बड़े ड्रग तस्करी रैकेट में उत्कृष्ट कार्य के लिए स्टेट सीआईडी की क्राइम ब्रांच में बतौर कांस्टेबल सेवाएं देने वाले ऋषभ शर्मा को नकद पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया है।



ऋषभ शर्मा ने ड्रग तस्करी रैकेट की इंवेस्टीगेशन में उल्लेखनीय कार्य करते हुए दिल्ली, पंजाब, हरियाणा व यूपी से चार आरोपियों को धर दबोचने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इस पर सीआईडी के आईजी संतोष पटिलाल ने ऋषभ शर्मा को सम्मानित किया है। वर्ष 2023 में एएनटीएफ ने जिले के सबसे बड़े ड्रग तस्करी रैकेट का भंडाफोड़ करते हुए गगरेट पुलिस थाना में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया था। इस मामले की जांच का जिम्मा पुलिस मुख्यालय द्वारा स्टेट सीआईडी की क्राइम ब्रांच पर आधारित एसआईटी को सौंपा था।

ऋषभ शर्मा भी उस एसआईटी में शामिल थे। एसआईटी ने जांच के दौरान कई गंभीर खुलासे किए और इंटर स्टेट ड्रग तस्करी रैकेट को उजागर किया था। इस प्रकरण में अन्य राज्यों के भी कई आरोपी गिरफ्तार हुए। यही नहीं ऋषभ शर्मा ने अन्य मामलों को उजागर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मौजूदा समय में ऋषभ शर्मा सीबीआई में सेवाएं दे रहे हैं।

## देश में बेरोजगारी, महंगाई, किसानों, मजदूरों कर्मचारियों के मुद्दों पर बात नहीं होती : जगत राम



**अनंत ज्ञान, ऊना।** राष्ट्रीय इंटक के संगठन सचिव व प्रदेश इंटक के महासचिव कामरेड जगत राम शर्मा ने कहा कि आरएसएस और भाजपा देश में सांप्रदायिक और धार्मिक उन्माद फैलाने का काम कर रहे हैं। जब से देश में मोदी, अमित शाह, योगी तथा जगत प्रकाश नड्डा की तूती बोलती है, तब से देश में हाहाकार मचा हुआ है। देश में बेरोजगारी, महंगाई, किसानों, मजदूरों, कर्मचारियों तथा आम जनता के मुद्दों पर कोई बात नहीं होती। मंदिर, मस्जिद, धार्मिक उन्माद से आरएसएस भाजपा की काली करतूतों से हिमाचल भी अछूता नहीं रहा। हिमाचल प्रदेश देवभूमि के नाम से जाना जाता है। हिमाचल जैसे भोले भाले लोग कही नहीं मिलते। देश के लोग सब कुछ समझ चुके हैं। जम्मू कश्मीर, हरियाणा और महाराष्ट्र में इनकी हार निश्चित है। आरएसएस-भाजपा ने भारत के लोगों का सत्यानाश कर दिया और भारत का भविष्य कांग्रेस की विचारधारा व राहुल गांधी तथा इंडिया गठबंधन के हाथ में ही सुरक्षित है।

## प्रदेश सरकार कर्मचारियों का वेतन व पेंशन रोक कर खजाना भरने में जुटी : वशिष्ट



**अनंत ज्ञान, ऊना।** प्रदेश सरकार कर्मचारियों का वेतन व पेंशन रोककर खजाना भरने में जुटी हुई है, लेकिन सरकार ने सीपीएस व चेयरमैनों की फौज खड़ी कर रखी है, जिन पर भारी पैसे खर्चे जा रहे हैं। यह बात भाजपा सेवानिवृत्त कर्मचारी प्रकोष्ठ के संयोजक राजीव वशिष्ट ने कही। उन्होंने कहा कि एक तरफ कांग्रेस सरकार खजाना खाली होने की बात कर रही है, दूसरी तरफ चहेतों के करोड़ों रुपए के ऋण माफ किए जा रहे हैं। कांग्रेस पार्टी ने चुनाव से पूर्व जनता से कई वादे किए थे, जिन्हें पूरा नहीं किया जा रहा। सरकार केवल मित्रों की सरकार बनकर रह गई है। कांग्रेस नेता अपने चहेतों को लाभ पहुंचाने में जुटे हुए हैं। कांग्रेस सरकार ने दो वर्षो में एक भी विकास कार्य नहीं किया, उल्टा पूर्व भाजपा सरकार के समय शुरु जनकल्याणकारी योजनाएं बंद कर जनता की परेशानी बढ़ा दी है। ।

## ट्रिपल आईटी ऊना और आईआईटी रोपड़ में नई तकनीक को लेकर एमओयू साइन



**अनंत ज्ञान, ऊना।** आईआईटी रोपर टेक्नोलॉजी एंड इनोवेशन फाउंडेशन और भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान ट्रिपल आईटी ऊना, हिमाचल प्रदेश ने साइबर-फिजिकल सिस्टम्स और इंटरनेट ऑफ थिंग्स में प्रगति को बढ़ावा देने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। यह कृषि और जल प्रौद्योगिकी विकास केंद्र, आईआईटी रोपर टेक्नोलॉजी एंड इनोवेशन फाउंडेशन में एक विशेष पहल है, जिसे भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा स्थापित राष्ट्रीय मिशन पर इंटरडिसिप्लिनरी साइबर-फिजिकल सिस्टम्स के तत्वावधान में स्थापित की गई है । इसका उद्देश्य कृषि और जल के क्षेत्रों में गहन तकनीकी नवाचार को बढ़ावा देना है, जो साइबर-फिजिकल सिस्टम्स (सीपीएस), इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी), आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और अन्य जैसी अत्याधुनिक तकनीकों का उपयोग करता है। प्रो. मनीष गौर, निदेशक ट्रिपल आईटी ऊना ने कहा, कि वे सीपीएस प्रयोगशाला की स्थापना के लिए आईआईटी रोपड़ के साथ अपनी साझेदारी की घोषणा करते हुए उत्साहित हैं। यह सहयोग साइबर-फिजिकल सिस्टम्स और आईओटी में अनुसंधान और नवाचार को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाएगा, जिससे छात्रों और स्टार्टअप को विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण चुनौतियों के समाधान के लिए प्रभावशाली समाधान बनाने का सशक्तिकरण मिलेगा। हम मिलकर तकनीकी उन्नति को आगे बढ़ाएंगे।

**सम्मान** विधायक ने कुटलैहड़ को टॉपर छात्रों को 5100-5100 रुपए देकर किया सम्मानित

## जोगीपंगा में सुनी समस्याएं, जरूरतमंदों को दी आर्थिक सहायता

**राजेश ठाकुर, बंगाणा**

कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने शुक्रवार को जोगीपंगा में समस्याएं सुनीं और 12 छात्र और 12 छात्राओं को जो पल्स टू या फिर मेट्रिक में प्रथम, दूसरे या तीसरे स्थान पर आए थे, उन्हें 5100, 5100 रुपए देकर सम्मानित किया। दो दर्जन से ज्यादा कुटलैहड़ विस क्षेत्र के परिवारों को जो गरीबी रेखा से नीचे हैं, उन्हे आर्थिक सहायता प्रदान की।



मेधावी छात्रों को नकद पुरस्कार राशि प्रदान करते विधायक।

विधायक विवेक शर्मा द्वारा यह फैसला लिया गया था कि कुटलैहड़ के बच्चे पल्स टू या फिर मेट्रिक में मैरिट में आए हों, उन्हें सम्मान मिलना अति आवश्यक है। कुटलैहड़ विस क्षेत्र में सभी सरकारी और निजी स्कूलों में बच्चों के बीच शिक्षा को लेकर कंपटीशन डालना है जो छात्र अपने स्कूल में प्रथम स्थान पर और मंडल जिला या स्टेट में मेरिट में होगा, उसे हम सम्मानित करेंगे।

विवेक शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा के क्षेत्र में बड़े बदलाव कर रही है, ताकि सरकारी स्कूलों का जो वर्षो पुराना मूलभूत ढांचा चल रहा है, वह नए तरीके से शुरू होकर शिक्षा के क्षेत्र को ऊपर उठाएं। विवेक ने कहा कि कुटलैहड़ विस क्षेत्र में को भी सरकारी या निजी स्कूल हैं, उनमें पढ़ाई के साथ साथ अन्य गतिविधियों को भी भरपूर बढ़ावा देना होगा, ताकि स्कूल में छात्रों को पढ़ाई के साथ अच्छे संस्कार और समाज के लिए कुछ अलग करने का जज्बा मन में पैदा हो। विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि हमारा प्रण कुटलैहड़ की जनता की सेवा और उनकी समस्याओं का समाधान करना है।

विवेक शर्मा ने कहा कि कई घर ऐसे हैं जिन्हे पक्का रास्ता नसीब नहीं हुआ। कई गांव ऐसे हैं, जो आजादी के बाद भी सड़कों से वंचित हैं। विवेक शर्मा ने कहा कि हमने भी प्रण लिया है कि अपने साढ़े तीन वर्ष के कार्यकाल में कुटलैहड़ के उस परिवार तक पहुंच कर उनकी समस्याओं का समाधान करेंगे।

राज्य सरकार की योजनाओं से उन्हें लाभ भी देंगे, जिन्हें आज तक राज्य सरकार की योजनाओं के बारे में कोई जानकारी ही नही है। कुटलैहड़ विस क्षेत्र को विकास पर विकसित करने मॉडल बनाना ही मेरी प्राथमिकता रहेगी। विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि अपने विधायक के कार्यकाल में हमने कुटलैहड़ के विकास के लिए 62.50 लाख रुपए स्वीकृत किए हैं। इस मौके पार्टी कार्यकर्ता एवम प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### अनूप नेगी पुलिस विभाग में बने सब-इंस्पेक्टर



**तीर्थन।** हिमाचल प्रदेश पुलिस विभाग में पिछले 36 वर्षों से तैनात अनूप नेगी पदोन्नति पाकर उपनिरीक्षक बने हैं। प्रमोशन होने पर शुक्रवार को मंडी जिले की पुलिस अधीक्षक साक्षी वर्मा ने इन्हें दो स्टार बैज लगाकर सम्मानित किया और बधाई दी। कुल्लू उपमंडल बंजार में तीर्थन घाटी की पंचायत कलवारी के एक छोटे से गांव सेरी में जन्मे अनूप नेगी एक साधारण परिवार से ताल्लुक रखते हैं। अनूप नेगी वर्ष-1988 में पुलिस विभाग में बतौर सिपाही भर्ती हुए और अब करीब 36 वर्ष सेवाकाल के पश्चात बतौर सबइंस्पेक्टर पदोन्नत हुए हैं। अपने लंबे सेवाकाल के दौरान इन्होंने बतौर सिपाही और हवलदार के पद पर रहते हुए सशस्त्र पुलिस और कुल्लू के विभिन्न थाना चौकियों में अपनी सेवाएं दी हैं। यह कई वर्षों तक थाना सदर कुल्लू, पतलीकूहल, मनाली और पुलिस थाना आनी में बतौर अन्वेषणाधिकारी तैनात रहे। वर्तमान में यह जिला शिमला की पुलिस चौकी बाघी में बतौर सहायक उपनिरीक्षक प्रभारी कार्यरत थे।

### पर्यटकों से गुलजार होने लगे पर्यटन स्थल

**मनाली।** पर्यटन नगरी मनाली के विभिन्न पर्यटन स्थल अब धीरे-धीरे पर्यटकों से गुलजार हो रहे हैं। जुलाई के बाद शुक्रवार को रोहतांग दर्रे में पहुंचने वाले पर्यटक वाहनों की संख्या सबसे अधिक रही। शुक्रवार को 150 पर्यटक वाहन परमिट प्राप्त कर रोहतांग पहुंचे। लगभग 1200 पर्यटकों ने रोहतांग दर्रे की वादियों को निहारा और ऊंची चोटियों में बिछी बर्फ की सफेदी में यादगार पल बिताए। त्योहारी सीजन के चलते पर्यटन नगरी मनाली में पर्यटकों की आमद बढ़ने लगी है। हालांकि अभी तक उम्मीद से कम पर्यटक मनाली आए हैं, लेकिन त्योहारी सीजन में पर्यटन कारोबार के गति पकड़ने की उम्मीद है। रोहतांग दर्रे व मढ़ी के पर्यटन कारोबारी वेद राम, जगदीश व रवि ने बताया कि शुक्रवार को रोहतांग दर्रे में लंबे अरसे बाद रौनक देखने को मिली।

### सामाजिक कर्तव्यों के लिए किया प्रेरित



**मनाली।** राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गोशाल स्थित बाहंग में एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन हुआ। इस समापन समारोह के मुख्यातिथि किशन ठाकुर पूर्व प्रधान एवं विशेषातिथि बीडीसी सदस्य लिखित राम रहे। मुख्यातिथि व विशेष अतिथि ने विद्यार्थियों को शुभ आशीष दिया। इस मौके पर मुख्यातिथि ने स्वयं सेवियों को राष्ट्र निर्माण, सामाजिक कर्तव्यों, शिष्टाचार एवं अनुशासन के लिए प्रेरित किया। वहीं, उन्होंने कहा कि विद्यार्थी शिक्षा के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में भी बढ़चढ़ कर भाग लें। इस दौरान प्रधानाचार्या आशा नेगी ने सभी का धन्यवाद किया। प्रधानाचार्य आशा नेगी एवं कार्यक्रम अधिकारी पन्नालाल ठाकुर, महिला कार्यक्रम अधिकारी मंजुला कुमार एवं स्कूल स्टाफ ने मुख्यातिथि का धन्यवाद किया।

### युवाओं की सेना में भर्ती को लेकर चर्चा



**केलांग।** केलांग में मेजर जनरल केपी सिंह विशिष्ट सेवा मैडल एडीजी भर्ती क्षेत्र अंबाला और डीसी लाहौल-स्पीति राहुल कुमार, एआरओ मंडी और जिला प्रशासन के अधिकारियों के बीच बैठक आयोजित की गई। बैठक में लाहौल-स्पीति के युवाओं की भारतीय सेना में भर्ती से संबंधित मुद्दों एवं अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित बनाने के लिए चर्चा की गई। मेजर जनरल ने कहा कि सेना में अधिकारियों के साथ-साथ अग्निवीरों के रूप में जिला लाहौल-स्पीति से अधिक प्रतिनिधित्व के लिए हिमाचल प्रदेश के इस दूरदराज के हिस्से से अधिकतम युवाओं को आकर्षित करने के तौर-तरीकों पर काम किया जा रहा है। एआरओ मंडी ने जिले के केलांग, उदयपुर और काजा क्षेत्रों में व्यापक आउटरीच गतिविधियां चलाकर इस आशय के पर्याप्त प्रयास किए हैं।

### धर्मशाला कॉलेज बना फुटबाल का चैंपियन

**कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश इंटर कॉलेज फुटबाल छात्रा वर्ग चैंपियनशिप में धर्मशाला कॉलेज सरताज रहा। पेनल्टी शूट आउट में एमएलएसएम सुंदरनगर के दो गोल के खिलाफ धर्मशाला कॉलेज ने तीन गोल बनाकर फुटबाल का खिताब जीत लिया। मेजबान कुल्लू कॉलेज ने पीजी सेंटर शिमला को मात देकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य डॉ. मनदीप शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि विजेता खिलाड़ियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### मनाली को जल्द मिलेगा बास्केट व वॉलीबाल कोर्ट



**मनाली।** विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने मनाली में बनने वाले बास्केटबाल व वॉलीबाल कोर्ट का शिलान्यास किया। मनाली स्कूल की परिधि में बनने वाले इस खेल कोर्ट को लेकर मनाली के युवाओं की काफी लंबे समय से मांग चली आ रही थी। विधायक ने कहा कि मनाली क्षेत्र में बनने वाला खेल परिसर युवाओं को खेलों से संबंधित तमाम सुविधाएं उपलब्ध करवाएगा। इसी कड़ी में मनाली में 14 लाख से इस खेल परिसर को बेहतर और आधुनिक तौर पर तैयार किया जाएगा। इसके साथ ही मनाली में ही एक इंडोर बैडमिंटन और टेबल टेनिस खेल परिसर की भी प्रपोजल तैयार की जा रही है और आने वाले समय में एक और इंडोर खेल परिसर यहां के युवाओं और खेल प्रेमियों को मिलेगा।

### सैंज में देवदार के 40 पौधों का किया रोपण



**सैंज।** सैंज स्थित पीएम श्री राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय स्कूल में स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत जागरूकता रैली का आयोजन किया गया तथा एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत पौधरोपण किया गया। एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम में स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सोहनलाल ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की तथा देवदार के पौधे का रोपण कर कार्यक्रम का आगाज किया। पौधरोपण कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट, एनएसएस स्वयंसेवी तथा ईको क्लब, ईको व यूथ क्लब तथा प्राईवेट सिक्योरिटी के स्वयंसेवियों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। इसी कड़ी में देवदार के 40 पौधे रोपे गए।

### नग्गर में 150 मरीजों का जांचा स्वास्थ्य

**मनाली।** जिला कुल्लू के नग्गर में आयुष्मान आरोग्य शिविर आयोजित किया गया। जिसमें 150 मरीजों का स्वास्थ्य जांचा गया। इस शिविर में मेडिसन स्पेशलिस्ट डॉक्टर अदिति व स्त्री विशेषज्ञ डॉ अंकिता, नेत्र विशेषज्ञ डॉक्टर अंकित ने भाग लिया। कार्यक्रम में जनरल ओपीडी में डॉक्टर ज्योति शर्मा व उनके साथ डॉक्टर आंचल सूद ने लोगों के स्वास्थ्य की जांच की। शिविर के दौरान डायबिटीज सहित विभिन्न तरह के टेस्ट भी किए गए। कुल्लू के काईस गोंपा में 22 बच्चों में चिकन पॉक्स पाया गया है। इसकी सूचना मिलते ही शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम डॉक्टर ज्योति सहित अन्य स्टाफ काईस गोंपा पहुंचे और बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की।

### झाबे राम को व्यापार मंडल सैंज के प्रधान की कमान

**सैंज।** व्यापार मंडल का वार्षिक अधिवेशन प्रधान खेवा राम की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। आमसभा में कार्यकारिणी को भंग कर कार्यकारिणी का पुनर्गठन किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से झाबे राम ठाकुर को प्रधान चुना गया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष के लिए कमल देव। इसके अलावा लगन चंद, बिना देवी, नटराज शर्मा, गुमत राम को उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई। महासचिव के पद पर लीलाधर चौहान चयनित हुए हैं। कोषाध्यक्ष के लिए बुद्धि सिंह ठाकुर। पवित्रा देवी, रोहित कुमार, निधि सिंह, केहर सिंह को सचिव का दायित्व सौंपा गया है। राजू सेरपा, रेनू ठाकुर, बिक्की, चंद्रा मणि सह सचिव बनाए गए हैं। मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी दीवान नेगी तथा राकेश ठाकुर सह मीडिया प्रभारी होंगे। देवेंद्र शर्मा को सलाहकार बनाया है।

### झांकियों का प्रदर्शन रहेगा विशेष आकर्षण

**कुल्लू।** अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव के लिए प्रदर्शनी एवं झांकी आयोजित करने के लिए बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अश्वनी कुमार ने की। उन्होंने बताया कि दशहरा उत्सव में पिछली बार पहली बार झांकियां निकाली गई थी। इस बार भी आकर्षक झांकियों का प्रदर्शन दशहरा उत्सव का विशेष आकर्षण होगा। इस बार विभिन्न विभागों की विभागीय प्रदर्शनियों को अधिक आकर्षक एवं नवीन रूप में स्थापित किया जाएगा।

# 'तुम्हें दिल्लगी भूल जानी पड़ेगी' मोहब्बत की राहों से गूंजा कुल्लू का अटल सदन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



अटल सदन के अंतरंग सभागार में संगीत एवं नृत्य उत्सव के पहले दिन उस्ताद निलय खान व उनकी टीम (दाएं) मौजूद लोग।

कुल्लू के अटल सदन का अंतरंग सभागार शुक्रवार को उस्ताद निलय खान के तरानों से गूंज उठा और श्रोताओं ने भी झूमकर खूब आनंद लिया। दरअसल, कुल्लू के अटल सदन के अंतरंग सभागार में शुक्रवार को चार दिवसीय संगीत एवं नृत्य उत्सव का आगाज हुआ।

कार्यक्रम के प्रथम दिवस में विख्यात सूफी गायक उस्ताद निलय खान एवं पार्टी के सूफी गायन पर श्रोताओं ने संगीत का खूब आनंद लिया। निलय खान ने एक से एक बेहतरीन सूफी गीत गाकर महफिल में खूब वाहवाही लूटी। उन्होंने 'तेरे रश्के कमर' 'तुम्हें दिल्लगी भूल जानी पड़ेगी' 'सांसों की माला में' आदि सूफी तराने गाकर श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। चार दिवसीय चंडीगढ़ संगीत एवं नृत्य उत्सव का शुभारंभ मुख्य कलाकार निलय खान, समाजसेवी भगवान दास गुप्ता, जिला भाषा अधिकारी सुनीला ठाकुर तथा सहायक लोक संपर्क अधिकारी जय प्रकाश शर्मा ने दीप प्रज्वलन कर किया। इसके पश्चात संगीत की महफिल में उस्ताद नीलय खान एवं पार्टी की ओर से श्रोताओं को अपने रूहानी अंदाज में सूफी गायन से मंत्रमुग्ध कर दिया। उस्ताद नीलय खान मशहूर सूफी गायक हैं, जिन्हें लोक गायकी तथा गजल गायन में हरियाणा सरकार की ओर से विभिन्न पुरस्कारों से नवाजा गया है। खान आकाशवाणी एवं दूरदर्शन के ए ग्रेड सूफी कलाकार, चंडीगढ़ संगीत एवं नृत्य अकादमी की ओर से अनुमोदित कलाकार खान ने उत्तर भारतीय संस्कृति केंद्र तथा अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक संबंध परिषद के अंतर्गत विभिन्न देशों में अपने गायन का लोहा मनवाया है। खान के साथ वाद्यवृंद के रूप में सद्दाम हुसैन, पारस, जिंदर खान, अनिल तथा कोर्स में अमन खान, अब्दुल हमीद, सहर अली, मनी, पवन, गोगी ने साथ दिया। जिला भाषा अधिकारी कुल्लू सुनीला ने कहा कि अटल सदन के अंतरंग सभागार में चार दिवसीय संगीत-नृत्य उत्सव का शुभारंभ हुआ। यह आयोजन भाषा एवं संस्कृति विभाग हिमाचल प्रदेश एवं चंडीगढ़ संगीत नाटक अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में 27 से 30 तक अटल सदन के अंतरंग सभागार में दोपहर 2 से संगीत-नृत्य उत्सव के रूप में किया जा रहा है। सुनीला ने कहा कि आज सबरजीत कौर असीम का पंजाबी लोक गायन, 29 को गुरुकुल संगीत एवं नृत्य अकादमी समिति चंडीगढ़ का कथक नृत्य; तथा 30 को तरसेम चंद कलहेरी एवं ग्रुप द्वारा पंजाबी लोक नृत्य प्रस्तुत किए जाएंगे। उन्होंने सभी कलाप्रेमियों से इस कार्यक्रम का आनंद उठाने के लिए आग्रह किया।

# केलांग में मतदान कर्मियों को करवाई अंतिम रिहर्सल, पोलिंग पार्टियां हुई रवाना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**



लाहौल-स्पीति जिले के जिला परिषद सिस्सू वार्ड-06 के लिए होने वाले उपचुनाव के लिए मतदान कर्मियों के लिए शुक्रवार को द्वितीय व अंतिम रिहर्सल का आयोजन जिला परिषद भवन के सम्मेलन कक्ष में किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी राहुल कुमार ने बताया कि खंड विकास अधिकारी डॉ. विवेक गुलेरिया ने मतदान कर्मियों को चुनाव से संबंधित विभिन्न प्रकार की जानकारी प्रदान की।

मतदान प्रक्रिया को निष्पक्षता, पारदर्शिता के साथ संपन्न करवाना मतदान कर्मियों का कार्य है, जिसे पूरी ईमानदारी और निष्ठा से पूर्ण करवाना हम सभी का दायित्व है। जिला परिषद सिस्सू वार्ड (06) की 4 पंचायतों सिस्सू, खंगसर, कोकसर और गोंधला में 29 सितंबर को मतदान होगा और 20 पोलिंग स्टेशन स्थापित किए गए हैं और कुल 80 कर्मियों को उपचुनाव के लिए चयनित कर मतदान पूर्व अंतिम अभ्यास करवाया गया है, जो आज मतदान केंद्रों पर पहुंच जाएंगे। मतदान केंद्रों पर कानून व्यवस्था सुनिश्चित बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है और सभी आवश्यक प्रबंध पूरे कर लिए गए हैं। खंड विकास अधिकारी डॉ. विवेक गुलेरिया ने रिहर्सल के दौरान मतदान कर्मियों को चुनाव से संबंधित विभिन्न प्रकार की जानकारी प्रदान करते हुए कहा कि किसी भी समस्या के समाधान के लिए पोलिंग पार्टी संबंधित अधिकारी से संपर्क कर सकती हैं। पूर्व अभ्यास के उपरांत खंड विकास कार्यालय से मतदान पार्टियों को मतदान में प्रयोग होने वाली चुनाव सामग्री वितरित की गई तथा उन्हें हिमाचल पथ परिवहन निगम की तीन बसों के माध्यम से पोलिंग बूथों के लिए रवाना किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अधिकारी सचिन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# चमन चार साल से मनमानी व पार्षदों की अनदेखी करते रहे : मनोज कुमार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मनाली**

नगर परिषद मनाली के उपाध्यक्ष मनोज कुमार लार्जे ने कहा कि पूर्व अध्यक्ष चमन कपूर चार साल से पार्षदों की अनेदखी व मनमानी करते रहे। यही कारण है कि आज उन्हें कुर्सी से हटना पड़ा है। मनाली में मनोज ने कहा कि कपूर के अड़ियल रवैये के कारण ही यह हालात बने।



हम सब जनता के प्रतिनिधि हैं। मनाली की जनता हमारे साथ है। जनता जानती है कि कपूर ने अपने समस्त कार्यकाल में अपने नजदीकियों को ही फायदा पहुंचाया है। नप में कोई राजनीति वाली बात ही नहीं है। भाजपा व कांग्रेस के पार्षद अपनी-अपनी पार्टी में रखकर ही मनाली की जनता की मांग पर यह निर्णय लेने में मजबूर हुए हैं। मनोज ने कहा कि कपूर ने उन्हें इच्छाधारी शब्द कहकर ठेस पहुंचाई है, जबकि सच्चाई यह है कि इच्छा होती तो चमन कभी अध्यक्ष बनते ही नहीं। हम सभी कपूर को अपना प्रतिनिधि मानते हुए काम कर रहे थे। कपूर के अड़ियल रवैये को लेकर पूर्व मंत्री गोविंद ठाकुर से भी चर्चा हुई थी। ठाकुर के हस्तक्षेप के कारण चमन कपूर अध्यक्ष की कुर्सी पर बैठे रहे। पूर्व मंत्री द्वारा हस्तक्षेप करने के बाद भी चमन कपूर के व्यवहार व कार्यशैली में कोई बदलाव नहीं आया, लेकिन अब पानी सर से ऊपर हो गया है। कई मौके देने के बाद मनाली के सभी पार्षद अब समझौते के मूड में नहीं हैं। चमन अनाप-शनाप बयानबाजी से बाज आएं। कपूर ने रेहड़ी-फड़ी वालों सहित अंदर बाहर के लोगों की भी बात की है। कपूर खुद मंडी के रहने वाले हैं, लेकिन हमने उन्हें कभी बाहर का नहीं कहा।

## सिराज उत्सव मेला कमेटी की बैठक 30 को

**आनी।** देव संस्कृति का ऐतिहासिक सांस्कृतिक सिराज उत्सव लवी मेले का आयोजन इस वर्ष 2 से 4 नवंबर तक होगा। सिराज उत्सव मेला कमेटी के महासचिव शिवराज शर्मा ने कहा कि देवता शमशरी महादेव, पनेवी नाग, कुलक्षेत्र महादेव के सानिध्य में सिराज उत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। इस आयोजन की रूपरेखा तैयार कर ली गई है। सिराज उत्सव के आयोजनों, प्रबंधन, रात्रि संध्याओं, दैनिक एवं सभी सांस्कृतिक कलाकारों की सूची सहित सिराज उत्सव मेला कमेटी की बैठक 30 सितंबर को प्रातः 11 बजे विश्राम गृह आनी में होगी। बैठक में मेला कमेटी के सभी सदस्यों को आमंत्रित किया गया है। इस मेले का मुख्या आकर्षण दंगल प्रतियोगीता 3 नबंबर को होगा।

# एसपी लाहौल-स्पीति मयंक चौधरी को मिलेगा डीजीपी पुलिस डिस्क अवॉर्ड

**कमलेश वर्मा, केलांग**

शीतमरुस्थल जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति में युवा और दबंग पुलिस अधीक्षक मयंक चौधरी के नेतृत्व में कठिन भौगोलिक व मौसम की विषम परिस्थितियों और माइनस तापमान में जिला पुलिस बेहतरीन सेवाएं दे रही है।

जिला लाहौल-स्पीति पुलिस को इन बेहतरीन सेवाओं के लिए जहां स्कॉच अवॉर्ड मिल चुका है। वहीं, अब पुलिस अधीक्षक मयंक चौधरी को डीजीपी पुलिस डिस्क अवॉर्ड मिलने जा रहा है। साल-2019 बैच के आईपीएस अधिकारी मयंक चौधरी पिछले करीब दो सालों से लाहौल-स्पीति में बतौर एसपी सेवाएं दे रहे हैं। बीते साल बर्फबारी के बीच फंसे दर्जनों भारतीय और विदेशी सैलानियों को चंद्रताल से सुरक्षित रिस्क्यू करने में मयंक चौधरी की अहम भूमिका रही। चंद्रताल में उस दौरान अचानक बर्फबारी होने से कई सैलानी फंस गए थे। एसपी ने लगभग 3 फुट बर्फ के बीच माइनस 15 डिग्री तापमान में इस पूरे रेस्क्यू ऑपरेशन का खुद नेतृत्व किया। राज्य सरकार को यहां से कुड बुजुर्ग और बीमार पर्यटकों को रेस्क्यू करने के लिए भारतीय सेना से हेलिकोप्टर की मदद लेनी पड़ी थी, जबकि बाकी सैलानियों को सड़क के रास्ते रेस्क्यू किया गया था। इसके अलावा एसपी के नेतृत्व में दर्जनों बचाव अभियान को सफलतापूर्वक चलाया गया। अटल टनल बनने के बाद लाहौल पहुंचने वाले पर्यटक वाहनों का आंकड़ा अचानक लाखों की संख्या में पहुंच गया। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार नवंबर से मार्च महीने के बीच हर साल लगभग 20 से 30 लाख के बीच पर्यटक वाहनों ने अटल टनल पार कर लाहौल घाटी में प्रवेश किया। (अनंत ज्ञान)

### मृदुभाषी अधिकारी, जीता जनता का भरोसा



**एक** बेहतरीन आईपीएस अधिकारी होने के साथ-साथ मयंक चौधरी मिलनसार और मृदुभाषी व्यक्तित्व के अधिकारी हैं। बेहतरीन कार्यशैली और इनके स्वभाव ने इतने कम समय में जनता का भरोसा जीता है। लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा सहित जिले की जनता ने एसपी मयंक चौधरी को डीजीपी डिस्क अवॉर्ड के लिए नामांकित होने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

## ब्यास में गिरा उत्तर प्रदेश का पर्यटक

**मनाली।** पर्यटन नगरी मनाली में वोल्वो बस स्टैंड के समीप एक पर्यटक फोटो खिंचवाते समय अचानक ब्यास नदी में गिर गया। हालांकि, वहां मौजूद लोगों और पुलिस के जवानों ने उसे नदी से सुरक्षित बचा लिया।

जानकारी के अनुसार 34 वर्षीय बबलू पुत्र रना प्रताप निवासी चंद्रलोक साबुन गोदाम मेरठ उत्तर प्रदेश वोल्वो बस स्टैंड के समीप ब्यास नदी के किनारे फोटो खिंचवा रहा था और अचानक वह नदी में गिर गया। लगभग 200 मीटर तक बहने के बाद वह बीच नदी में फंस गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने उसे निकालने के प्रयास शुरू किए। साथ ही पुलिस को भी इसकी सूचना दी। पुलिस के जवानों ने स्थानीय लोगों की मदद से उसे बाहर निकाला। डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि युवक सुरक्षित बचा लिया है।

# कुपोषण खत्म करने के लिए सामाजिक सहभागिता जरूरी : डॉ. पद्म देव शर्मा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

कुपोषण एवं एनीमिया के स्तर पर व्यापक कमी लाने के लिए व पोषण अभियान को सफल बनाने के लिए सामाजिक सहभागिता जरूरी है।

यह शब्द आशा क्लब सरवरी में जिला स्तरीय पोषण माह के समापन कार्यक्रम में द्वीप प्रज्वलन के उपरांत जिला कार्यक्रम अधिकारी कुल्लू डॉ. पद्म देव शर्मा ने कहे। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए कहा कि इस वर्ष 7वें राष्ट्रीय पोषण माह में एनीमिया की रोकथाम, विकास निगरानी, पोषण की पढ़ाई व पूरक पोषण आदि महत्वपूर्ण विषयों पर ध्यान केंद्रित किया गया है।



कार्यक्रम में जिला परिषद अध्यक्ष पंकज परमार बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे, जिनका जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया। मुख्यातिथि ने कहा कि आंगनबाड़ी न केवल बच्चों के लिए बल्कि गर्भवती महिलाओं के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इसलिए बच्चों के सर्वांगीण विकास व पोषण के लिए माता-पिता अपने बच्चे को आंगनबाड़ी भेजना सुनिश्चित करें। किशोरियों को आज के समय में न केवल मानसिक बल्कि शारीरिक रूप से भी मजबूत होना पड़ेगा, जिसके लिए उन्हें एनीमिया जैसे रोग से स्वयं को बचाना होगा व अपने खान-पान का ध्यान रखना होगा। कार्यक्रम में कुल्लू वृत-2 के पर्यवेक्षक नरेश कौंडल ने मंच संचालन कर कार्यक्रम को सुचारु रूप से संचालित किया। इस दौरान आयुर्वेदा विभाग से रिसोर्स पर्सन के रूप में पधारे डॉ. मनीष सूद ने आयुर्वेदा के अनुसार भोजन व सही दिनचर्या की जानकारी दी।

# 10 करोड़ 23 लाख से सुधरेगी बारिंग-यागथंग संपर्क सड़क

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

लाहौल घाटी के बारिंग-तिबोक-ओथांग-यागथंग संपर्क मार्ग के अपग्रेडेशन के लिए नाबॉर्ड के अंतर्गत स्वीकृति मिल गई है।

जल्द ही इस मार्ग का कार्य शुरू होगा। 10 करोड़ 23 लाख से सड़क की हालत सुधरेगी। इस सड़क के अपग्रेडेशन से चार गांव के सैकड़ों लोगों का इसका लाभ मिलेगा। इस स्वीकृति के लिए विधायक अनुराधा राणा ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का आभार जताया। ग्रामीण सोमदेव, रणजीत व सुरेश ने बताया कि सड़क के अपग्रेडेशन से चार गांव के सैकड़ों लोगों को लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि सड़क तंग होने से ट्रैफक जाम लग जाता था। दो बड़ी गाड़ियां आ जाने से वाहन चालकों सहित ग्रामीणों को दिक्कत होती थी, लेकिन अब सभी लोगों को राहत मिलेगी।

### नाबार्ड के सहयोग से जल्द शुरू होगा मार्ग का अपग्रेडेशन

> बारिंग-तिबोक-ओथांग-यागथंग संपर्क सड़क मार्ग के अपग्रेडेशन के लिए नाबॉर्ड के अंतर्गत स्वीकृति मिल चुकी है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू सहित पीडब्ल्यूडी मंत्री विक्रमादित्य सिंह का हार्दिक आभार। कार्य को जल्द शुरू करना व तय सीमा पर समाप्त करने के लिए हम पूर्णता प्रतिबद्ध है।
>
> **अनुराधा राणा, विधायक लाहौल-स्पीति।**

# पट्टन घाटी में भालुओं का आतंक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति की पट्टन घाटी के जोबरंग, जसरथ आदि गांव में भालू व इनके शावकों ने पिछले कई सालों से आतंक मचा रखा है। इनके द्वारा गांव में फसलों और पालतू जानवरों को नुकसान पहुंचाया जा रहा है।

यह जंगली-जानवर इतने निडर हो गए हैं कि यह गांव के रिहाइशी मकानों के नजदीक आ रहे हैं, जिस कारण लोग गांव में सहमे हुए हैं। छोटे बच्चों और बुजुर्गों का बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। यह जानवर लोगों के खेतों में आकर मटर, आलू व सेब की खेती को नुकसान पहुंचा



रहे हैं, जिससे लोगों को प्रति वर्ष लाखों रुपए का नुकसान होता है। यह जानवर लोगों के घरों से पालतू जानवर भी उठा रहे हैं। स्थानीय निवासी सुरेश, सत्यपाल, पन्ना लाल, गणेश, राजिंद्र और दलीप जसपा ने बताया कि हम वन विभाग को कई बार इन को पकड़ने के लिए आग्रह कर चुके हैं, ताकि कोई जान माल का नुकसान न हो, लेकिन वन विभाग के कानो में जूं तक नहीं रेंग रही है। शायद विभाग को किसी बड़े हादसे का इंतजार हो। लोगों ने बताया कि मादा भालू हर दूसरे वर्ष दो से तीन शावकों को जन्म देती है। यदि ऐसा ही रहा, तो आने वाले समय में लोगों की कम और इन जानवरों की जनसंख्या में भारी वृद्धि होगी।

उधर, डीएफओ केलांग अंकित वानवे ने बताया कि विभाग की टीम ने मौके पर जाकर लोगों का नुकसान आंका है और लोगों की जल्द ही खेती को बचाने के लिए उन्हें सोलर फेंसिंग वाली तारें उपलब्ध करवाई जाएंगी, ताकि कोई जानवर उस इलाके में प्रवेश न कर सके।

## तीन छात्राएं खेलेंगी राज्य स्तर पर

**कुल्लू।** जिला कुल्लू के डीके स्कूल चौंग की दसवीं कक्षा की छात्रा उर्मिला का चयन राज्य स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता के लिए हुआ है। यह छात्रा 15 से 18 अक्तूबर तक जुब्बल शिमला में आयोजित होने वाली खेलकूद प्रतियोगिता में जिला कुल्लू की टीम से भाग लेगी। इसके अलावा सारिका का हाल ही में हुई जिला स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता में अच्छे प्रदर्शन के आधार पर कुल्लू की टीम में चयन हुआ है तथा पांच से नो तक सुन्नी में होने वाली राज्य-स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगी। धीक्षान ठाकुर 25 से 29 अक्तूबर एक नादौन हमीरपुर में होने वाली कुश्ती प्रतियोगिता में भाग लेगी।




**चित्रकला** — रौरिक मेमोरियल ट्रस्ट नग्गर में चंबा की हिना व उत्तराखंड की वर्षा के चित्रों की प्रदर्शनी

# प्रदेश की संस्कृति व उत्तराखंड की ऐपण के हो रहे दर्शन

**मोहन कपूर, पतलीकूहल**

अंतरराष्ट्रीय रौरिक मेमोरियल ट्रस्ट नग्गर जिला कुल्लू में शुक्रवार को हिमाचल प्रदेश के चंबा की हिना की चंबा रूमाल और उत्तराखंड की चित्रकार वर्षा की 'अभिव्यक्ति' शीर्षक चित्रकला प्रदर्शनी का उद्घाटन डॉ. रीना ने रिबन काटकर और दीप प्रज्वलित कर किया। डॉ. रीना पेशे से डॉक्टर हैं, लेकिन वे स्वयं एक चित्रकार हैं।



चंबा की हिना व उत्तराखंड की वर्षा के चित्रों की प्रदर्शनी का शुभारंभ करती हुई मुख्यातिथि।

प्रदर्शनी में हिमाचल की पारंपरिक कला, चंबा रूमाल, हिमाचल के देवी-देवताओं, ऐतिहासिक इमारतों और प्राकृतिक सौंदर्य पर बने चित्र प्रदर्शित हैं। चित्रकार हिना चंबा रूमाल में महारथ हैं। उन्होंने गोधूली और रासलीला की पुरानी परंपरा को चंबा रूमाल पर चित्रित किया है। चित्रकार ने दुपट्टा, पशमीना शॉल, बेल बूटियों पर काम किया है। उन्होंने हर प्रकार से चंबा रूमाल तैयार किया है। कलाकार ने हर एक के बारे में बताया कि इन्हें कैसे बनाया गया है। चित्रकार हिना ने फाइन आर्ट में स्नातकोतर की डिग्री की है और 16 वर्षों से चंबा रूमाल के ऊपर काम कर रही हैं। चित्रकार वर्षा ने उत्तराखंड की ऐपण आर्ट कला को प्रदर्शित किया है। इन्होंने श्री भगवद गीता थीम से अध्यात्म के ऊपर चित्र बनाए हैं। चित्रकार ने जलरंग में प्रकृति और शिमला के बहुत से चित्र बनाए हैं। अध्यात्म में चित्रकार ने जो कुछ महसूस किया उसे चित्रों के माध्यम से व्यक्त किया है कि आत्मा की एक यात्रा है। चित्रकार ने चित्र बनाने के लिए एकरलिक और जलरंग रंगों का प्रयोग किया है। (अनंत ज्ञान)


## स्पोर्ट्स विंडो

### बीसीबी प्रमुख ने कहा-शाकिब की सुरक्षा बोर्ड के हाथ में नहीं



**ढाका।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के अध्यक्ष फारूक अहमद ने स्पष्ट कर दिया है कि दिग्गज हरफनमौला शाकिब-अल-हसन के खिलाफ देश में चल रहे मामलों के कारण बोर्ड उनकी व्यक्तिगत सुरक्षा का भरोसा नहीं दे सकता है। 37 साल के शाकिब ने गुरुवार को टी-20 अंतरराष्ट्रीय से तत्काल प्रभाव से संन्यास की घोषणा और कहा कि अगर स्वदेश लौटने पर उन्हें सुरक्षा का आश्वासन दिया जाता है तो वह अक्तूबर में घरेलू मैदान पर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपना विदाई टेस्ट मैच खेलना चाहेंगे। फारूक ने कहा, ''शाकिब की सुरक्षा बोर्ड के हाथ में नहीं है। बोर्ड किसी व्यक्ति को व्यक्तिगत सुरक्षा प्रदान नहीं कर सकता। उस (स्वदेश लौटने) पर फैसला उन्हें ही लेना है। उनकी सुरक्षा सरकार के उच्चतम स्तर से होनी है।''

### ब्रावो ने खेल के सभी प्रारूपों से लिया संन्यास, केकेआर के मेंटोर बने



**नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज के दिग्गज हरफनमौला खिलाड़ी ड्वेन ब्रावो ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने की घोषणा की है। वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टीम कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) से मेंटोर (मार्गदर्शक) के तौर पर जुड़ेंगे। विश्व कप विजेता 40 साल के ब्रावो केकेआर में गौतम गंभीर की जगह लेंगे, जिन्होंने इस साल की शुरुआत में भारत के मुख्य कोच का पद संभालने के लिए यह भूमिका छोड़ दी थी। ब्रावो को चोट के कारण कैरेबियन प्रीमियर लीग के मौजूदा सत्र से बीच में ही हटना पड़ा था। उन्होंने इंस्टाग्राम पर लिखा, ''आज वह दिन है जब मैं उस खेल को अलविदा कह रहा हूं जिसने मुझे सब कुछ दिया है।'' अपने शानदार करियर के दौरान ब्रावो ने 582 टी-20 मैच खेले हैं। उन्होंने 631 विकेट लिए हैं और लगभग 7, 000 रन बनाए हैं।

### गोल्फर शुभंकर शर्मा की स्पेन ओपन में निराशाजनक शुरुआत



**मैड्रिड।** भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा ने यहां 2024 डीपी विश्व टूर पर स्पेन ओवन टूर्नामेंट के पहले दौर में तीन ओवर 74 के स्कोर से अपने अभियान की निराशाजनक शुरुआत की। अपने खेल की शरुआत बैक नाइन से करते हुए शर्मा ने पहले दो होल में डबल बोगी और बोगी कर दिया। वह इसके बाद 15वें होल में भी बोगी कर बैठे। इससे उनका स्कोर चार ओवर हो गया। शुभंकर को अब कट में जगह बनाने के लिए दूसरे दौर में अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

### स्पिरनाक के 3 .8 मिलियन फॉलोअर्स

**नई दिल्ली ।** अमेरिका की मशहूर गोल्फर पेज स्पिरनाक अपने खेल से अधिक गोल्फ कोर्स में ग्लैमर के लिए जानी जाती रही हैं। हालांकि उन्होंने गोल्फ से रिटायरमेंट ले लिया है, लेकिन सोशल मीडिया पर वह अभी भी इस खेल को लेकर चर्चा में बनी रहती हैं। इंस्टाग्राम पर स्पिरनाक का 3.8 मिलियन फॉलोअर्स हैं और लगातार अपने फोटोज और वीडियो शेयर करती रहती हैं।



### एम्मा नवारो को वाइल्ड कार्ड धारक झांग शुआई ने हराया



**बीजिंग।** डेनियल मेदवेदेव चीन ओपन के शुरुआती दौर में शुक्रवार को यहां फ्रांस के अनुभवी गेल मोनफिल्स की मुश्किल चुनौती से पार पाने में सफल रहे। रूस के इस तीसरी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने 92 मिनट तक चले मुकाबले में 6-3, 6-4 से जीत दर्ज की। 'लकी लूजर' के तौर पर मुख्य ड्रॉ में जगह बनाने वाले रोमन सफीउलिन ने तीन बार के ग्रैंड स्लैम विजेता स्टेन वावरिंका को हराकर बड़ा उलटफेर किया। उन्होंने 6-3, 6-4 से जीत दर्ज की। वह अगले दौर में शीर्ष वरीयता प्राप्त यानिक सिनर से भिड़ेंगे। महिला वर्ग में छठी वरीयता प्राप्त एम्मा नवारो को चीन की वाइल्ड कार्ड धारक झांग शुआई ने 75 मिनट में 6-4, 6-2 से हराया। झांग तीसरे दौर में बेल्जियम की ग्रीट मिनेन से भिड़ेंगी, जिन्होंने 28वीं वरीयता प्राप्त अनास्तासिया पोटापोवा को 7-5, 2-6, 6-4 से मात दी। जापान ओपन में दूसरी वरीयता प्राप्त हुबर्ट हुर्काज टोक्यो में दूसरे दौर में अमेरिकी ओपन सेमीफाइनलिस्ट जैक ड्रेपर से 4-6, 4-6, से हार गए। इस टूर्नामेंट से शीर्ष वरीयता प्राप्त टेलर फ्रिट्ज और तीसरी वरीयता प्राप्त कैस्पर रूड पहले ही बाहर हो गए है। गत चैंपियन बेन शेल्टन भी मारियानो नवोन को 6-4, 6-3 से हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए।

### प्राणवी और त्वेसा की ओपन डी फ्रांस' में औसत शुरुआत

**ड्यूविले (फ्रांस)।** भारतीय गोल्फर प्रणवी उर्स और त्वेसा मलिक ने लैकोस्टे 'ओपन डी फ्रांस' शुरुआती दौर में एक ओवर 72 के समान कार्ड के साथ औसत प्रदर्शन किए। बारिश के कारण मुश्किल परिस्थितियों में ये दोनों भारतीय खिलाड़ी संयुक्त रूप से 35वें स्थान पर है। प्राणवी चार बर्डी के मुकाबले पांच बोगी कर बैठी जबकि ने त्वेसा ने चार बोगी के मुकाबले तीन बर्डी लगाए। इंग्लैंड की बेल वार्डले, स्थानीय खिलाड़ी एम्मा ग्रेची और फॉर्म में चल रही कर्स्टन रुडगेली तालिका में संयुक्त रूप से शीर्ष पर है। इन तीनों खिलाड़ियों का स्कोर एक समान पांच अंडर 66 है।

## कानपुर टेस्ट — खराब मौसम के कारण हुआ मात्र 35 ओवर का खेल, आकाश ने झटके दो विकेट

# पहले दिन बारिश का खलल

**एजेंसी, कानपुर**

भारत और बांग्लादेश के बीच दूसरे टेस्ट मैच के शुरुआती दिन का खेल भारी बारिश के कारण शुक्रवार को यहां जल्दी समाप्त कर दिया गया। खेल रोके जाने तक बांग्लादेश ने तीन विकेट पर 107 रन बना लिये थे। बांग्लादेश ने इस दौरान लंच के बाद के सत्र में नौ ओवर के खेल में 33 रन जोड़कर कप्तान नजमुल हसन शंटो (31) का विकेट गंवा दिया।

मुशफिकुर रहीम (छह) और मोमिनुल हक (40) क्रीज पर मौजूद थे। मोमिनुल और मुशफिकुर रहीम के बीच अब तक चौथे विकेट के लिए 27 रन की साझेदारी हो चुकी है। भारत की तरफ से आकाश दीप ने दो और रविचंद्रन अश्विन ने एक विकेट झटका।

बीती रात बारिश होने के कारण आउटफील्ड गीली हो गई थी जिससे दिन का खेल एक घंटे की देरी से शुरू हुआ था।



कानपुर टेस्ट के पहले दिन भारत के खिलाफ पारी के दौरान शॉट खेलते बांग्लादेश के बल्लेबाज मोमिनुल हक।

### स्कोर बोर्ड

| बांग्लादेश (पहली पारी) | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| जाकिर क. जायसवाल ब. आकाश | 00 | 24 | 0/0 |
| इस्लाम पगबाधा ब. आकाश | 24 | 36 | 4/0 |
| हक (नाबाद) | 40 | 81 | 7/0 |
| शंटो पगबाधा ब. अश्विन | 31 | 57 | 6/0 |
| रहीम (नाबाद) | 06 | 13 | 1/0 |
| **अतिरिक्त** | 00 | | |
| **कुल : (35 ओवर)** | **107/3** | | |

**विकेट पतन :** 1-26, 2-29-, 3-80.

**गेंदबाजी :** बुमराह 9-4-19-0, सिराज 7-0-27-0, अश्विन9-0-22-1, आकाश 10-4-34-2.

### बांग्लादेश के प्रशंसक ने धक्का-मुक्की का आरोप लगाया



**भारत** और बांग्लादेश के बीच यहां खेले जा रहे दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन बांग्लादेश के एक क्रिकेट प्रशंसक को कथित तौर पर दर्शक दीर्घा में परेशान किया गया, जिसके बाद चिकित्सा सुविधा में ले जाया गया। यह प्रशंसक खुद को 'सुपर फैन रॉबी' बता रहा था। वह इस घटना के समय बाघ की पोशाक पहने हुए था और स्टैंड सी में बैठा था। उत्तर प्रदेश क्रिकेट संघ के एक अधिकारी ने कहा कि रॉबी घटनाओं का सटीक क्रम नहीं बता सका, लेकिन वह दर्द से परेशानी में था। मीडिया से बातचीत के दौरान उसने संकेत दिया कि झगड़े के दौरान उसे पेट में मुक्का मारा गया था।

## चोट अब ठीक है, अगला बड़ा लक्ष्य 2025 विश्व चैंपियनशिप : नीरज चोपड़ा

**एजेंसी, सोनीपत**

भारतीय स्टार भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा ने आगामी सत्र के लिए शत प्रतिशत फिट होने का वादा करते हुए कहा कि उनका अगला लक्ष्य 2025 टोक्यो विश्व चैंपियनशिप में पोडियम पर जगह हासिल करना है। ओलंपिक में दो बार के पदक विजेता नीरज ब्रुसेल्स में डायमंड लीग के फाइनल में दूसरे स्थान रहे थे। वह अपने मौजूदा सत्र को समाप्त कर स्वदेश वापस आ गएहैं।

टोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले नीरज ने पेरिस ओलंपिक में रजत पदक अपने नाम किया। वह लगातार दो ओलंपिक में पदक जीतने वाले भारत के पहले ट्रैक एवं फील्ड एथलीट हैं। इस 26 साल के खिलाड़ी ने हरियाणा खेल विश्वविद्यालय की 'मिशन ओलंपिक 2036' पर आयोजित एक सम्मेलन के मौके पर कहा, ''मेरा सत्र अब खत्म हो गया है। अगले साल का सबसे बड़ा लक्ष्य विश्व चैंपियनशिप है और हम इसके लिए अभी से तैयारी शुरू कर देंगे। ओलंपिक हमेशा हमारे दिमाग में रहता है, लेकिन उसके लिए हमारे पास चार साल हैं।'' विश्व चैंपियनशिप अगले साल 13 से 21 सितंबर तक आयोजित होने वाली है। चोपड़ा पूरे साल मांसपेशियों की चोट से जूझते रहे और इससे ओलंपिक और डायमंड फाइनल दोनों में उनका प्रदर्शन प्रभावित हुआ। डायमंड लीग फाइनल में उन्होंने टूटे हुए बाएं हाथ के साथ भी प्रतिस्पर्धा की थी। उन्होंने सत्र के अंत में डॉक्टरों से सलाह लेने की बात कही थी ताकि यह तय किया जा सके कि चोट से उबरने के लिए सर्जरी की जरूरत होगी या नहीं।



फाइल फोटो

## अश्विन-जडेजा की जोड़ी खेल का नतीजा तय करती : मैक्सवेल

**एजेंसी, नई दिल्ली**



ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल को लगता है कि आगामी बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया की सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि मेजबान टीम के बल्लेबाज भारत की शीर्ष स्पिन जोड़ी रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा से किस तरह निपटते हैं।

भारत ने 2018-19 और 2020-21 के दौरे पर ऐतिहासिक जीत दर्ज की थी और अब टीम की निगाहें लगातार तीसरी सीरीज कब्जाने पर लगी हैं। बल्कि भारत एशिया का एकमात्र देश है जिसने टेस्ट सीरीज में ऑस्ट्रेलिया को उसकी सरजमीं पर शिकस्त दी है। मैक्सवेल ने कहा कि अकसर अश्विन और जडेजा की जोड़ी खेल का नतीजा तय करती है।

मैक्सवेल ने कहा, ''मेरा मानना है कि लंबे समय तक अश्विन और जडेजा जैसे गेंदबाजों के खिलाफ खेलने के बाद ऐसा लगता है कि हमने लगातार इन दोनों का सामना किया है। और अकसर उनके खिलाफ हमारा प्रदर्शन मैच का नतीजा तय करता है।''मैक्सवेल हालांकि अब ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट क्रिकेट की योजना का हिस्सा नहीं हैं और 2017 में अपना अंतिम टेस्ट खेलने के बाद उन्होंने कहा कि उनके देश के बल्लेबाजों को भारत के सीनियर स्पिनरों के खिलाफ बेहतरीन बल्लेबाजी करनी होगी।

अश्विन और जडेजा ने मिलकर 330 पारियों में 821 विकेट झटके हैं।

## डीएवी भड़ोली में दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता शुरू

**अनंत ज्ञान, नादौन**

डीएवी भड़ोली में डीएवी स्टेट लेवल टूर्नामेंट के अंतर्गत बास्केटबॉल, शतरंज एवं बैडमिंटन टूर्नामेंट बॉयज एंड गर्ल्स का शुभारंभ धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत डीएवी गान से की गई। विभिन्न डीएवी स्कूलों से आई टीमों ने मार्च पास्ट करके खेल ध्वज को सलामी दी।

डॉ. ओपी सौंधी ने बतौर मुख्यातिथि के रुप में शिरकत की। स्कूल के प्रिंसिपल सुरजीत कुमार राणा ने मुख्यातिथि, मैनेजर ऑफ द स्कूल नमित शर्मा व विभिन्न डीएवी स्कूलों से आए हुए प्रिंसिपल को पुष्पगुष्छ देकर उनका स्वागत किया। इस विशेष अवसर पर डीएवी मेनई प्रिंसिपल दिनेश कौशल पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित हुए। एलएमसी मेंबर दिनेश कुमार ठाकुर भी उपस्थित रहे। मुख्यातिथि डॉक्टर ओपी सौंधी ने खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस प्रतियोगिता में डीएवी अम्बोटा प्रिंसिपल नमित शर्मा ,डीएवी धर्मशाला प्रिंसिपल विपिन जिस्टू, डीएवी भरमौर प्रिंसिपल विक्रम सिंह, डीएवी मेनई प्रिंसिपल दिनेश कौशल विशेष रूप से उपस्थित रहे।



इस प्रतियोगिता में हिमाचल के 7 क्लस्टरों के प्रतिभागियों ने अपना प्रतिनिधित्व किया। बास्केटवॉल का पहला मैच अंडर 17 बॉयस क्लस्टर 1 और 2 के बीच हुआ। दूसरा मैच अंडर 14 क्लस्टर 2 और क्लस्टर 5 का हुआ। क्लस्टर 5 विनर रहा। अगला मैच अंडर-14 में क्लस्टर 4 और क्लस्टर 1 के बीच हुआ । क्लस्टर 4 विनर रहा।

अंडर 17,19 गर्ल्स में क्लस्टर 3 विनर रहा। वहीं बैडमिंटन में विजेता टीमों में अंडर-14 बॉयज में क्लस्टर 3 विजेता रहा। अंडर 17 बॉयज एंड गर्ल्स दोनों टीमों में कड़ा मुकावला देखने को मिला। वहीं शतरंज में जो क्लस्टर लीड कर रहे हैं उनमें गर्ल्स अंडर 14 में क्लस्टर 7 फर्स्ट । क्लस्टर 3और 5 सेकेंड क्लस्टर 4 थर्ड रहा।

### महिला टी-20 विश्व कप भारत-पाक मैच में शेरिडन और एजेनबैग होंगी मैदानी अंपायर

**दुबई।** ऑस्ट्रेलिया की एलोइस शेरिडन और दक्षिण अफ्रीका की लॉरेन एजेनबैग को अगले महीने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में होने वाले महिला टी-20 विश्व कप के भारत-पाकिस्तान मैच के लिए मैदानी अंपायर नियुक्त किया गया है। वेस्टइंडीज की जैकलीन विलियम्स छह अक्तूबर को दुबई अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में खेले जाने वाले इस अहम मैच की टेलीविजन अंपायर होंगी।

आईसीसी ने शुक्रवार को तीन से 20 अक्तूबर तक होने वाले टूर्नामेंट के लिए मैच अधिकारियों की सूची जारी की। इस विश्व कप के लिए सभी मैच अधिकारी महिलाएं हैं। इसमें तीन रेफरी और 10 अंपायर शामिल हैं। भारत की ओर से जीएस लक्ष्मी मैच रेफरी, जबकि वृंदा राठी अंपायरिंग की भूमिका में होंगी टूर्नामेंट का आगाज बांग्लादेश बनाम स्कॉटलैंड मैच से तीन अक्टूबर को होगा।

## मकाऊ ओपन : त्रिसा-गायत्री की जोड़ी सेमीफाइनल में



**एजेंसी, मकाऊ**

भारत के किदांबी श्रीकांत शुक्रवार यहां मकाऊ ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल से बाहर हो गए, लेकिन त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की महिला जोड़ी सेमीफाइनल में पहुंची।

मई में लगी चोट से वापसी कर रहे छठे वरीय श्रीकांत पुरुष एकल मुकाबले में हांगकांग के निग का लोंग एंगस के खिलाफ लय हासिल करने में संघर्ष करते दिखे और महज 31 मिनट में 16-21, 12-21 से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए।

त्रिसा और गायत्री की तीसरी वरीय जोड़ी ने महिला युगल क्वार्टरफाइनल में चीनी ताइपे की छठी वरीय सु यिन हुई और लोन जिह युन की जोड़ी को 21-12, 21-17 से शिकस्त दी।

टूर्नामेंट में भारतीयों में अब बस त्रिसा और गायत्री की जोड़ी की ही चुनौती बची है। सेमीफाइनल में उनका सामना सिएह पेई शान और हुंग एन जु की चीनी ताइपे की जोड़ी से होगा। यह जोड़ी मई-जून में सिंगापुर ओपन सुपर 750 में भी अंतिम चार में पहुंची थी।

### युवराज संधू ताइपे में संयुक्त दूसरे स्थान पर



**ताइपे।** भारत के युवराज संधू ताइवान में येंगडर टीपीसी गोल्फ टूर्नामेंट के पहले दौर सात अंडर-65 का शानदार कार्ड खेलने के बाद संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर है। युवराज ने शुरुआती चार होल में तीन बर्डी लगाकर शानदार आगाज किया। उन्होंने आखिरी सात होल में पांच बर्डी और एक बोगी लगाकर 65 का कार्ड खेला। वह तालिका में शीर्ष पर काबिज थाईलैंड के सुतीपत प्रतीसिएंचाई (आठ अंडर 64) से एक शॉट पीछे है। चीनी-ताइपे के वांग वेई-ह्वान सात अंडर 65 का कार्ड खेल संधू के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर है। युवराज के अलावा टूर्नामेंट में भाग ले रहे अन्य खिलाड़ियों ने भी अच्छा प्रदर्शन किया।

अजितेश संधू (67) और करणदीप कोचर (67) संयुक्त छठे स्थान पर हैं जबकि शिव कपूर (68) संयुक्त 14वें स्थान पर हैं। राशिद खान (70) संयुक्त 46वें, गगनजीत भुल्लर (71) संयुक्त 67वें कट में जगह बनाने की दौड़ में है। एसएसपी चौरसिया (75) संयुक्त 128वें, एस चिक्कारंगप्पा (76) संयुक्त 137वें और वरुण चोपड़ा (82) संयुक्त 150वें के लिए कट में प्रवेश करना मुश्किल होगा।

## फुटबॉल — यूरोपा लीग में काराबाग को 3-0 से हराया, डिफेंडर ड्रैगुसिन को मिला रेड कार्ड

# दस खिलाड़ियों के साथ टोटेनहम ने दर्ज की जीत

**एजेंसी, लंदन**

टोटेनहैम ने यूरोपा लीग फुटबॉल मैच में 8वें मिनट के बाद 10 खिलाड़ियों के साथ खेलने के बावजूद अजरबैजान की टीम काराबाग पर 3-0 की जीत दर्ज की। डिफेंडर राडू ड्रैगुसिन को 8वें मिनट में जुनिन्हो को आक्रामक अंदाज में नीचे गिराने के कारण रैफरी ने रेड कार्ड दिखाया, जिससे उन्हें मैदान से बाहर जाना पड़ा। मेजबान टीम पर हालांकि इसका ज्यादा असर नहीं हुआ और उसने चार मिनट बाद ही गोल कर दिया।

ब्रेनन जॉनसन के इस गोल के बाद दूसरे हाफ की शुरुआत में पैप सार ने कॉर्नर किक पर बढ़त को दोगुना कर दिया और डोमिनिक सोलांके ने 68वें में रिबाउंड पर गोल कर टीम को 3-0 की बढ़त दिला दी।

अन्य मैचों में रोमा की टीम एक गोल की अपनी बढ़त को बरकरार नहीं रख सकी और उसने एथलेटिक बिलबाओ के साथ 1-1 से ड्रॉ खेला। एजेक्स ने बेसिक्टास को 4-0 से हराया तो वही विक्टोरिया पिल्सेन और आइंट्राच्ट फ्रैंकफर्ट का मुकाबला 3-3 की बराबरी पर छूटा।



मैच जीतने के बाद खुशी मनाते खिलाड़ी।

### एटलेटिको मैड्रिड ने सेल्टा विगो को 1-0 से हराया

**मैड्रिड।** जूलियन अल्वारेज के आखिरी क्षणों में किए गए गोल से एटलेटिको मैड्रिड ने स्पेन की शीर्ष घरेलू फुटबॉल टूर्नामेंट ला लीगा में सेल्टा विगो को 1-0 से हराया। अल्वारेज ने मैच का इकलौता गोल 90वें मिनट में किया। उन्होंने एंटोइन ग्रीजमैन के पास को गोल पोस्ट में डाल कर टीम की जीत पक्की की। विलारीयाल ने एक गोल से पिछड़ने के बाद अयोजे पेरेज के दो गोल की मदद से एस्पेनयॉल को 2-1 से शिकस्त दी। परेज मौजूदा सत्र में सात मैचों में छह गोल कर चुके हैं। तालिका में आखिरी स्थान पर काबिज लास पाल्मास को अब भी सत्र की पहली जीत का इंतजार है। टीम ने रीयाल बेटिस के खिलाफ 1-1 से बराबरी का मुकाबला खेला।